www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆
2 | छत्तीसगढ़
4 | अभिव्यक्ति
11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 03 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 342 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

एक प्रोफेसर के भरोसे चल रहा एमए छत्तीसगढ़ी कोर्स, पढ़ाई प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में संचालित एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कोर्स शुरू हुए तीन साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक विभाग में पर्याप्त प्रोफेसरों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। वर्तमान में करीब 23 छात्र इस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं, जिन्हें केवल एक ही प्रोफेसर के भरोसे पढ़ाई करनी पड़ रही है।

शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर: जानकारी के मुताबिक, विभाग में स्वीकृत पदों की संख्या सीमित होने के चलते फिलहाल एक ही प्रोफेसर पदस्थ है। यही प्रोफेसर पाठ्यक्रम के सभी विषयों की कक्षाएं ले रहा है। ऐसे में छात्रों को विषय विशेषज्ञों से पढ़ने का अवसर नहीं मिल पा रहा, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है।

एक ही पद स्वीकृत

इस संबंध में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार सुनील शर्मा ने बताया कि एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम के लिए फिलहाल एक ही पद स्वीकृत है और उसी के तहत एक प्रोफेसर की नियुक्ति की गई है, जो सभी विषयों का अध्यापन करवा रहे हैं।

विषयवार विशेषज्ञ प्रोफेसरों की नियुक्ति की मांग

छात्रों का कहना है कि एक ही शिक्षक द्वारा सभी विषय पढ़ाए जाने से विषयों को गहराई से समझना मुश्किल हो जाता है। कई बार कक्षाओं की निरंतरता और परीक्षा की तैयारी भी प्रभावित होती है। छात्रों और अभिभावकों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से जल्द से जल्द विषयवार विशेषज्ञ प्रोफेसरों की नियुक्ति की मांग की है।

छत्तीसगढ़ी भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की भाषा, साहित्य और संस्कृति का व्यापक अध्ययन कराया जाता है। इसमें छत्तीसगढ़ी भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, ध्वनि संरचना, साहित्य का इतिहास, पत्रकारिता, लोक परंपरा, लोक साहित्य, काव्य, आलोचना, उपन्यास, कहानी और नाटक जैसे विषय शामिल हैं। यह कोर्स विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ता है।

जग्गी हत्याकांड : 23 साल बाद बड़ा फैसला

अमित जोगी दोषी करार, तीन हफ्ते में सरेंडर करें: हाई कोर्ट

रायपुर/बिलासपुर/नव-प्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित एनसीपी नेता स्व. रामअवतार जग्गी हत्याकांड में 23 साल बाद एक अहम और बड़ा फैसला आया है। छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने पूर्व के आदेश को पलटते हुए सीबीआई की अपील को स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने हत्याकांड के प्रमुख आरोपी अमित जोगी को तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का कड़ा आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस मामले की फाइल दोबारा खोलकर सुनवाई की जा रही है।

डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई: चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। बेंच ने जग्गी हत्याकांड के आरोपी अमित जोगी और याचिकाकर्ता सतीश जग्गी को नोटिस जारी कर अपने अधिवक्ता के साथ कोर्ट में उपस्थित होने का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एक नजर में जग्गी हत्याकांड

- **4 जून 2003:** एनसीपी कोषाध्यक्ष रामअवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या।
- **दोषी करार:** अभय गोयल, याहया ढेबर, वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, सूर्यकांत तिवारी सहित कुल 28 लोग दोषी पाए गए।
- **31 मई 2007:** निचली अदालत द्वारा प्रमुख आरोपी अमित जोगी को किया गया बरी।
- **2011:** हाई कोर्ट द्वारा राज्य शासन, सीबीआई और सतीश जग्गी की याचिकाएं देरी के आधार पर खारिज।
- **सुप्रीम कोर्ट का दखल:** देरी को क्षमा करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को गुण-दोष के आधार पर पुनर्विचार के निर्देश दिए।
- **वर्तमान स्थिति:** बिलासपुर हाई कोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार की, अमित जोगी को 3 सप्ताह में सरेंडर का आदेश।

एक्स पर अमित ने लिखा मेरे साथ अन्याय हुआ

आज माननीय उच्च न्यायालय ने मेरे विरुद्ध सीबीआई की अपील को मात्र 40 मिनट में स्वीकार कर लिया-बिना सुनवाई का अवसर दिए। मुझे खेद है कि, जिस व्यक्ति को अदालत ने दोषमुक्त किया था, उसे बिना सुनवाई का एक भी अवसर दिए दोषी करार दिया गया। यह अप्रत्याशित है। अदालत ने मुझे 3 सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का समय दिया है। मुझे लगता है कि मेरे साथ गंभीर अन्याय हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि सर्वोच्च न्यायालय से मुझे न्याय अवश्य मिलेगा।

... और इधर सतीश बोले आखिरकार सत्य मेव जयते

जग्गी हत्याकांड को लेकर गुरुवार 2 अप्रैल को हाईकोर्ट अमित जोगी सरेंडर करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिविजन बेंच ने यह फैसला दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश पर स्व. रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कहा है कि, अंतत: सत्य की जीत हुई है। श्री जग्गी ने कहा कि, आज हनुमान जयंती के दिन मुझपर उनकी विशेष कृपा हुई। मेरा और मेरे परिवार की 20 साल की तपस्या पूरी हुई है।

आज बेबाक

जैसे अकल से पैदल नेता होते हैं वैसे अकल के अंधे उनकी पार्टी के प्रवक्ता होते हैं। अपने नेता की चमचागिरी में सारी हदें पार कर देते हैं। चढ़ जा बेटा सूली पर कहकर उन्हें चने के झाड़ में चढ़ा देते हैं। जहां से नेता औंधे मुंह धडाम से गिर जाते हैं। सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने एक रैली में दावा किया है कि अखिलेश यादव न सिर्फ यूपी के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं बल्कि वे देश के प्रधानमंत्री भी बनेंगे। गनीमत है कि उन्होंने ये नहीं कहा कि टीपू आगे चलकर ट्रंप की जगह अमेरिका के राष्ट्रपति बनेंगे।

राष्ट्र के नाम संबोधन में बोले ट्रंप:-समझौता नहीं किया तो पाषाण युग में पहुंचा देंगे

ट्रम्प बोले- ईरान पर जीत हासिल की, उनकी सेना हमारे कंट्रोल में

■ व्हाइट हाउस से 19 मिनट राष्ट्र को किया संबोधित

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन/वार्ता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा। ट्रम्प ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका, ईरान को स्टोन एज, यानी पाषाण काल में भेज देगा। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान में 100 साल पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला

ईरान की राजधानी तेहरान में 100 साल पुराने मेडिकल रिसर्च सेंटर पर हमला हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 'पाश्चर इंस्टीट्यूट ऑफईरान' को निशाना बनाया गया, जिससे इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

ट्रम्प के संबोधन की 7 बड़ी बातें

- ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नेवी खत्म, सेना हमारे कंट्रोल में
- उनके सभी बड़े नेता मारे गए, वहां सत्ता परिवर्तन हो चुका है
- ईरान ने अपने 45 हजार लोगों की हत्या की
- ईरान को परमाणु ताकत नहीं बनने देंगे
- अगर समझौता नहीं हुआ तो उन्हें तबाह कर देंगे
- जिन्हें होर्मुज से तेल चाहिए वे उसकी रक्षा करें, हमें उसकी जरूरत नहीं
- सऊदी अरब और बहरीन को अकेला नहीं छोड़ेंगे

रूस बोला-ईरान युद्ध खत्म कराने को तैयार

ईरान युद्ध के बीच रूस ने कहा है कि वह इस संघर्ष को खत्म कराने में मदद के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन क्षेत्रीय नेताओं के संपर्क में हैं। पेसकोव ने कहा कि रूस ऐसी किसी भी पहल में योगदान देने को तैयार है, जिससे मौजूदा सैन्य टकराव को जल्द शांति की दिशा में बदला जा सके। उन्होंने बताया कि रूस स्थिति पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा सकता है। रूस की इस पेशकश को क्षेत्र में शांति बहाल करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

ईरान बोला-अमेरिका हमारे एडवांस हथियारों को छू भी नहीं पाया

अमेरिका और इजराइल के हमलों के बीच ईरान ने दावा किया है कि उसके एडवांस हथियार अब भी सुरक्षित हैं और दुश्मन उन्हें छू भी नहीं पाया है। ईरान की खातम अल-अनबिया हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, वे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नहीं थे। असली सैन्य उत्पादन और एडवांस हथियारों के केंद्र ऐसी जगहों पर हैं, जिनकी जानकारी दुश्मन को नहीं है। ईरान ने कहा कि उसकी सैन्य क्षमता अभी सामने नहीं आई है और वह जरूरत पड़ने पर अपनी असली ताकत दिखा सकता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने दावा किया है कि उसने ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर कर दिया है।

ईरान बोला-जंग, बातचीत और सीजफायर के चक्र में नहीं फंसेंगे

ईरान ने कहा है कि वह जंग, बातचीत और सीजफायर के बार-बार दोहराए जाने वाले चक्र में नहीं फंसेगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बाघेई ने कहा कि यह पैटर्न अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष सिर्फईरान ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए विनाशकारी है। ऐसे में जब तक अमेरिका और इजराइल के हमले जारी रहेंगे, ईरान भी मजबूती से जवाब देता रहेगा। बाघेई ने यह भी दोहराया कि ईरान अपने पड़ोसी खाड़ी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है, लेकिन अमेरिका और इजराइल इन देशों के इलाकों का इस्तेमाल ईरान पर हमलों के लिए कर रहे हैं।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने लॉन्च की नई वेबसाइट

नई दिल्ली/ए.। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने गुरुवार को नई वेबसाइट लॉन्च की। इस वेबसाइट को एआई असिस्टेंट 'कर साथी' के साथ लॉन्च किया गया है। इससे टैक्स भरना पहले के मुकाबले आसान हो जाएगा। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स 'पर की गई एक पोस्ट में कहा गया कि नई इनकम टैक्स वेबसाइट शुरू हो चुकी है। यह नेविगेट करने में आसान और उपयोग करने में तेज है। इसमें इनकम टैक्स से जुड़ी सारी जानकारी एक ही स्थान पर मौजूद है।

छग सरकार ने बनाया नया प्रारूप: लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी 25 हजार तक मासिक सम्मान राशि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र सेनानियों को मासिक सम्मान निधि मिलेगी। यह राशि आपातकाल के दौरान जेल में रहने की अवधि के आधार पर तय होगी। कम से कम 8 हजार रुपए से लेकर अधिकतम 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए 'छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम, 2026' का प्रारूप तैयार कर लिया है। इस प्रस्तावित नियम के मुताबिक जेल की अवधि के आधार पर राशि तय होगी। नियमों के अनुसार, सम्मान राशि को निरुद्ध रहने की अवधि के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। 1 माह से कम अवधि: 8 हजार रुपए प्रति माह। 1 माह से 5 माह तक: 15 हजार प्रति माह 15 माह या उससे अधिक पर 25 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु के बाद उनके पति या पत्नी को इस राशि की आधी रकम आजीवन प्राप्त होगी। सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समान ही चिकित्सा सुविधाएं देने का निर्णय लिया है।

पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क की छूट

■ एनर्जी संकट को देखते हुए केंद्र का बड़ा फैसला, इंपोर्ट ड्यूटी में छूट की घोषणा

नई दिल्ली (वार्ता)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक सप्लाई चेन में आई बाधाओं के बीच केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून 2026 तक पूरी कस्टम ड्यूटी छूट देने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सप्लाई और लागत संतुलन पर फोकस: मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह कदम अस्थायी और लक्षित राहत के तौर पर उठाया गया है, ताकि देश में जरूरी पेट्रोकेमिकल कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे, डाउनस्ट्रीम उद्योगों पर लागत का दबाव कम हो और सप्लाई स्थिर रह सके। छूट वाले प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों में एनहाइड्रस अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमीथेन, विनाइल क्लोराइड मोनोमर, मेथनॉल, आइसोप्रोपिल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कई सेक्टर्स को मिलेगा फायदा

सरकार के अनुसार, इस फैसले से प्लास्टिक, पैकेजिंग, टेक्सटाइल, फार्मास्युटिकल, केमिकल, ऑटो कंपोनेंट्स और अन्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर्स को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिल सकती है।

शराब-घोटाला: कवासी-चैतन्य समेत 59 लोगों के ईडी ने दर्ज किए बयान

■ 28 आबकारी अधिकारी भी शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आज ईडी के स्पेशल कोर्ट में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, चैतन्य बघेल समेत 59 आरोपी कोर्ट में पेश हुए। इसमें 28 आबकारी अधिकारी भी शामिल हैं। सभी का धारा 88 के तहत बयान दर्ज किया गया है। इस मामले में अब कुल 82 आरोपी बनाए गए हैं। एडवोकेट फैजल रिजवी ने बताया कि कोर्ट के सामने पहले से ही अभियोग पत्र पेश है। ईडी ने फाइनल अभियोग पत्र दाखिल किया है, जिसमें पहले 23 आरोपी थे, अब बढ़ाकर 59 कर दिए गए हैं। जांच के दौरान इन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया था और बिना गिरफ्तारी के ही चार्जशीट पेश की गई है। अधिकतर आरोपियों ने सीआरपीसी के तहत आवेदन भी लगाया है।

तीन दिन पहले शराब निर्माता कंपनियों के खिलाफ हुई थी कार्रवाई: इससे तीन दिन पहले ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई करते हुए दो शराब निर्माता कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। उनके ट्रक जब्त किए थे। इसके अलावा, शराब ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पश्चिम बंगाल में 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर बंधक

■ सुप्रीम कोर्ट नाराज: कहा- हमें पता है उपद्रवी कौन

■ वोटर लिस्ट से नाम कटने पर लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

कोलकाता/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला। यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ढह गई है। बेंच ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से उनकी निष्क्रियता पर जवाब मांगा। दरअसल, 7 न्यायिक अधिकारी बुधवार को मालदा के बीडीओ ऑफिस पहुंचे थे। इनमें तीन महिलाएं थीं। तभी वोटर लिस्ट में नाम कटने के विरोध में हजारों लोगों ने ऑफिस को घेर लिया। मालदा में लगातार दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। गुरुवार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोयला तस्करी मामला: आई-पैक के ठिकानों पर ईडी की रेड

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के कोयला तस्करी घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 को एक बार फिर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। केंद्रीय एजेंसी ने राजनीतिक सलाहकार फर्म आई-पैक से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई हैदराबाद, बेंगलुरु और दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों में की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, यह छापेमारी कथित तौर पर अवैध कोयला खनन और उसकी तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए की जा रही है।

गरमा-गरम

योजना : नए सत्र 2026-27 से लागू करने की तैयारी

एक्टिविटी के रूप में तीसरी कक्षा से बच्चों को देंगे एआई शिक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा में बड़ा बदलाव करते हुए अब तीसरी कक्षा से ही बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कंप्यूटेशनल थिंकिंग सिखाने की तैयारी की जा रही है। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इसे लागू किया जा सकता है। शुरुआत में यह पहल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालयों में लागू करने की योजना है।

जानकारी के अनुसार, फिलहाल एआई को एक अलग विषय के रूप में नहीं बल्कि एक्टिविटी आधारित लर्निंग के तौर पर शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य कम उम्र में बच्चों की सीखने और समझने की क्षमता को विकसित करना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद से ही इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी गई थी।

शिक्षकों को भी मिलेगी एआई की ट्रेनिंग

शिक्षा में डिजिटल स्किल्स को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को भी एआई और साइबर सुरक्षा से जुड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सभी शिक्षकों को 50 घंटे का अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें डिजिटल कौशल और साइबर ठगी से बचाव भी शामिल होगा।

दीक्षा पोर्टल से होगा प्रशिक्षण

शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दीक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम बोर्ड परीक्षाओं के बाद शुरू किया जाएगा और यह सतत व्यावसायिक विकास का हिस्सा होगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में भी छठवीं कक्षा से एआई को पाठ्यक्रम में शामिल करने की योजना पर विचार किया जा रहा है, जिससे छात्रों को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार किया जा सके।

4 से 6 माह में तैयार होगा पाठ्यक्रम

एआई और सीटी से जुड़े कोर्स और बेसिक किताबें अगले चार से छह महीनों में तैयार कर ली जाएंगी। इसके साथ ही शिक्षकों के चयन और प्रशिक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि बच्चों को प्रभावी तरीके से पढ़ाया जा सके। इस दिशा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के प्रोफेसर कार्तिक रमन की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई है, जो एआई और सीटी पाठ्यक्रम विकसित करेगी।

2 करोड़ 14 लाख का अफीम पोस्त बरामद, 2 गिरफ्तार

■ 1432 किलो अफीम पोस्त डोडा बरामद

बसना/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमा पर पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने बड़ी सफलता हासिल की है। संयुक्त कार्रवाई में करोड़ों रुपये की अफीम पोस्त डोडा की खेप पकड़ी गई है। पिकअप वाहन में ट्रक जैसी सुरक्षा बनाकर ले जाए जा रहे इस नशे को झारखंड से रायपुर खपाने की तैयारी थी, लेकिन रेहटीखोल चेकपोस्ट में पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

पुलिस ने तलाशी के दौरान पिकअप वाहन से कुल 1432 किलो अफीम पोस्त डोडा बरामद किया है, जिसकी बाजार कीमत 2 करोड़ 14 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। तस्कर नशे को साधारण सामान की तरह छिपाकर बेहद सुरक्षित तरीके से सीमा पार ले जा रहे थे, जिससे यह साफ होता है कि यह एक संगठित और सक्रिय नेटवर्क का हिस्सा था। पुलिस ने वाहन से हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भावना बोहरा के प्रयासों से वनांचल क्षेत्रों में विकास को मिलेगी रफ्तार, 4.02 करोड़ स्वीकृति

■ पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में सशक्त हो रहे ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र,

■ 4.02 करोड़ रु. से अधिक के विकास व अधोसंरचना कार्यों की मिली स्वीकृति

कवर्धा/ नवप्रदेश। पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, अधोसंरचना निर्माण एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर स्वीकृति मिल रही है। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की सुविधा व उनकी बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए विधायक निधि से 1 करोड़ 48 लाख 4 हजार रु. की स्वीकृति दी है वहीं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 12 विकास व अधोसंरचना निर्माण हेतु 1 करोड़ 30 लाख 65 हजार और मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा में 6 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु 1करोड़ 24 लाख 19 की स्वीकृति मिली है। इस प्रकार कुल 4 करोड़ 2 लाख 88 हजार की स्वीकृति मिली है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी साथ ही जनता को सुगम आवागमन व मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि अंत्योदय के लक्ष्य और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण हेतु कटिबद्ध डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा, निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा में सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु 1करोड़ 24 लाख 19 हजार रुपए की सौगात देने के लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इसके साथ ही राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 1 करोड़ 30 लाख 65 हजार की स्वीकृति से विभिन्न ग्रामों में सी.सी. रोड, नाली व पुलिया निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मैं माननीय राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी का भी आभार व्यक्त करती हूं। इन विकास कार्यों से गांवों में बेहतर सुविधा, बारिश के समय जलभराव से राहत, किसानों, विद्यार्थियों और आमजनों को सुगम आवागमन की

सुविधा मिलेगी। हर गांव तक सुविधाओं का विस्तार करना और जनाकांक्षाओं को पूरा करना ही हमारा लक्ष्य है इसके लिए विधायक निधि से 1 करोड़ 48 लाख 4 हजार रु. की स्वीकृति से गाँव-गाँव तक विकास सुनिश्चित होगा। जनता को योजनाओं का लाभ मिले, नगर व गांव का सर्वांगीण विकास हो, अधोसंरचना निर्माण से क्षेत्र की प्रगति निरंतर जारी रहे और पंडरिया विधानसभा समृद्ध हो इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं।विधायक भावना बोहरा ने बताया कि वर्तमान समय में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लगभग 500 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है जिसमें कुछ पूर्ण हो चुके हैं कुछ टेंडर प्रक्रिया है और कुछ प्रगति पर हैं जिन्हें जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इस वर्ष मुख्य बजट में 200 किलोमीटर अतिरिक्त सड़क निर्माण को भी स्वीकृति मिली है। क्षेत्र में किसानों की सिंचाई व पेयजल आपूर्ति के लिए 300 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं चल रही हैं। सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य हेतु 78 करोड़ की स्वीकृति मिली है जिससे 54 से अधिक सुखा ग्रस्त गाँव के किसान व ग्रामवासियों को सिंचाई तथा पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों की बात करें तो 100 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण, 3500 नए पीएम आवास, पेयजल आपूर्ति के लिए 15 पानी टैंकर की सुविधा, वनांचल के 11 विद्युत विहीन गाँव तक बिजली की पहुँच सुनिश्चित हुई हैं। वनांचल क्षेत्रों में इन्हीं सार्थक प्रयासों और विकास व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से आज 400 से अधिक आदिवासी परिवारों ने घर वापसी कर पुनः अपने मूल धर्म में प्रवेश किया। नगरीय निकाय क्षेत्रों की बात करें तो पंडरिया एवं पांडातराई में बाईपास का निर्माण, बहुप्रतीक्षित हरिनाला पुल का निर्माण, नालंदा लाइब्रेरी की स्वीकृति, मिनी स्टेडियम, व्यावसायिक परिसर, नगर पालिका पंडरिया हेतु नवीन भवन की स्वीकृति जैसे कई विकास व अधोसंरचना के कार्य हो रहे हैं साथ ही मूलभूत सुविधाओं की पहुँच भी जनता तक सुनिश्चित हो रही है।

न्यूज गैलरी

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत सहसपुर लोहारा में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश । बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के सभागृह में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत सचिवों, सरपंचों, पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत में परियोजना अधिकारी सहसपुर लोहारा, सुश्री रीना ठाकुर द्वारा बाल विवाह से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों, शिकायत दर्ज करने हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों तथा पंचायत स्तर पर आवश्यक रजिस्टर संधारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।कार्यशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा श्री शिव कुमार साहू ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की शपथ दिलाई।

सामाजिक योगदान के लिए प्रपा रामलाल साहू का सम्मान

खैरागढ़ / नवप्रदेश ।। जिले के प्राथमिक शाला कट्ठहा नवागांव के प्रधान पाठक रामलाल साहू द्वारा शैक्षिक गतिविधि में उत्कृष्ट कार्य करने एवं समाजिक उत्थान ,बेहतरी के लिए लगातार ग्रामीण एवं तहसील स्तर पर योगदान के लिए तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामुहिक विवाह कार्यक्रम इरईकला में सम्मान किया गया । कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव जितेन्द्र साहू ,प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू, भागवत साहू, दिलीप साहू द्वारा प्रपा रामलाल साहू को शाल श्रीफल और स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । .रामलाल साहू विगत वर्ष मुख्यमंत्री गौरव अलंकार संभाग से उत्कृष्ट प्रधान पाठक का सम्मान प्राप्त कर चुके है ।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपत्तिकर भुगतान के लिए एक माह की छुट

राजनांदगांव / नव प्रदेश। नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात 31 मार्च तक करो का भुगतान करने पर किसी प्रकार का अधिभार नहीं लिया जाता है। आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दिनांक 30 मार्च 2026 को आदेश जारी कर इस माह की विशेष छूट के तहत 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छुट प्रदान की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगरीय निकायों को देय संपत्तिकर की अधिकतम वसूली एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर विशेष छुट प्रदान करने के निर्देश प्राप्त हुये है। निर्देश में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तथा जनगणना 2027 की प्राथमिक तैयारियो एवं मान. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में एनीमल बर्थ कंट्रोल रूल के क्रियान्वयन आदि कार्यो में निकायो के अधिकारी व कर्मचारी भी संलग्न रहे, जिसके फलस्वरूप राजस्व आय संग्रहण प्रभावित रही।

अवैध शराब के विरुद्ध 746 प्रकरण दर्ज,18 वाहन जब्त

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश । आबकारी विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 427.56 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है जो गतवर्ष की तुलना मे 33.04% अधिक है। अवैध शराब के विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की गईजिले में 5 नवीन मदिरा दुकान क्रमशः देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान लाहोद, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान गिधपुरी, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान करहीबाजार,देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान हथबंद एवं प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान भाटापारा आबकारी विभाग द्वारा संचालित की जा रही है।इन दुकानों के संचालन से आबकारी विभाग को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है।वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 746 अपराधिक प्रकरण कायम कर 6124.81 बल्क लीटर अवैध शराब,47730 किलोग्राम लाहन तथा 18 वाहन जप्त किया गया है।नवीन वित्तीय वर्ष 2026-27 में विदेशी मदिरा (चीप रेंज)एवं देशी मदिरा (मसाला एवं प्लेन) के विक्रय दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। माल्ट (बीयर)एवं मीडियम व हाई रेंज के विक्रयदर में बढ़ोत्तरी की गई है।

नए शराब दुकानों के खिलाफ फूटा महिलाओं का गुस्सा

पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में तहसील कार्यालय का घेराव

छुरिया / नवप्रदेश । जिले में प्रस्तावित तीन नए शराब दुकानों के संचालन के विरोध में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं छुरिया पहुंचीं और विश्राम गृह से नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय तक रैली निकाली। इस दौरान महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की और शराब दुकान खोलने के फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान खुलने से गांवों का माहौल बिगड़ेगा और परिवारों में कलह, अपराध व सामाजिक समस्याएं बढ़ेंगी। पिछले कई महीनों से क्षेत्र की महिलाएं शराब दुकान के विरोध में आवाज उठा रही हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाने से आक्रोश और बढ़ गया है। बड़ी संख्या में महिलाएं रहीं मौजूद-इस विरोध प्रदर्शन में राजवती, आशा बाई, मंगतिन बाई, अनुसूइया बाई, सुमंत बाई, जानकी बाई, ललिता बाई, केजा बाई, ममता बाई, भूमिका बाई, सुरेखा, कौशिल्या, रवीना सहित क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि शराब दुकान खोलने का फैसला वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

पुलिस से झूमाझटकी, माहौल हुआ गरम

प्रदर्शन के दौरान महिलाएं शराब की शीशी और बेशरम फूल का हार प्रशासन को भेंट करने जा रही थीं। इसी दौरान पुलिस और प्रशासन ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिससे महिलाओं में आक्रोश भड़क उठा और कुछ देर के लिए पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच झूमाझटकी की स्थिति बन गई। हालांकि बाद में पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में महिलाओं ने तहसीलदार आकांक्षा साहू को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और प्रस्तावित नए शराब दुकानों को तत्काल बंद करने की मांग की।

जिले में 1 मई से चलेगा जनगणना का प्रथम चरण

खैरागढ़ / नवप्रदेश । 1 मई से जिले मे शुरू होने वाले जनगणना कार्य की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है । जनगणना के तहत स्व-गणना को लेकर प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए है। जारी आदेश में सभी चार्ज अधिकारियों , जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 से 30 मई तक चलेगा। इस कार्य को सुचारू रूप से पूर्ण करने निर्धारित कार्यक्रम के तहत 16 से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की ऑनलाइन प्रक्रिया संचालित की जाएगी। अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले मे जनगणना के लिए 813 ब्लाक बनाए गए है । जिले मे जनगणना कार्य 900 पर्यवेक्षक संभालेंगे । जिन्हे सभी तरह के प्रशिक्षण दिए गए है । नागरिकों को स्व-गणना के लिए निर्धारित पोर्टल पर जाकर स्वयं पंजीयन कर प्राप्त करने की सुविधा दी गई है। प्रगणक के घर-घर भ्रमण के दौरान नागरिकों से साझा करने अपील की गई है, जिससे गणना कार्य में गति और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को हाट-बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में स्व-गणना का प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए है ।

राजपूत क्षत्रिय महासभा ने किया शिक्षक का सम्मान

खैरागढ़ / नवप्रदेश । राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह के 62 वें महाअधिवेशन उपसमिति डोंगरगांव में सम्पन्न हुआ । दो दिवसीय महाअधिवेशन में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह , दिनेश गांधी , कोमल राजपूत, नगरपंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी महासभा अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस के द्वारा शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने समाज का नाम रोशन करने वालो में उपसमिति खैरागढ़ के पूर्व माध्यमिक शाला दपका में पदस्थ शिक्षक अजय सिंह राजपूत को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण, उत्कृष्ट शिक्षक, नवाचारी शिक्षक, कला शिक्षक, छत्तीसगढ़ शिक्षा रत्न, विज्ञान प्रदर्शनी आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने व पुरस्कार प्राप्त करने के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए महासभा के द्वारा सम्मानित किया गया।

मुस्लिम भाईयों ने भाईचारें के साथ मनाई ईद

कुरूद / नवप्रदेश। रमज़ान का पूरा महीना रोजे और इबादत में गुजार मुस्लिम भाइयों ने मोहब्बत और भाईचारें का पर्व ईद हिन्दू भाइयों से गले मिलकर मनाया। दोनों प्रमुख सियासी दल के नेता ईदगाह में बैठ दोनों समाज के लोगो ने एक साथ बैठकर मिठी सेवाईयों का लुत्फ उठाया। शनिवार सुबह ईदगाह मैदान में हाफिज शेख अमानुल्लाह कादरी ने मुस्लिम भाईयों को बताया कि इस्लाम अमन का पैगाम देने वाला मजहब है, इसके मानने वाले रमजान में पुरी शिद्दत के साथ रोजे और नमाज़ अदा करते हैं। उन्होंने ईदुल फित्र की सामुहिक नमाज अदा कराई। बाद नमाज सलातो सलाम का

नजराना पेश कर रब से कुरुद, छत्तीसगढ़, भारत सहित पूरे कायनात में अमनों सकुन की दुआ मांगी गई। नुरानी यंग वेलफेयर कमेटी की ओर से सभी को सेवाइयां खिलाई गई। तत्पश्चात सब ने कब्रस्तान एवं मजार जाकर मरहुमीन के हक़ में फातेहा पढ़ी। इसके पूर्व 30 वें रमज़ान को मस्जिद में दस दिनों तक ऐतेकाफ में बैठे ताहीर रज़ा का समाज प्रमुख अरयुब खान, गफ्फार हलारी, मोज्जम शाहबुद्दीन, ज़माल रिज़वी, शेख जमील, इस्लाम रज़ा आदि ने गुलपोशी के साथ इस्तेकबाल किया। ज्ञात हो कि रमजान के महिने में पुरे तीस दिन मस्जिद हॉल में रोजा इफ्तार एवं खाने का इंतजाम समाज के लोगों द्वारा किया गया। रात में विशेष नमाज तरावीह में कलाम पाक की तिलावत की गई।

शबे कद्र की रात हुई तकरीर में मौलाना कादरी ने रमजान की फजीलत बयां करते हुए गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करने की बात कही ?। एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ अभियान के तहत आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष सलामत अशरफी ने ईद के मौके पर बच्चों को कलम और टॉफी भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। विधायक अजय चन्द्राकर ने आधुनिक संचार माध्यम के सहारे ईद की बधाई दी।

राजस्व बकाया के लिए पालिका ने चलाया था अभियान

खैरागढ़ / नवप्रदेश । शहर के बकाया राजस्व करो की वसूली के लिए वित्तीय वर्ष के आखिरी माह मार्च में लगातार वसूली अभियान मे पालिका प्रशासन को बेहतर सफलता मिली लेकिन मार्च के पहले कमजोर वसूली के चलते पालिका वसूली लक्ष्य से काफी पीछे रह गई । पालिका ने मार्च माह मे वसूली अभियान चलाकर सम्पत्ति, समेकित, जलकर किराया सहित अन्य करो की बेहतर वसूली करते एक माह

मे ही 21 लाख 94 हजार का राजस्व प्राप्त किया । जो कुल वसूली का 4 फीसदी था। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद पालिका की राजस्व वसूली 32 फीसदी ही पहुँच पाई । इसके पीछे जनगणना, सर्वे एसआईआर अधिकारियो की पदस्थापना सहित कई कार्यो को बताया जा रहा है । हालांकि मार्च माह मे चालू मांग के तहत पालिका कर्मचारियों ने बड़ी मेहनत करते 11 फीसदी करो की वसूली की । लेकिन पुराना बकाया करो का भुगतान कम आया जिसके चलते आकड़ा 5 फीसदी पहुँचने से पहले रूक गया । वित्तीय वर्ष 24-25 मे पालिका को कुल 2 करोड़ 17 लाख रू की वसूली करनी थी ।

विकास कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

खैरागढ़ / नवप्रदेश । जिले मे चल रहे विकास कार्यो को समय सीमा मे गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए है । बैठक मे कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यो की समीक्षा की । उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने , निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य हासिल करने कहा। बैठक में समग्र शिक्षा अंतर्गत

लंबित एवं अप्रारंभ कार्यो की स्थिति पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को ऐसे कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ कराने कहा। आयुष्मान, आभा एवं वय वंदन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा में पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत कार्ड बनाने ,जल संरक्षण के तहत संचालित जल शक्ति अभियान के कैच द रेन कार्यक्रम, पीएम सूर्यघर योजना में सोलर इंस्टॉलेशन की प्रगति तथा धान उठाव की स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति पर कलेक्टर ने विशेष ध्यान देते हुए निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने निर्देश दिए ।

पशुधन सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी

हीट वेव से बचने प्रशासन ने जारी किए निर्देश

कवर्धा / नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लू-तापघात (हीट वेव) से बचाव एवं प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने समस्त विभागों को जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार वैश्विक तापमान में औसत वृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते विगत वर्षों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अप्रैल से जून माह के दौरान भीषण गर्मी एवं लू की प्रवृत्ति में वृद्धि देखी गई है। इस वर्ष भी तापमान में वृद्धि एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके परिणामस्वरूप पशुओं के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न होने की आशंका है। ऐसी स्थिति में पशुपालकों को स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच से संपर्क कर जल समस्या से अवगत कराने तथा स्थानीय स्तर पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव देने के लिए कहा गया है। संस्था स्तर पर लू से बचाव के लिए -क्या करें एवं क्या न करें- के संबंध में ग्राम सभाओं के माध्यम से पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही अधीनस्थ अमले को निर्देशित किया गया है कि वे पशुपालकों को समय-समय पर आवश्यक सलाह दें तथा जरूरत पड़ने पर इन उपायों का पालन भी सुनिश्चित कराएं। जिले में चल चिकित्सा अधिकारियों की निगरानी में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां आपात स्थिति में मोबाइल नंबर 8103187138 पर संपर्क किया जा सकता है।

कलेक्टर ने सुदूर वनांचल ग्राम भुरसीपकरी में लगाई रात्रि चैपाल

कवर्धा / नवप्रदेश । जिले के अंतिम छोर में बसे बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य ग्राम भुरसीपकरी की योजनाओं में क्रियान्वयन का मुआयना करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा स्वयं गांव पहुंचे। उन्होंने यहां रात्रि चैपाल लगाकर बैगा आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठकर बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं, शिकायतें और मांगें विस्तार से सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।कलेक्टर को रात्रि चैपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल समस्या की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या होती है। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर झिरिया से पानी लाना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि झिरिया में सालभर पानी उपलब्ध रहता है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएचई विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि झिरिया में सेनेटरी वेल बनाया जाएगा।

सड़क दुर्घटना रोकने में समाज की भागीदारी जरूरी : प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ

■ परिणाम आधारित कार्यप्रणाली पर जोर : प्रभावी सचिव ने की योजनाओं की गहन समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। *अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने आज मंथन सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, डीएफओ नीरज सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

बैठक में प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ ने योजनाओं के क्रियान्वयन को केवल आंकड़ों तक सीमित न रखते हुए उनके वास्तविक परिणामों पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं की सफलता का मूल्यांकन मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और कुपोषण में कमी जैसे ठोस परिणामों से होना चाहिए। उन्होंने आगामी बैठक में योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तथा कृषि एवं उद्यानिकी के सफल हितग्राहियों से मिलकर उनकी सफलता की कहानी जानने की बात कही। वित्तीय वर्ष 31 मार्च को समाप्ति पर सभी विभागों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों के लिए अधिकारियों को बधाई देते हुए उन्होंने जनहित में और बेहतर परिणाम देने हेतु उत्साह एवं गंभीरता से दायित्व निर्वहन करने की अपेक्षा जताई। कृषि विभाग की समीक्षा में खाद-बीज की उपलब्धता तथा खाड़ी क्षेत्र की परिस्थितियों के मद्देनज़र वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए। पीएचई विभाग को 143 चिन्हित समस्या-ग्रस्त गांवों में पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा में बर्ड फ्लू की स्थिति की जानकारी लेते हुए प्रभारी सचिव ने बेसहारा पशुओं के लिए अधिक गोधाम खोलने के निर्देश दिए। वर्तमान में जिले में 5 गोधन संचालित हैं। सड़क सुरक्षा पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम अकेले पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज का दायित्व है।

एसएसपी रजनेश ने अपराध नियंत्रण व नशे के खिलाफ दी कार्रवाई की जानकारी

प्रभारी सचिव ने गृह विभाग की समीक्षा से बैठक की शुरुआत की। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह ने अपराध नियंत्रण एवं नशे के विरुद्ध कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुमशुदा बच्चों की खोज हेतु चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश में बिलासपुर जिला प्रदेश में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहा है। प्रभारी सचिव ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। टोल फ्री नंबर पर प्राप्त 46 शिकायतों में से 43 का निराकरण किया जा चुका है। धान खरीदी केंद्रों में से अधिकांश से धान का उठाव पूर्ण हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में गर्मी के मौसम में संभावित बीमारियों से निपटने की तैयारियों की जानकारी दी गई। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के 51 ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। एचपीवी टीकाकरण अब जिला अस्पताल के साथ-साथ कल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी प्रारंभ किया जा रहा है।

न्यूज़ गैलरी

महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम फरहदा में सीपत पुलिस ने आरोपी से 31 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब करीब 11400 रूपये का शराब जप्त कर आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। शराब बनाने का उपकरण एवं बर्तन को जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार नशे का अवैध व्यापार करने वालो के विरूद्ध पुलिस उप महानिरीक्षक एवम् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह के निर्देशन में सीपत पुलिस द्वारा 2 अप्रैल को मुखबिर सूचना पर ग्राम फरहदा डिपरापारा में रेड कार्यवाही कर भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त कर शराब विनिर्माण कर, बिक्री करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की गई, जहां आरोपी अशोक केंवट पिता स्व समारू राम केंवट उम्र 29 साल निवासी ग्राम फरहदा डिपरा पारा थाना सीपत से कुल 31 लीटर कच्ची महुआ शराब व एक नग बडा एलुमिनियम का डेचका, स्टील का कोपरा जिसमे पाइप लगा हुआ, को विधिवित जप्त कर आरोपी अशोक केंवट के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

किसानों की समस्याओं का होगा समाधान नियंत्रण कक्ष स्थापित

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 अंतर्गत किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि कल्चर एवं कृषि यंत्र उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सवेरे 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संचालित रहेगा। बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं कृषि आदान सामग्री से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए किसान नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकेंगे। उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर ने बताया कि किसानों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07752-470814 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में अनिल कुमार शुक्ला को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक अधिकारियों में प्रतिभा पाण्डेय (कीटनाशक), विजय धीवर (कल्चर), उमेश कुमार कश्यप (उर्वरक) और प्रेमराज शर्मा (बीज) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक सहायक कर्मचारी भृत्य सहोरीक को भी तैनात किया गया है।

2025-26 में विभाग ने 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ से अधिक की दी स्वीकृति

सड़क नेटवर्क का सशक्त जाल बिछाने पूरी प्रतिबद्धता से कर रहे काम : अरुण साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। *लोक निर्माण विभाग के लिए विगत 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 ऐतिहासिक रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग ने राज्य के निर्माण के बाद से अब तक सबसे ज्यादा कार्यों और राशि के प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। विगत वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा कुल 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ 18 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। यह राशि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के बाद से किसी एक वर्ष में स्वीकृत सर्वाधिक राशि के दोगुने से भी ज्यादा है।*

वर्ष 2025-26 में मंजूर की गई राशि 2024-25 में स्वीकृत 2589 करोड़ 89 लाख रुपए की तुलना में तिगुने से भी ज्यादा है, जबकि कार्यों की संख्या दोगुने से भी अधिक है। पिछले वर्ष के बजट में राज्य निर्माण के बाद से सर्वाधिक संख्या में नए कार्यों के प्रस्ताव शामिल किए गए थे। बजट में शामिल नए कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए बड़ी संख्या में इनकी मंजूरी के आदेश जारी किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में 141 सड़कों और पुलों के लिए 2013 करोड़ रुपए, 2017-18 में 300 कार्यों के लिए 2311 करोड़ रुपए, 2018-19 में 154 कार्यों के लिए 4544 करोड़ रुपए, 2019-20 में 312 कार्यों के लिए 2402 करोड़ रुपए और 2020-21 में 345 कार्यों के लिए 3797 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। विभाग ने वर्ष 2021-22 में 531 कार्यों के लिए 4482 करोड़ रुपए, 2022-23 में 466 कार्यों के लिए 2656 करोड़ रुपए, 2023-24 में 355 कार्यों के लिए 3753 करोड़ रुपए तथा 2024-25 में 436 कार्यों के लिए 2590 करोड़ रुपए के कार्यों को प्रशासकीय मंजूरी प्रदान की थी।

डीपीआर तैयार कर ज्यादा कार्यों की स्वीकृति के निर्देश

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने प्रदेशभर में सड़कों और पुलों के कार्यों को गति देने प्रस्तावित कार्यों के जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर ज्यादा से ज्यादा कार्यों की स्वीकृति के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर विभाग ने सक्रियता और तत्परता से अमल करते हुए बीते वित्तीय वर्ष में अब तक के सर्वाधिक 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ की राशि को मंजूरी दी है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस तत्परता के लिए सभी विभागीय अधिकारियों और अमले की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सरकार राज्य की अधोसंरचना को मजबूत करने अभूतपूर्व गति से कार्य कर रही है। रिकॉर्ड संख्या में सड़कों और पुलों को स्वीकृति देकर शहरों, गांवों और वनांचलों को जोड़ने का अभियान तेज किया गया है। हमारी प्राथमिकता हर पहुंचविहीन क्षेत्र तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाना है, जिससे विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार सड़क नेटवर्क का सशक्त जाल बिछाने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में लोक निर्माण विभाग ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की मांगों, जरूरतों और जन आकांक्षाओं को देखते हुए उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री अरुण साव के निर्देश पर 1925 नए कार्यों को शामिल करते हुए इनके लिए 2287 करोड़ रुपए के प्रावधान किए थे।

चाकू की नोक पर कार सवारों से लूट की कोशिश, दो गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। *कोटा थाना क्षेत्र के बेलगहना चौकी पुलिस ने घातक हथियारों के साथ लूट के प्रयास के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो धारदार चाकू और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की है। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।*

पुलिस के अनुसार, घटना 1 अप्रैल 2026 की रात करीब 10:30 बजे की है। विचारपुर निवासी हरिल साय टोप्पों मरीज को अस्पताल में भर्ती कराकर कार से वापस लौट रहे थे। उनके साथ निलिमा तिर्की और रामप्यारी तिर्की भी मौजूद थीं। इसी दौरान बेलगहना-कोनचरा मार्ग पर घने जंगल में नीलगिरी प्लांट के पास बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उनकी कार रोकने की कोशिश की और चाकू दिखाकर रास्ता अड़ाया। भयभीत चालक हरिल साय किसी तरह कार निकालकर आगे बढ़े, लेकिन आरोपी उनका पीछा करते हुए करीब 7 किलोमीटर दूर ग्राम विचारपुर तक पहुंच गए। वहां भी आरोपियों ने कार रुकवाकर चाकू के दम पर जान से मारने की धमकी दी और लूट का प्रयास किया। इसी बीच गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे आरोपी घबरा कर फरार हो गए। भागते समय वे अपनी मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छोड़ गए। 2 अप्रैल को पीड़ित की रिपोर्ट पर बेलगहना पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। चौकी प्रभारी हेमंत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कुछ ही घंटों में सिद्धान्त पाण्डेय उर्फ राज पाण्डेय 20 वर्ष और राजकुमार पोर्ते उर्फ सोनू 20 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सिद्धान्त पाण्डेय का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। वहीं, ग्रामवासियों की सतर्कता और साहस से एक बड़ी वारदात टल गई।

पीसी ज्वैलर्स पर सही कीमत नहीं देने का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। *अग्रसेन चौक स्थित पी.सी. ज्वैलर्स शोरूम विवादों में घिर गया है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने शोरूम पर ग्राहकों को ठगने और आभूषणों की वापसी (बायबैक) पर वर्तमान बाजार दर के अनुसार भुगतान न करने का आरोप लगाया है।*

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने इस संबंध में एसएसपी को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपा है और कार्रवाई की मांग की है। यह मामला खरसिया निवासी पारस पटेल से जुड़ा है। उन्होंने 11 जून 2018 को बिलासपुर के पी.सी. ज्वैलर्स से 85,799 रुपए में एक हीरा जड़ित डायमंड रिंग खरीदी थी। बिल के अनुसार, रिंग में 5.620 ग्राम (14 कैरेट सोना) और 0.46 सेंट हीरा था। पीड़ित का आरोप है कि जब वह उसी अंगूठी को वर्तमान दर पर वापस बेचने शोरूम पहुंचा, तो उसे खरीद मूल्य से भी कम राशि देने की पेशकश की गई। जबकि पिछले 8 वर्षों में सोने की कीमतों में भारी उछाल आया है। एसोसिएशन का कहना है कि मेकिंग चार्ज काटकर अंगूठी की वर्तमान कीमत कम से कम 1,17,299 होनी चाहिए, लेकिन शोरूम प्रबंधन इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं है। शोरूम द्वारा दिए गए मूल बिल में सोने के भाव, हीरे के भाव और लेबर चार्जेस का अलग-अलग विवरण नहीं दिया गया था।

शो रूम भुगतान को तैयार नहीं

पारस पटेल उसी रिंग को वर्तमान दर पर वापस बेचने शोरूम पहुंचे, तो उन्हें खरीद मूल्य से भी कम राशि की पेशकश की गई। एसोसिएशन का आरोप है कि पिछले आठ वर्षों में सोने की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, जिसके कारण मेकिंग चार्ज काटने के बाद भी अंगूठी की वर्तमान कीमत कम से कम 1,17,299 रुपए होनी चाहिए। हालांकि, शोरूम प्रबंधन इस राशि का भुगतान करने को तैयार नहीं है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इसे 'ब्रांडेड शोरूमों द्वारा चलाया जा रहा लूट का व्यापार' करार दिया है। प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा कि इसकी शिकायत राष्ट्रीय स्तर पर की जाएगी। यह एक गंभीर अपराध है। बीआईएस ,उपभोक्ता फोरम सहित अन्य फर्म में इसकी शिकायत दर्ज की जाएगी और पूरे छत्तीसगढ़ में जन जागरूकता के लिए सराफा संगठन द्वारा आंदोलन भी चलाया जाएगा।

हनुमान जयंती पर उषा हाइट्स में भक्ति और ज्ञान का संगम

बिलासपुर/नवप्रदेश। *हनुमान जयंती के पावन अवसर पर वैशाली नगर स्थित उषा हाइट्स में भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का सामूहिक आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्ति रस में डूबे इस आयोजन के बाद उपस्थित जनसमूह को हिंदुत्व और उसके वैज्ञानिक पक्ष पर विस्तृत जानकारी दी गई।* कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित ललित अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में हिंदू धर्म और हिंदुत्व को सही और वास्तविक परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि भारत को प्राचीन काल में 'सिंधुस्थान' कहा जाता था, क्योंकि यहां हिमालय से निकलने वाली बारहमासी नदियों की बहुलता थी। समय के साथ भाषा में परिवर्तन हुआ और 'सिंधुस्थान' अपभ्रंश होकर 'हिंदुस्थान' बन गया, तथा यहां रहने वाले लोग 'हिंदू' कहलाए। उन्होंने धर्म की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि धर्म का अर्थ किसी विशेष पूजा पद्धति से नहीं है, बल्कि यह जीवन के सही और गलत कार्यों का मापदंड है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्यासे को पानी पिलाना, गरीबों की सहायता करना, बीमार और असहाय लोगों की सेवा करना ही सच्चा मानव धर्म है। इस दृष्टिकोण से भारत में रहने वाला हर संवेदनशील और सहृदय व्यक्ति ' है, भले ही उसकी पूजा पद्धति अलग क्यों न हो।

हनुमान जन्मोत्सव में रविंद्र हुए शामिल

बिलासपुर। पीजीबीटी कॉलेज के सामने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सीताराम हनुमान के आरती पश्चात प्रसाद भोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य रविन्द्र सिंह ठाकुर, रिंकू परिहार, प्रशांत पांडे, कमलेश सिंह परिहार, बबलू केसरवानी, विजय अग्निहोत्री, गब्बी परिहार, गुड्डु चंदेल, विवेक मिश्रा, राजेश साहू, श्रेष्ठ परिहार, कुणाल शर्मा, पिंटू सलूजा, अभिजीत परिहार, दीपराज शुभराज, परिहार सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

सीपत/नवप्रदेश। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सोमवार को पूरा सीपत क्षेत्र श्रद्धा, आस्था और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और जय श्रीराम व जय हनुमान के गगनभेदी जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। दिनभर मंदिरों में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड के पाठ का क्रम चलता रहा। अंजनी पुत्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंचते रहे और संकट मोचन के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि एवं मंगल कामनाएं करते नजर आए। नवाडीह चौक, बजरंग चौक, सीपत थाना परिसर, बिजली ऑफिस, सब्जी मंडी सहित क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में दिनभर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

सुविधाः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर व बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है वाणिज्यिक ठहराव

सांतरागाछी-एलटीटी के मध्य 13-13 फेरों के लिए साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

बिलासपुर/नवप्रदेश। *ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एलटीटी-सांतरागाछी-एलटीटीके मध्य 13-13 फेरों के लिए साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01001 एलटीटी-सांतरागाछी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन एलटीटी से 21 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक (13 फेरा) प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।*

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01002 सांतरागाछी-एलटीटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन सांतरागाछी से 23 अप्रैल से 16 जुलाई तक (13 फेरा) प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है। इस समर स्पेशल ट्रेन में 04 जनरल, 04 स्लीपर, 10 एसी-थ्री टियर इकॉनमी, 02 एसी- टू टियर कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी । यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया *डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटइंक्वायरीडाट इंडियनरेलडाटजीओवीडाटइन* पर जाएं।

गाड़ी की समय सारिणी

गाड़ी संख्या 01001 एलटीटी-सांतरागाछी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन एलटीटी से प्रत्येक मंगलवार को 20.15 बजे रवाना होगी तथा ठाणे आगमन 20.40 बजे, प्रस्थान 20.43 बजे, कल्याण आगमन 21.10 बजे, प्रस्थान 21.13 बजे दूसरे दिन नासिक रोड आगमन 00.15 बजे, प्रस्थान 00.18 बजे, भुसावल आगमन 03.35 बजे, प्रस्थान 03.40 बजे, अकोला आगमन 05.55 बजे, प्रस्थान 05.57 बजे, बडनेरा आगमन 07.55 बजे , प्रस्थान 07.58 बजे, नागपुर आगमन 10.15 बजे, प्रस्थान 10.20 बजे, गोंदिया आगमन 11.53 बजे, प्रस्थान 11.55 बजे, दुर्ग आगमन 14.10 बजे, प्रस्थान 14.15 बजे, रायपुर आगमन 14.50 बजे, प्रस्थान 14.55 बजे, बिलासपुर आगमन 16.35 बजे, प्रस्थान 16.50 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 20.03 बजे, प्रस्थान 20.05 बजे, राउरकेला आगमन 21.40 बजे, प्रस्थान 21.48 बजे, चक्रधरपुर आगमन 23.30 बजे, प्रस्थान 23.35 बजे तीसरे दिन टाटानगर आगमन 00.30 बजे, प्रस्थान 00.35 बजे, खड़गपुर आगमन 02.45 बजे, प्रस्थान 02.50 होते हुये 05.00 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01002 सांतरागाछी-एलटीटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन सांतरागाछी से प्रत्येक गुरुवार को 15.50 बजे रवाना होगी तथा खड़गपुर आगमन 17.15 बजे, प्रस्थान 17.20 बजे, टाटानगर आगमन 19.30 बजे, प्रस्थान 19.35 बजे, चक्रधरपुर आगमन 20.50 बजे, प्रस्थान 20.55 बजे, राउरकेला आगमन 22.20 बजे, प्रस्थान 22.28 बजे दूसरे दिन झारसुगुड़ा आगमन 00.05 बजे, प्रस्थान 00.07 बजे, बिलासपुर आगमन 03.50 बजे, प्रस्थान 04.00 बजे, रायपुर आगमन 05.35 बजे, प्रस्थान 05.40 बजे, दुर्ग आगमन 06.30 बजे, प्रस्थान 06.35 बजे, गोंदिया आगमन 08.33 बजे, प्रस्थान 08.35 बजे, नागपुर आगमन 10.50 बजे, प्रस्थान 10.55 बजे, बडनेरा आगमन 13.37 बजे, प्रस्थान 13.40 बजे होगी।

सुविचार

दुष्ट लोगों को किसी की निंदा किए बिना चैन नहीं मिलता जैसे कौंआ लाख अच्छी चीजें खा ले लेकिन जब तक गंदगी में चोंच नहीं मार लेता उसे तृप्ति नहीं मिलती

अपने मियां मिट्ठू बनते डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका-इजराइल को इरान से जंग करते हुए 35 दिन हो गये किन्तु इस जंग का कोई ओर छोर नजर नहीं आ रहा है यह लड़ाई और कितने दिनों तक चलेगी इस बारे में भी दावे के साथ कोई कुछ नहीं कह पा रहा है किन्तु बड़बोले डोनाल्ड ट्रंप ने दावा कर दिया है कि अमेरिका ईरान के खिलाफ जंग जित गया है। अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते हुए उन्होंने दावा किया है कि ईरान के सभी बड़े नेता मारे जा चुके हैं और ईरान की सेना भी हमारे में कब्जे में आ चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के नाम जारी अपने संदेश में कहा है कि अमेरिका ने ईरान को घुटनों पर ला दिया है और अब उसके साथ कोई डील नहीं होगी और उसे परमाणु शक्ति नहीं बनने दिया जाएगा। यह दावा करने के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप यह भी कह रहे हैं कि अगर ईरान ने दो तीन हफ्तों के भीतर समझौता नहीं किया तो उसे इतना मारेंगे कि ईरान पाषाण युग में पहुंच जाएगा। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब अमेरिका ईरान को जंग में हराने का दावा ही कर रहा है तो फिर वह उसके साथ अभी भी जंग क्यों लड़ रहा है। ईधर डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद ईरान ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और उसने बहरीन पर अमेरिका के मिलेट्री बेस को निशाना बनाकर नेस्तनाबूत कर दिया। ईरान ने फिर से अमेरिका को धमकी दी है कि वह यदि ईरान पर हमले करने से बाज नहीं आएगा तो खाड़ी देशों में अमेरिका ने जितने सैन्य अड्डे बना रखे हैं उन्हें चून चून कर तबाह कर दिया है। ईरान ने यह भी कहा है कि होर्मूज पर ईरान के कब्जे को अमेरिका और इजराइल ही क्या दुनिया की पूरी ताकत भी नहीं हटा सकती। गौरतलब है कि होर्मूज पर अभी भी विभिन्न देशों के चार सौ से अधिक जहाज फंसे हुए हैं जिसके चलते पूरी दुनिया में तेल और गैस का संकट गहराता ही जा रहा है और क्रूज आयल की कीमत प्रति बैरल 107 डॉलर पहुंच गई है जिसके बहुत जल्द 105 डॉलर पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। होर्मूज की ईरान द्वारा नाकेबंदी किये जाने से खाड़ी देशों को एक माह के दौरान 18 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है। यही नहीं बल्कि वहां कार्यरत लगभग 40 लाख लोगों का रोजगार भी संकट में पड़ गया है। डोनाल्ड ट्रंप की हटधर्मिता का दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है और अब इंग्लैंड ने दुनिया के 130 देशों की एक बैठक बुलाई है जिसका नाम ही होर्मूज बैठक रखा गया है। इस बैठक में होर्मूज को खुलवाने के लिए रणनीति तय की जाएगी। देखना होगा कि इंग्लैंड की यह पहल कितनी सफल होती है।

सुप्रीम कोर्ट की बंगाल सरकार को कड़ी फटकार

बंगाल विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही वहां बवाल मचना ही शुरू हो गया है। मालदा में बड़ी संख्या में लोग वोटरलिस्ट से अपना नाम काटे जाने के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। जाहिर है यह तब नाटक सत्तारूढ़ टीएमसी के इशारे पर ही हो रहा है था। प्रदर्शनकारियों ने ममता सरकार की सह पर दुहसाहस दिखाया और 7 चुनाव अधिकारियों को बंधक बना लिया जिन्हें घंटो रोके रखा गया और चुनाव कार्य को प्रभावित करने की कोशिश की गई। चुनाव आयोग ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए यह टिप्पणी की है कि बंगाल में कानून और व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए बंगाल के डीजीपी को नोटिस जारी किया है और चुनाव आयोग को इस मामले की सीबीआई अथवा एनआईए के जांच कराने की इजाजत भी दे दी है। गौरतलब है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लंबे समय से एसआईआर के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है क्योंकि इससे उनका वोट बैंक खिसक गया है किन्तु किसी को भी यह उम्मीद नहीं थी कि बंगाल में चुनाव आचार सहिंता लगने के बाद भी ममता बनर्जी अपने समर्थकों से इस तरह की हरकत करवाएंगी। बहरहाल इस घटना से चुनाव आयोग को सबक लेना चाहिए और बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतली चाहिए तथा केन्द्रीय सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ाने पर भी गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। बंगाल का चुनाव इतिहास रक्त रंजित रहा है और इस बार भी वहां शांतिपूर्ण चुनाव होने की संभावना क्षीण है। इसलिए चुनाव आयोग को और ज्यादा एहतियाती कदम उठाने की सख्त जरूरत है।

मोबाइल की लत में उलझी बच्चों की जिंदगियाँ



डॉ देवेन्द्र नाथ शर्मा

हमारे देश में लचर साइबर कानूनों व अप्रभावी नियंत्रण नीतियों के कारण भारत में बच्चे इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के टारगेट पर हैं द्य पालक, शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाए और नागरिक संगठन बच्चों से जुड़े इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर मुखर नहीं है द्य अमेरिका की न्यू मैक्सिको में एक कोर्ट ने एक स्कूल द्वारा दायर वाद पर भी ही दिए एक फैसले में मेटा को बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने में नाकाम रहने का दोषी मान कर मेटा पर 3141 करोड रुपए का जुर्माना लगाया है द्य हालाकि, मेटा ने अपनी पिछली तिमाही में इससे 160 गुना ज्यादा रेवेन्यू कमाया था द्य भारत में कड़े कानूनों और ऐसी जागरूकता की जरूरत है ताकि इन मुनाफाखोर कंपनियों पर नकेल कसी जा सके।

तकनीक ने मोबाइल के ज़रिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म और गेमिंग व ऐसे ही अन्य कई ऐप्स की लत से विश्व भर के बच्चों को एक ख़तरनाक और गंभीर स्थिति में ला दिया है। बच्चों में मानसिक व शारीरिक विकार बढ़ रहे हैं, वे साइबर अपराधों के शिकार हो रहे हैं । मोबाइल के कारण बच्चे आत्महत्या कर लगे हैं द्य बच्चों के सामाजिक व शैक्षिक जीवन पर इसका बुरा असर हो रहा है ।

140 करोड़ की जनसँख्या के इस देश में दिसंबर 2025 तक 124.42 करोड़ मोबाइल धारक और 1.02 करोड़ से अधिक इंटरनेट ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता हो गए हैं द्य हर माह प्रति व्यक्ति औसत डाटा की खपत 25 जीबी वाला हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा दूसरा दूरसंचार बाजार है द्य कोरोना काल में स्कूल बंद होने के कारण ऑनलाइन कक्षाए संचालित कर बच्चों की पढ़ाई करवाने के सरकारी फरमान के बाद स्कूली बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन देना पालकों की विवशता हो गई। हालाकि केंद्र के सरकारी और ऊँची फीस वाले निजी स्कूलों में इन ऑनलाइन कक्षाओं का विधार्थियों ने भरपूर लाभ लिया और अपनी सीखना जारी रखा, लेकिन लाखों सरकारी व छोटे गैर-सरकारी स्कूलों में यह मात्र औपचारिकता ही रहा और विधार्थी सीखने में पिछड़ गए द्य इस समूची कवायद का हश्र यह हुआ कि आदिवासी व ग्रामीण बसाहटों और शहरी झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारों के अधिकतर बच्चों को छोड़ कर देश भर के करोड़ो बच्चों के हाथों में यह उपकरण आ गया द्य सूचना, ज्ञान, संचार, वित्तीय लेनदेन और नियंत्रित मनोरंजन जैसी मूल आवश्यकताओं पीछे छोड़ ज्यादातर बच्चे इस उपकरण का व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स, यू-टयूब व गेमिंग के एप्स, सेल्फी, विडियो व रील बनाने आदि में जरुरत से बेहिसाब ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। घंटों स्क्रीन पर अपनी आँखें और ध्यान गड़ाए रख आभासी दुनिया में विचरण करने लगते हैं द्य यह स्थिति कई चिंताए पैदा करती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन जैसी मानक संस्थाओं के अध्ययनों के अनुसार भारत में 2 साल से कम उम्र के 61 प्रतिशत बच्चे स्क्रीन देखना शुरू कर देते हैं द्य डब्ल्यूएचओ का कहना है कि 2 साल तक के बच्चों को स्क्रीन बिल्कुल ही नहीं दिखानी चाहिए द्य भारत में 50 प्रतिशत से अधिक किशोर रोज चार घंटे से ज्यादा टाइम स्क्रीन पर बिताते हैं, जिससे पढ़ाई, खेल और परिवार से संवाद का समय कम हो जाता है द्य इससे मोटापा, आलस्य, थकान और कमजोर स्टैमिना की समस्याएं बढ़ रही हैं द्य 60 प्रतिशत बच्चों में नींद पूरी नहीं होने से

उनमे चिड़चिड़ापन और गुस्सा की प्रवृत्ति बढ़ रही है तथा उनमें भावनात्मक नियंत्रण की क्षमता कमजोर होने लगी है द्य चार घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम वाले 25.9 प्रतिशत बच्चे अवसादग्रस्त पाए गए जबकि इससे कम स्क्रीन टाइम वाले बच्चों में केवल 9.5 प्रतिशत ही अवसाद की समस्या पाई गई।

बाज़ार की जरूरतों के मद्देनज़र, सोशल मीडिया प्लेटफार्म और गेमिंग सहित कई लुभावनी एप्स को जानबूझकर इस तरह डिजाइन किया जाता है कि वह बच्चे लंबे समय तक मोबाइल से बंधे रहें और इसके इस्तेमाल की लत के शिकार हो जावें द्य लत में पड़ कर वे देर रात तक जाग रहे हैं, नींद पूरी न होने से शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है, आत्म विश्वास कम हो रहा है द्य दूर तक देखने की क्षमता कम होने सहित नेत्र दोषों के शिकार हो रहे बच्चे द्य स्थिति यह हो जाती है कि वे मोबाइल के उपयोग से अपने आप को रोक ही नहीं पाते हैं। बार-बार व्हाट्सअप, फेसबुक या इंट्राग्राम पर पोस्ट चेक करते हैं। यहाँ तक बाथरूम में भी मोबाइल साथ रहता है। मोबाइल के बिना रहने, नेटवर्क न मिलने या फोन खो जाने का तर्कहीन डर उनमे बना रहता है द्य पोस्ट पर आने वाली लाइक्स और कंमेंटस उनके इए व्यक्तित्व की स्वीकृति का आधार बन उनकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करने लगती हैं। यह स्थिति नोमोफोबिया नामक एक आधुनिक मानसिक विकार है, जो 12 से 23 वर्ष के बच्चों में ज्यादा पाया जाता है।

चिड़चिड़ापन, गुस्सा, तनाव, चिंता, घबराहट, कांपना, पसीना आना, अकेलापन, और अवसाद इसके लक्षण हैं द्य कुछ बच्चों पर मोबाइल इस कदर हावी होता जा रहा है कि वे वर्चुअल दुनिया में खोये से रहते हैं द्य रोकने-टोकने पर तनावग्रस्त होकर क्रोध में आ जाते हैं, आपा खोकर असामान्य व्यवहार करने लगते हैं द्य मोबाइल के उपयोग पर सक्ती से मनाही करने या मोबाइल छुड़ा लेने की स्थिति में कई बार बच्चे आत्महत्या तक कर लेते हैं द्य मोबाइल के कारण बच्चों द्वारा आत्महत्या किए जाने के ख़बरें कहीं न कहीं से रोज सुनने को मिलती हैं ।

फेसबुक व इंस्टाग्राम पर अनियंत्रित आपत्तिजनक, अश्लील, उत्तेजक व बहलाने-फुसलाने वाले कंटेंट, बच्चों को गलत कामों, अपराधों, यौन उत्पीडन, ब्लेकमेलिंग और मानव तस्करी जैसे खतरों में धकेल रहे हैं द्य संसद में सरकार ने बताया है कि 2001 से 2023 तक दो वर्षों में बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध 38 प्रतिशत बढ़े हैं जबकि कुछ राज्यों जैसे केरल में 172 प्रतिशत, उत्तराखंड में 178 प्रतिशत, कर्नाटक में 121 प्रतिशत व छत्तीसगढ़ में 119 प्रतिशत की चिंताजनक बढौतरी दर्ज की गई है द्य भारत सरकार ने इस साल के इकोनामिक सर्वे में 'डिजिटल एडिक्शन' को बड़ा स्वास्थ्य के देखभाल का मुद्दा माना है।

हमारे देश में लचर साइबर कानूनों व अप्रभावी नियंत्रण नीतियों के कारण भारत में बच्चे इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के टारगेट पर हैं द्य पालक, शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाए और नागरिक संगठन बच्चों से जुड़े इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर मुखर नहीं है द्य अमेरिका की न्यू मैक्सिको में एक कोर्ट ने एक स्कूल द्वारा दायर वाद पर अभी ही दिए एक फैसले में मेटा को बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने में नाकाम रहने का दोषी मान कर मेटा पर 3141 करोड रुपए का जुर्माना लगाया है द्य हालाकि, मेटा ने अपनी पिछली तिमाही में इससे 160 गुना ज्यादा रेवेन्यू कमाया था द्य भारत में कड़े कानूनों और ऐसी जागरूकता की जरूरत है ताकि इन मुनाफाखोर कंपनियों पर नकेल कसी जा सके।

साहित्य अकादमी का एलजीबीटीक्यू लेखक सम्मेलन-हमारी संस्कृति पर आक्रमण

डॉ. प्रवीण गुगनानी

भारत की सर्वोच्च साहित्यिक संस्थाओं में से एक, साहित्य अकादमी द्वारा स्त्नक्ष्क्षक्तलेखक सम्मेलन का आयोजन एक गहरे वैचारिक विमर्श और टकराव का संकेत है। दुखद है कि यह सम्मेलन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, के तत्वावधान में हो रहा है। संस्कृति मंत्रालय को यह देखना चाहिए कि क्या हमारी संस्कृति के सभी सिरमौर विषयों पर क्या साहित्य अकादमी ने चर्चा सम्पन्न करा ली है? केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय को इस साहित्य आकादमी से पूछना होगा, कि भारतीय ज्ञान परंपरा की कितनी चर्चा और कितने लेखक सम्मेलन 'साहित्य अकादमी' ने करा लिए हैं? क्या हमारे सभी ज्वलंत और आवश्यक सांस्कृतिक प्रश्न उत्तर पा चूकें है जो इस प्रकार के विषय को चर्चा केंद्र में रखने का निर्णय लिया गया? प्रश्न यह नहीं है कि किसी विषय पर चर्चा क्यों हो रही है, बल्कि यह है कि किन विषयों को प्राथमिकता दी जा रही है और उसके पीछे कौन-सी वैचारिक शक्तियाँ सक्रिय हैं?

हम एलजीबीटीक्यू के मौलिक अधिकारों के विरोध में नहीं हैं किंतु इनके कंधों पर रखकर भारतीय मूल्यों, देशज अधिष्ठानों, हमारी सांस्कृतिक मान्यताओं पर जिस प्रकार बंदूकें चलाई जा रही हैं उसके विरोध में हैं। भारत में स्त्नक्ष्क्षक्त के माध्यम से ये वैचारिक नक्सलाइट्स बहुधा ही गंद फैलाते रहते हैं। यह उनके प्रति संवेदना के लिए नहीं अपितु देश में अनावश्यक वितंडा खड़ा करने के लिए किया जाता है।

हमें यह देखना चाहिए कि वे कौन सी छिपी हुई शक्तियाँ हैं जो भारत में बालक, बालिकाओं के लिए एक से बाथरूम चाहती हैं? ये मार्क्सिस्ट शक्तियाँ विद्यालयों के बालक बालिकाओं को एक ही हास्टल में एक ही कक्ष में रखें जाने की वकालत करती हैं। साहित्य अकादमी का यह लेखक सम्मेलन इन सब बातों की ही तो चर्चा करेगा। इसका लक्ष्य केवल भारतीय परंपराओं पर तोप दागना ही तो होगा। गे और लेस्बियन सेक्स के ऊपर लेखक सम्मेलन में किस प्रकार की चर्चा आएगी, इसकी कल्पना से हृदय सिहर उठता है। लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर और क्वीर की चर्चा केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान वाले,

साहित्य अकादमी के आयोजन में आना एक खतरनाक वैचारिक विस्फोट है। यह वैचारिक बारूदी सुरंगें हैं जो हमारे वैचारिक अधिष्ठान के नीचे लगातार बिछाई जा रही हैं। ट्रांसजेंडर या किन्नर समाज के प्रति सदैव ही हमारे भारतीय समाज का, शास्त्रों का, ऋषि परंपरा का संवेदनशील मंतव्य रहा है। ये हमारी परंपराओं में स्थायी रूप से सम्मानपूर्वक बसे हैं। समय के साथ-साथ इनके विषय में आवश्यक निर्णय लिए जाने चाहिए, जो कि शासन से लेकर समाज तक लिए भी गए हैं। किंतु ट्रांसजेंडर के अतिरिक्त ये जो गे, लेस्बियन क्वीर आदि हैं इनका स्थान हमारे समाज में कहाँ होना चाहिए? आज भारत में एक बड़ा वर्ग यह मानता है कि यह पूरा विमर्श तथाकथित ÷कल्चरल मार्क्सिज़्म÷ की रणनीति का हिस्सा है। इस विचारधारा का मूल उद्देश्य हमारे समाज की पारंपरिक संरचनाओं, परिवार, धर्म, संस्कृति और नैतिकता, को धीरे-धीरे दुर्बल करना ही है। हमारी ऋषि परंपरा और सनातनी संस्कृति को हटाकर उनकी जगह एक नए प्रकार की वैचारिक संरचना स्थापित करना ही ऐसे आयोजनों का लक्ष्य होता है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय को इस देशज वर्ग के विचारों का आदर करते हुए इस विषय को साहित्य अकादमी के आयोजन से अलग करवाना चाहिए। भारतीय संस्कृति की जड़ें अत्यंत गहरी और संतुलित हैं।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

- सारा आनंद तुम्हारे भीतर भरा है इसलिए सब कुछ तुम्हें आनंदमय प्रतीत होता है।
- जीवन में दुनिया की बातों का असर जिसके ऊपर ज्यादा होता है वो कभी सुखी नहीं रहता, हमेशा दु:खी ही होता है।
- तुम्हारा मन जहाँ ज्यादा लगे और समय का पता न चले, समझ लेना कि तुम्हारा प्रेम वही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1930 - महात्मा गांधी ने अपनी स्वतंत्र भारत की माँग पर ज़ोर देने के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन आन्दोलन छेड़ा। 1942 - जापानी लड़ाकू विमानों ने पहली बार भारतीय क्षेत्रों पर बमबारी की। 1966 - भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया। 1982 - दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित उपनिवेश फ़ाकलैंड पर अर्जेन्टीना ने अधिकार किया। 1985 - पाब्लो पिकासो के समकालीन विश्वविख्यात कलाकार मार्क शागल का पेरिस में देहांत। 1998 - गोरी प्रक्षेपास्त्र का पाकिस्तान द्वारा सफल प्रक्षेपण। 1999 - नेपाल में पुनः पांच सौ रुपये के भारतीय नोट चलाने की घोषणा। 2000 - कराची की एक अदालत ने आतंकवाद व विमान अपहरण के मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ को उम्र क़ैद की सज़ा सुनायी। 2003 - उत्तरी होंडुरास की जेल में हुए दंगे के कारण 86 क़ैदी मारे गये। 2005 - कुर्द नेता जलाल तालाबानी को ईराक का नया राष्ट्रपति चुना गया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दिवस एप्रिल फूल का,आता है जिस रोज। इक दूजे के बीच मे,...रहे मूर्ख सब खोज ।। खूब बनाया प्यार से, सबको एप्रिल फूल । जब हर दिल मे प्रेम था, मौसम था अनुकूल ।। क्या होगा इससे अधिक, वहाँ मित्र अपमान । करना पड जाये जहाँ, ...मूर्खों का सम्मान ।। करे हीन महसूस खुद ,वहाँ बहुत विद्वान। जहाँ हाथ से कर दिया,मूर्खों का सम्मान!।। हुआ सहज साहित्य का,वहीं घोर अपमान । होता है जब मंच पर,...मूर्खों का सम्मान ।। **- रमेश शर्मा वशिष्ट**

बेअदबी क्या कहें भला दुनिया का दस्तूर है रंगमंच पर खेलते चेहरे अभिनय में पुरनूर हैं बड़े ही सलीकेदार ये तिलिस्मी दुनिया के लोग हर शै पर ढलते किरदार ज़हनियत से भरपूर है रंग-बिरंगे सपनों में जीते कहे खुदा का वो नूर है सब भूलकर बैठे है जो छाया नाट्य का सुरुर है दुनिया कहती रंगमंच झूठी अपने हम में सारे चूर हैं मुखौटों से बाहर जो आओ हर चेहरा तब लगे हूर है। **- सपना चन्द्रा**

छत्तीसगढ़ का धान खाने वाले चूहे की गुजरात में भारी मांग मूंदड़ा पोर्ट पर 3000 किलो पकड़े गए ड्रग्स में से 2000 किलो ड्रग्स चूहे खा गए ऐसा कोर्ट में बताया गया अब वक्त आ गया है कि कुदरत कुछ ऐसे चूहे पैदा करे जो मुल्क को खा रहे चूहे उनको ही खा जाए **- संत आर थवाइत**

जब कोई शख्स आप पर व्यक्ति गत प्रहार करने लगे तो समझ लिजिए वो अब तर्क से हार गया है।ऐसी स्थिति में मैं कह देती हूँ हां मैं बेवकूफहूँ और हँस कर निकल लेती हूँ।अब कोई मरे को क्या मारे,हारे को क्या हराए। **- प्रीति श्रीवास्तव**

बेटियों को मत रुलाओ बेटियों को तुम हँसाओ बेटियाँ हैं घर की रौनक़ बेटियों को तुम बचाओ बेटियों का दिल न तोड़ों बेटियों को तुम पढ़ाओ ये पढ़ेगीं तो बढ़ेगीं इनकी चाहत मत मिटाओ बेटियों से घर की ख़ुशबू तुम न पैदा कर लजाओ हाथ दो कॉपी - किताबें इनकी हिम्मत तुम बढ़ाओ ख़्वाब उनके भी हो पूरे मंज़िलें इनको बताओ बेटियों को रोज़ 'ऐनुल' रास्ता सुन्दर दिखाओ। **- 'ऐनुल' बरौलवी**

जिगरी दोस्त को मैने मेसेज किया यार मुझे आज कोई मूर्ख(अप्रैल फूल) नहीं बना पाया.. इकोस्पीरिन खाऊं जिगरी दोस्त ने जिगर के पत....ले खून से लिखाः अबे मूर्ख को कौन मूर्ख बनाएगा मैने दोहा लिख डाला मूर्ख जो देखन मैं चला,मूर्ख न मिलिया कोय,जो दिल खोजा आपना,मुझसे बड़ा मूर्ख न कोय। **- शत्रुंजय तिवारी**

कभी-कभी ज़िंदगी हमें तोड़ती है ताकि हमें सही रूप दे सके हर दर्द हर असफलता आपको खत्म करने के लिए नहीं आपको बेहतर बनाने के लिए होती है तो अगर आज आप टूट रहे हो यकीन रखो आप बन भी रहे हो अगर ये बात दिल को लगी हो तो जरूर छोड़ना। **-रेनु सिंघल**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए ताजगी भरा रहने वाला है। आज से डेली योग और ध्यान करने का प्रण लेगें। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में अधिक रहेगा।

वृष : आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप नजदीक में ही अपनी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे वह अच्छा समय बिताएंगे कामकाज में आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन: आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आप किसी काम के लिए नई योजना भी बना सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि होने की संभावना है।

कर्क : आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे।

सिंह : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपकी बहुप्रतीक्षित मनोकामना आज पूरी हो सकती है। आज फैमिली के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। आपके चहेते लोग आपके व्यापार में मदद कर सकते हैं।

कन्या : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप किसी काम में बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए कुछ नया क्रिएटिव करेंगे। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा।

तुला : आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है। किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको बचना चाहिए।

वृश्चिक: आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं साथ ही शाम को आप कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट भी जाएंगे।

धनु : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी और आपका कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ेगा। रिसर्च कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मकर : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिल सकती है। साथ ही कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आ सकता है।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज खास काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। घर में नए मेहमान के आने की खुशखबरी मिलने से घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। सामाजिक लोग आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे।

मीन : आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज काम में पेरेंट्स की मदद मिलने से काम जल्दी ही पूरा होगा। आज आपका सहपाठी आपसे अपनी बात शेयर कर सकता है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) किस देश ने फिटनेस और एकता को बढ़ावा देने के लिए 'वॉक टू मार्स' अभियान शुरू किया है?

2) देश में पहली बार किस राज्य ने सभी महिला कर्मचारियों के लिए हर महीने एक दिन का सवेतन मासिक धर्म अवकाश मंजूर किया है?

3) उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आवास का नया नाम क्या है?

4) भारत की वह एकमात्र नदी कौन सी है जो कर्क रेखा को दो बार काटती है?

5) हाल ही में किस राज्य में एक्टिनिडिया इंडिका नामक कीवी की एक नई जंगली प्रजाति की खोज की गई है?

उत्तरमाला- (1) संयुक्त अरब अमीरात (2) कर्नाटक (3) लोक भवन (4) माही नदी (5) अरुणाचल प्रदेश

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 361

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 360 का हल

कोपलवाणी स्कूल के बच्चे पहुंचे लोकभवन, राज्यपाल ने संस्था को दिया ई-रिक्शा

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने कोपलवाणी संस्था के बच्चों के आवागमन की सुविधा के लिए अपने स्वेच्छानुदान मद से ई-रिक्शा प्रदान किए और उन्होंने ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रायपुर/नवप्रदेश। आज विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर कोपलवाणी स्कूल के स्पीच थेरेपी सेंटर के बच्चे अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के साथ लोक भवन पहुंचे और राज्यपाल रमेन डेका से शिष्टाचार भेंट की। यह अवसर न केवल बच्चों के लिए विशेष रहा, बल्कि समाज में ऑटिज़्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

राज्यपाल ने बच्चे और उनके अभिभावकों तथा विशेष बच्चों के लिए समर्पित शिक्षकों से आत्मीय संवाद किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने ऑटिज़्म को नज़दीक से समझने का अवसर प्राप्त किया तथा विशेष बच्चों की क्षमताओं और चुनौतियों को संवेदनशीलता के साथ जाना।

कार्यक्रम के दौरान श्री डेका बच्चों के साथ अत्यंत आत्मीयता से मिले और उनके साथ समय बिताया। सभी ने मिलकर नीले रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़कर यह संदेश दिया कि समाज में हर बच्चे को समान अवसर, समझ और स्वीकार्यता मिलनी चाहिए।

कोपलवाणी की डायरेक्टर श्रीमती पद्मा शर्मा ने बताया कि यह पहला अवसर है जब विशेष बच्चे लोकभवन पहुँचे हैं। अभिभावकों ने भी इसे गर्व का विषय बताया कि उनके बच्चे आज राज्यपाल से भेंट कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सही मार्गदर्शन, विशेष शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज के संवेदनशील लोगों के सहयोग से ये बच्चे निश्चित ही जीवन में उत्कृष्ट मुकाम प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर की पूजा-अर्चना

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नर्मदा कुंड हनुमान मंदिर स्टेशन चौक एवं सर्व धर्म हनुमान मंदिर रेल्वे स्टेशन कैम्पस रायपुर में विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना कर आशीर्वाद लिया।

धमतरी के विद्यार्थियों ने किया लोकभवन का भ्रमण, राज्यपाल से की आत्मीय मुलाकात

राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर प्रदेश के सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय ''लोकभवन'' की कार्यप्रणाली से अवगत कराने और यहां की कार्यालयीन गतिविधियों से जनसामान्य को जोड़ने के उद्देश्य से लोकभवन का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज डी.पी.एस. स्कूल के विद्यार्थियों ने आज लोकभवन का भ्रमण किया और राज्यपाल श्री रमेन डेका से आत्मीय मुलाकात की। श्री डेका ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए उन्हें जरूरी मार्गदर्शन प्रदान किए। डेका ने कहा कि विद्यार्थी जीवन बहुत सुंदर होता है। इसका सदुपयोग करें तभी सफलता मिलेगी। जीवन के सभी निर्णयों को सोच-समझकर ठंडे दिमाग से लेना चाहिए। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। हर विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर नहीं बन सकता बल्कि अनेक क्षेत्र हैं जहां अपना कैरियर बना सकते है।

न्यूज गैलरी

गोकुल नगर में हाफमर्डर, पीड़ित की हालत नाजुक

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में चाकूबाजी थमने का नाम नहीं ले रही। तीन दिन पहले टिकरापारा इलाके के सिमरन सिटी में कारोबारी अजय अग्रवाल की हत्या के बाद कल गोकुल नगर में हाफमर्डर की घटना हुई। घायल अस्पताल में संघर्ष कर रहा है। आवेश खान नाम के युवक पर कासिम ऊर्फअम्मू ने चाकू से हमला किया। यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया। आवेश उस वक्त घर जा रहा था। यह हमला सरेराह किया। आरोपी अम्मू ने जान लेने के इरादे से सीधे आवेश के सीने पर चाकू मारकर मौके से फरार हो गया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। टिकरापारा पुलिस ने हत्या का प्रयास दर्ज का अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

भाजपा के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को विभिन्न जिलों में होंगे कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थापना दिवस 6 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। घर-घर झंडा फहराना, गांव चलो अभियान भी शामिल हैं। भाजपा कार्यक्रम के अधिकृत सूत्रों से मिली जानकारी के भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी जो कि केन्द्र सहित 15 से अधिक राज्यों में सत्ता में काबिज है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल से 16 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिसमें घर-घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता दस्तक देंगे। जिला रायपुर एवं प्रदेश कार्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा तथा रौशनी की जाएगी। इसके पश्चात भाजपा के वर्तमान एवं पूर्व सांसद सहित अन्य नेता गांव ढहर चलो अभियान में होंगे। इसमें भाजपा के सिद्धातों के बारे में जानकारी दी जाएगी। भाजपा कार्यलय में अनुसार इसके लिए सभी तैयारियां शुरू हो गई है। भाजपा कार्यक्रम से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा कैबिनेट मंत्री विभिन्न जिलों में जाएंगे तथा गांव-गांव में जाकर दस्तक देंगे। सभी कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वर्तमान में कई मंत्री असम तथा पश्चिम बंगाल के दौरे में गए हैं इन्हें भी शीघ्र बुलाया जाएगा। इसके अलावा भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं को याद किय जाए।

हम निर्दोष हैं, पुलिस ने फर्जी धाराओं में फंसाकर साल भर जेल में रखवाया

रायपुर/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में पैसा लगाकर दुगुना करवाने का चक्कर राजधानी रायपुर सहित आसपास के जिलों में भी तेजी से पैर पसार रहा है। फर्जी शेयर होल्डर, मार्केट के बिचोलिये भोले भाले ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाकर लूट रहे हैं। ऐसे ही एक मामले को लेकर धमतरी जिला थाना रूद्री के पूर्व सैनिक रामचन्द्र देवांगन, नागेन्द्र पटेल और हितेश प्रसाद सिंह ने प्रेसक्लब रायपुर पहुंचकर पत्रकारवार्ता में बताया कि वे भुतपूर्व सैनिक होने के नाते समाज सेवक भी हैं। रामचन्द्र देवांगन ने बताया कि वे धमतरी के जिला महामंत्री हैं, उनके कार्यकर्ता ग्राम भटगांव निवासी उमेश साहू को कोनाल साहू फर्जी शेयर होल्डर होने का झांसा देकर 40 लाख की लूट का शिकार बनाया। इस संबंध में जब वार्ताकारों ने जब उनके घर में जाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की तो कोनाल साहू ने परिजनों के साथ वार्ताकारों के खिलाफ गंभीर धाराएं यथा आईपीसी की धारा 331 (3), 319(2), 308(4), 351(2) एवं 309(4) जैसी गंभीर धाराओं में कोनाल के कहने पर फर्जी केस बनवाकर उनके खिलाफ एफआईआर कराई जिसके चलते उन्हें 1 साल जेल में काटना पड़ा। इस संबंध में पुलिस प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है क्योंकि वार्ताकारों के अनुसार वे बिना किसी हथियार के कोनाल के घर चर्चा के लिए गए थे। जबकि उनपर फर्जी एसीबी अधिकारी का आरोप लगाया गया। इस संबंध में पुलिस प्रशासन द्वारा वार्ताकारों का पक्ष अनदेखा किया गया। वार्ताकारों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री से मिलकर मामले की विस्तृत जांच की मांग करने की जानकारी देते हुए बताया कि कुल मिलाकर यह मामला क्रिप्सो करेंसी का है। जिसमें इसी तरह अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोनाल साहू द्वारा ठगी कर लोगों की मेहनत की कमाई बर्बाद की गई है। कोनाल साहू किसी का भी पैसा वापस नहीं किया है, जबकि रामचन्द्र देवांगन भारतीय सेना के 18 साल की सर्विस कर रिटायरमेंट के बाद जनसेवा कर रहे हैं। उन पर पुलिस प्रश

निगम प्रशासन ने संपत्तिकर जमा करने की तिथि बढ़ाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगरनिगम प्रशासन ने संपत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक जमा करने का निर्देश दिया गया है इससे संपत्तिकर दाताओं का राहत मिलेगी। निगम से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी जोनों के राजस्व विभागों में सम्पतिकर अदा करने सम्पतिकरदाता नागरिक उमड़ पड़े. सभी 10 जोनों में सम्पतिकरदाता नागरिक स्वयं आकर 31 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से संध्या 6 बजे तक अपना देय सम्पतिकर सहजता और सरलता के साथ अदा करते रहे। आज 31 मार्च को सुबह 10 बजे से संध्या 6 बजे तक नगर निगम राजस्व विभाग को 7083 सम्पतिकरदाता नागरिकों ने 6 करोड़ 69 लाख 55065 रूपये सम्पतिकर अदा कर दिया है।

बस्तर से फिलहाल नहीं हटेंगे सुरक्षा बल

10 नए थाने खुलेंगे, इनमें होगी बस्तर फाइटर्स के जवानों की पोष्टिंग

■ छह महिनों तक होगा स्थिति का आकलन

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में नक्सलवाद तय डेडलाइन के अंदर समाप्ति की घोषणा कर दी गई है। बावजूद इसके बस्तर में केंद्रीय बल के 40 हजार जवान अभी बस्तर से नहीं हटाए जाएंगे। इसकी पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। अफसर के अनुसार आने वाले छह महीनों में स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसके बाद बस्तर की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशा निर्देश के आधार पर फोर्स को लेकर निर्णय लिया जाएगा। बस्तर आईजी के अनुसार, बस्तर में 10 नए थाने खोले गए हैं, बस्तर फाइटर्स के चार हजार से ज्यादा जवानों की पोस्टिंग उन थानों में जाएगी। इसके साथ ही जिन थानों में बल की कमी है, उन थानों में बस्तर फाइटर्स के जवानों की पोस्टिंग की जाएगी। बस्तर फाइटर्स में टीआई से लेकर हर स्तर के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

इन जगहों पर थाना खोलने मिली अनुमति

बस्तर में जो नए थाना खोलने की अनुमति मिली है, उनमें दंतेवाड़ा जिला के पोटाली, सुकमा के मेहता, सिलगेर, बीजापुर में पुजारी, कांकेर में कोरचोली, नारायणपुर में गरपा, कस्तुरमेटा, तोके, कुतुल एवं कांकेर में सितरम नए थाना खोलने राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में स्वीकृति प्रदान की है। वर्ष 2025-26 के बजट में सुकमा जिला के एलमागुण्डा एवं डब्बाकोन्टा दो नए थाना खोलने स्वीकृति प्रदान की गई थी।

अब भी जारी रहेगी गश्त

नक्सलवाद समाप्ति के बाद भी केंद्रीय फोर्स के जवान जंगल के अंदर अब भी गश्त जारी रखेंगे। इसके साथ ही उनका काम अब नक्सलियों द्वारा छिपाए हथियारों की पतासाजी करने के साथ बमों को निष्क्रय करने का रहेगा। केंद्रीय फोर्स के जवानों की मदद से गांव के अंदर जनजागृति अभियान चलाने के साथ मुख्यधारा में लौट चुके नक्सलियों की गतिविधियों की निगरानी करने का काम रहेगा।

अप्रैल की शुरुआत में बारिश, आंधी की बन रही संभावनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी का का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया है। दिन से समय चलने वाली गर्म हवांए और तेज धूप ने लोगों के मुश्किलें बढ़ा दी हैं, तो वहीं अप्रैल महीने की शुरुआत बारिश और आंधी की संभावनाएं भी हैं। इतना ही नहीं प्रदेश के कई जिलों में ओले गिरने की आशंका जताई जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में अगले कुछ दिनों तक बारिश की भी संभावना है। इतना ही नहीं कई जगहों पर गरज के साथ आंधी और बादल तकड़ने की भी संभावना हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि एक नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा तक एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

48 घंटों तक लोगों को गर्मी से मिलेगी राहत

फिलहाल अगले 48 घंटों तक लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, आगामी दो दिनों तक तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगी और आसमान साफरहेगा। इस दौरान हवाओं की रफ्तार भी 40-50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। प्रदेश में एक-दो जगहों पर ओले गिरने की संभावना जताई गई है।

सोलर ऊर्जा से बिजली बिल हुआ शून्य, हो रही बचत

रायपुर/नवप्रदेश। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना आम लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। इस योजना का एक प्रेरणादायक उदाहरण धमतरी शहर के महात्मा गांधी वार्ड निवासी डॉ. भूपेन्द्र साहू हैं, जिन्होंने सोलर ऊर्जा अपनाकर न सिर्फ बिजली बिल से मुक्ति पाई, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया। डॉ. साहू ने बताया कि योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने विद्युत विभाग में आवेदन किया। प्रक्रिया बेहद सरल और पारदर्शी रही, जिसके चलते मात्र 15 दिनों के भीतर उनके घर की छत पर 3 किलोवॉट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कर दिया गया। आज उनके घर का बिजली बिल लगभग शून्य हो चुका है, जिससे उन्हें हर महीने आर्थिक राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि पहले बढ़ते बिजली बिल की चिंता रहती थी, लेकिन अब सौर ऊर्जा के माध्यम से निःशुल्क और निर्बाध बिजली मिल रही है। साथ ही, अतिरिक्त बिजली को नेट मीटरिंग के जरिए ग्रिड में भेजकर भविष्य में अतिरिक्त आय की संभावना भी बन रही है। यह योजना केवल व्यक्तिगत लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके सामाजिक और पर्यावरणीय फायदे भी हैं।

विकसित भारत की कल्पना हो रहा है साकार

रायपुर/नवप्रदेश। गाँव में कभी बस की पहुँच नहीं थी, आज वहाँ बस के आते ही बच्चों के चेहरे खिल उठते हैं। सड़क पर बस दिखते ही बच्चे हाथ हिलाकर खुशी जाहिर करते हैं और हॉर्न की आवाज़ सुनते ही लोग घरों से बाहर निकल आते हैं—एक नई उम्मीद के साथ। यह उम्मीद अब शहर मुख्यालय, नगर मुख्यालय और विकासखंड मुख्यालय तक आसान पहुँच की है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से राह हुई आसानमुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से राह हुई आसान

यात्री बस में बैठकर लोग उन दिनों को याद करते हैं, जब उन्हें पैदल या किसी निजी वाहन के सहारे दूसरे स्थानों तक जाना पड़ता था। अब हालात बदल चुके हैं। स्कूल के बच्चे समय पर स्कूल पहुँच रहे हैं, वहीं अधिकारी-कर्मचारी भी समय पर अपनी ड्यूटी पर पहुँच पा रहे हैं। यह बदलाव सिर्फ़ सुविधा का नहीं, बल्कि उन ग्रामीण परिवारों के सपनों का है जो विकसित भारत की कल्पना को अपने जीवन में साकार होते देख रहे हैं।

यह परिवर्तन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से संभव हो पाया है। इस योजना के तहत आज बसें उन गाँवों तक पहुँच रही हैं, जहाँ पहले कभी बस नहीं पहुँची थी।

हर घर जल से बदली बिराजपाली की तस्वीर

■ हर घर में नल से जल पहुंचने से जीवन हुआ आसान

रायपुर/नवप्रदेश। महासमुंद जिलें के पिथौरा विकासखंड का ग्राम बिराजपाली आज ÷हर घर जल÷ के लक्ष्य का हासिल कर लिया है। कभी पेयजल के लिए हैंडपंप और दूरस्थ स्त्रोतों पर निर्भर रहने वाले ग्रामीण अब घर बैठे स्वच्छ पानी का लाभ उठा रहे हैं। इस सुविधा ने न केवल उनकी दिनचर्या को सरल बनाया है, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाया है। ग्राम बिराजपाली में 21 फरवरी 2026 को हर घर जल का सफल प्रमाणीकरण किया गया। योजना के तहत गांव के 182 घरों को नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिससे प्रत्येक परिवार तक नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 94.27 लाख रुपये की लागत से 40 किलोलीटर क्षमता की ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही करीब 2270 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसके जरिए घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा है। गांव में 13 हैंडपंप और 3 पावर पंप भी उपलब्ध हैं, जो जल स्त्रोतों को अतिरिक्त मजबूती प्रदान करते हैं। योजना के सुचारू संचालन और रखरखाव के लिए ग्राम जल समिति का गठन किया गया है, जो प्रत्येक परिवार से 60 रुपये प्रतिमाह जलकर के रूप में संग्रहित कर रही है। इस उपलब्धि में सरपंच श्री एतराम साहू और सचिव श्रीमती पुष्पलता चौहान के नेतृत्व तथा ग्रामीणों के सहयोग की अहम भूमिका रही है।

एक मई से जनगणना शुरू करने प्रशिक्षण प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में जनगणना का काम एक मई से शुरू होगा। इसके लिए राज्य में मकान सूचीकरण तथा प्रशिक्षण का काम शुरू हो गया है। संचालक जनगणना कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में जनगणना का काम एक मई से शुरू होगा। इस नई जनगणना में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी देंगे, 11 बिंदुओं पर जानकारी मांगी जाएगी। इसके लिए शिक्षकों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि यह काम सुगमतापूर्वक दिचा। राज्य में जनगणना का कार्य करने के लिए संचालक के रूप में कार्तिकेय गोयल को नियुक्त किया गया है। वे भारत के जनगणना निर्देशक से उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। राज्य में नगरपालिक निगम के माध्यम से मकान मकानों का सूची करण वार्ड स्तर पर जारी है। यहां पर जनगणना कार्यालय से डाटा संग्रह किया स 2028 तक यह काम पूरा होगा।

जनजातीय जड़ों से अंतर्राष्ट्रीय फलक तक

छत्तीसगढ़ की स्टार फुटबॉलर किरण पिस्दा के संघर्ष की कहानी

■ किरण भारत के लिए खेल चुकी हैं और क्रोएशियन महिला लीग में डिनामो ज़ाग्रेब के लिए भी खेली हैं

रायपुर/नवप्रदेश। जब खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के दौरान किरण पिस्दा ने गोलकीपिंग के दस्ताने पहने, तब वह अपने अब तक के अनुभवों पर भरोसा कर रही थीं। उन अनुभवों पर, जिन्होंने चुनौतियों और निराशाओं के बीच उन्हें और अधिक मजबूत बनाया। 24 साल की उम्र में किरण अपने खेल कौशल के शिखर पर नजर आती हैं। वह यूरोप में लीग फुटबॉल खेल चुकी हैं और अब बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दहलीज पर हैं। हालांकि, उनका यह सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा, भले ही उन्हें स्कूल और परिवार से शुरुआती समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश पिस्दा, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, उनके लिए प्रेरणा बने। किरण ने साई मीडिया से कहा, मुझे स्कूल में काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के मौके मिले और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया।÷ इसके बाद किरण शारीरिक शिक्षा में डिग्री हासिल करने के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलावा मिला। किरण बताती हैं, उस समय मैं शारीरिक रूप से उतनी फिट नहीं थी और मेरा मानसिक स्तर भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं था। यही कारण रहा कि उस राष्ट्रीय शिविर में उन्हें भारतीय टीम के लिए चयन नहीं मिला। वह कहती हैं, मुझे एहसास हुआ कि वहां जो अनुभव मिला है, उस पर मुझे काम करना होगा। इसके बाद उनके जीवन में आत्म-सुधार का एक कठिन दौर शुरू हुआ। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया, मैचों का विश्लेषण करना शुरू किया और अपनी पोज़िशनल समझ को बेहतर बनाया। लेकिन सबसे बड़ा बदलाव उनकी मानसिकता में आया।

सीधे प्रदर्शन पर पड़ता है नकारात्मक का असर

वह कहती हैं, मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी। अगर आप नकारात्मक हो जाते हैं, तो उसका सीधा असर आपके प्रदर्शन पर पड़ता है। इस बदलाव में उनके मेंटर और कोच योगेश कुमार जांगड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। किरन ने कहा, जब भी मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हूं या मन खराब होता है, तो मैं उनसे बात करती हूं। वह हमेशा मुझे सकारात्मक रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

मंदिर परिसर में हुई चाकूबाजी, वारदात सीसीटीवी में कैद

रायपुर/नवप्रदेश। भाठागांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में युवक पर जानलेवा हमला किया। लक्की साहू नाम के युवक ने नाबालिग पर चाकू से हमला किया। पुराने विवाद के चलते चाकू मारा। गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला किया। युवक की हालत गंभीर, निजी अस्पताल में इलाज जारी है। मंदिर परिसर में लगे कैमरे में पूरी वारदात कैद हुई। आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुरानी बस्ती पुलिस तलाश कर रही है। गोकुल नगर में हाफमर्डर तीन दिन पहले टिकरापारा इलाके के सिमरन सिटी में कारोबारी अजय अग्रवाल की हत्या के बाद कल गोकुल नगर में हाफमर्डर की घटना हुई।

न्यूज गैलरी

राज्य स्तरीय त्रि-दिवसीय मानसगान सम्मेलन का होगा आयोजन

कोंडागांव/ नवप्रदेश। दिनांक - 3, 4, 5 अप्रैल 2026 को परम पिता परमेश्वर राघवेन्द्र सरकार, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एवं केशकाल के आराध्य देवी माता तेलिनसती की असीम कृपा से ग्राम सुरडोंगर, केशकाल के पावन धाम पर त्रि-दिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से रख गया है।।इस आयोजन में आमंत्रित मानस मंडलियाँ इस प्रकार है 3 अप्रैल 2026को सदभावना मानस परिवार विश्रामपुरी, तुलसी के संदेश मानस मण्डली गागरा (धमतरी), प्रज्ञा मानस परिवार सोरिद खुर्द, 36गढ़ खजुराहो भोरमदेव मानस परिवार कवर्धा, माधुर्य मानस मण्डली पोटियाडीह,04 अप्रैल 2026*को जय बजरंग मानस परिवार सुरडोंगर, महाकाल मानस परिवार फरसगांव,श्रीराम मानस प्रचार समिति गणेश चौक धमतरी,वस्तरिया मानस परिवार बरकई (फरसगांव), जय अम्बे मानस परिवार रायपुर (महासमुंद),वंदना महिला मानस मण्डली पारास (बलोद), व 5 अप्रैल 2026,को श्री राम जानकी मानस परिवार बिरौदा,राम रत मानस परिवार फरसगांव,आदर्श श्री राम भक्त मानस परिवार रखसे (कबीरधाम),जयशंकर मानस परिवार चिखली, गरियाबंध,गुरु कृपा मानस परिवार बेलभाट (बालोद),भरत प्यारा मानस परिवार माकड़ी (कोण्डागांव) का मंचन होगा।

शुरू होने वाले लिंगों पेन कर्रसाड़ का कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण

कांकेर / नवप्रदेश। कलेक्टर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा और जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी आज जिले के अंतागढ़ विकाखण्ड में आमाबेड़ा के पास स्थित ग्राम सेमरगांव में 02 अप्रैल से शुरू होने वाले लिंगों पेन कर्रसाड़ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों और समाज के लोगों से चर्चा कर कर्रसाड़ स्थल एवं मेला स्थल में मुहैय्या कराए जा रहे आवश्यक सुविधाओं जैसे-बिजली, पेयजल, पार्किंग इत्यादि की जानकारी ली, साथ ही स्थल का अवलोकन भी किया। उनके द्वारा मुख्य मार्ग के पास निर्माधान अस्थायी हैलीपेड, कर्रसाड़ स्थल के नजदीक बागझर नाला में बनाए गए स्टाफडेम का निरीक्षण भी किया। जिला प्रशासन द्वारा कर्रसाड़ स्थल तक आवागमन के लिए परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, इसके संबंध में समाज के पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अंतागढ़ ए.एस पैकरा, एसडीएम अंतागढ़ राहुल रजक सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

कर्रसाड़ स्थल तक आवागमन के लिए बस की सुविधा

अंतागढ़ / नवप्रदेश। विकाखण्ड में आमाबेड़ा के पास स्थित ग्राम सेमरगांव में 02 से 04 अप्रैल तक आयोजित होने वाले लिंगों पेन कर्रसाड़ स्थल तक आवागमन के लिए जिला प्रशासन कांकेर द्वारा निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कर्रसाड़ अवधि में अंतागढ़ से सेमरगांव, कांकेर से सेमरगांव, और कोरर से सेमरगांव के लिए बस संचालित की जाएगी।मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ बस स्टैण्ड से सेमरगांव व्याहा-कढ़ाई खोदरा-बड़ेपिंजोड़ी-सेमरगांव। इसी प्रकार कांकेर नया बस स्टैण्ड से सेमरगांव, व्याहा-मलांजकुडुम-गुमझीर-उसेली-निलझर-बोड़ागांव से सेमरगांव और कोरर बस स्टैण्ड से सेमरगांव, व्याहा-हाटकर्रा-तरान्दूल-खसगांव-बोड़ागांव-सेमरगांव मार्ग से कर्रसाड़ स्थल तक पहुंचने के लिए निःशुल्क बस संचालित किया जाएगा।

एकलव्य खेल परिसर का कलेक्टर ने लिया जायजा

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। आज कलेक्टर श्री दिनेश कुमार ध्रुव के द्वारा जावंगा स्थित एकलव्य खेल परिसर, निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम, स्विमिंग पुल, स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले में खेल परिदृश्य को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक बुनियादी सुविधाओं विकसित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षकों एवं क्रीडा तथा शिक्षा अधिकारियों से चर्चा किया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम एकलव्य खेल परिसर का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों हेतु फिजियोथेरेपिस्ट, डायटिशियन, न्यूट्रिशन को नियुक्त करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने खेल मैदान में विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था के सुचारू संचालन तथा प्रसाधन कक्षों के निर्माण, नाली मरम्मत कार्य, के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां जैसे एथलेटिक्स, तीरंदाजी, थाई बॉक्सिंग जैसे विभिन्न खेलों के अनुरूप, स्पोर्ट्स जूते, सहित अन्य खेल सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराने अधिकारियों को कहा। मौके पर प्रशिक्षकों ने विगत वर्ष यहां के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विभिन्न खेलों में प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी कलेक्टर को दी।

दूरस्थ अंचल के ग्राम चेमा में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

■ शिविर में 176 आवेदन प्राप्त हुए

कोंडागांव/ नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जनसमस्याओं के समाधान हेतु जिले के विभिन्न गांवों में लगातार जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कोंडागांव अंतर्गत जिले के दुरस्थ अंचल के ग्राम चेमा में बुधवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया और ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद उपाध्यक्ष श्री टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्री नन्द लाल राठौर एवं श्रीमती यशोदा कश्यप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामवासियों को विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों से कुल 176 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 08 डिजिटल किसान किताब का वितरण और 04 जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षा विभाग द्वारा 10 जाति प्रमाण पत्र वितरण, खाद्य विभाग द्वारा 01 राशन कार्ड और श्रम विभाग द्वारा 10 श्रम कार्ड वितरण किया गया।

शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत सामग्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने खुशी जताते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया, तहसीलदार विजय प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भाजपा नेता के ढाबे में शराब बिक्री का भंडाफोड़, पुलिस की दबिश से मचा हड़कंप

लंबे समय से मिल रही थी शिकायत, पुलिस ने दबिश देकर जब्त की अवैध शराब

कांकेर / नवप्रदेश। नशे के खिलाफ बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा की कथनी और करनी के बीच एक बार फिर गहरी खाई उजागर हुई है। बुधवार की शाम कांकेर के कावडे ढाबा में पुलिस ने दबिश दी ढाबा से अवैध शराब पाया गया। ढाबा संचालक भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष ईश्वर कावड़े से जुड़ा है, जिनके ढाबे में खुलेआम अवैध शराब बेचे जाने का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इसके अलावा बायपास रोड स्थित संचालित कुंवर दादरा ढाबा में पुलिस ने दबिश दी इसके ढाबा से भी अवैध शराब पाया गया। कुंवर दादरा ढाबा संचालक विजय साहू उर्फ बबलू कुंवर दादरा सहित अन्य ढाबा संचालक पर कार्यवाही किया गया है। कांकेर पुलिस की देर शाम हुई कार्रवाई ने पूरे जिले की राजनीति में भूचाल ला दिया है। सूत्रों के अनुसार लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि शहर से लगे इलाके में संचालित इस ढाबे में नियमों को ताक पर रखकर अवैध शराब परोसी जा रही है। आखिरकार पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए दबिश दी, जहां मौके पर शराब बिक्री के प्रमाण मिले। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब जब्त की गई और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई।

राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहा था गोरखधंधा?

सबसे गंभीर सवाल यह है कि आखिर इतने लंबे समय से यह अवैध कारोबार किसके संरक्षण में चल रहा था। जिस व्यक्ति पर आदिवासी समाज के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी है, उसी पर कानून तोड़ने का आरोप लगना भाजपा की साख पर सीधा हमला माना जा रहा है।

नशे पर सियासत बनाम जमीन की हकीकत

भाजपा लगातार प्रदेश में नशामुक्ति के बड़े-बड़े अभियान और दावे करती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर पार्टी के ही पदाधिकारी इस तरह के धंधों में लिप्त पाए जा रहे हैं, तो सवाल उठना लाजिमी है। क्या यह सिर्फ एक मामला है या फिर यह एक बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करता है? स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ढाबे में देर रात तक संदिग्ध गतिविधियां चलती थीं और कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह भी संदेह गहराता है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक स्तर पर भी लापरवाही या दबाव काम कर रहा था।

कार्रवाई या लीपापोती?

फिलहाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब जब्त कर ली है, लेकिन अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी या फिर राजनीतिक दबाव में इसे दबाने की कोशिश की जाएगी।यह मामला केवल एक ढाबे का नहीं, बल्कि कानून के राज और राजनीतिक नैतिकता की असल परीक्षा बन गया है।

अग्निवीर-नौसेना भर्ती के लिए शुरू हुआ विशेष प्रशिक्षण

■ युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

कांकेर/ नवप्रदेश। जिले के युवाओं को भारतीय सेना एवं अग्निवीर नौसेना भर्ती के लिए सशक्त और तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पूना परियोजना अंतर्गत निःशुल्क लिखित एवं शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 1 अप्रैल से किया गया, जिससे युवाओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश कुमार मंडावी के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में इसे व्यवस्थित रूप से लागू किया गया है।विकासखंड कांकेर, नरहरपुर और चारमा के प्रतिभागियों के लिए वृहद खेल मैदान सिंगारभाट में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले ही दिन 142 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मैदान में युवाओं का जोश, अनुशासन और देशसेवा के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से नजर आया।

इसी क्रम में विकासखंड अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और कोयलीबेड़ा के युवाओं के लिए पूना परियोजना चौगेल (मुल्ला) में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है, जहां पहले दिन 108 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इन क्षेत्रों में पहले से ही 120 युवक नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो इस पहल की निरंतरता और सफलता को दर्शाता है।

सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन के कारण बढ़ी महंगाई : कांग्रेस

कांकेर/ नवप्रदेश/ कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बसंत यादव ने मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण महंगाई बढ़ने की बात कही है।

जिलाध्यक्ष यादव ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस के दाम में 195 रू. की बढ़ोतरी कर दिया। इसके पहले तीन महीने में कमर्शियल गैस के दाम में 525 रू. की बढ़ोतरी हुई थी। पिछले हफ्ते ही मोदी सरकार ने घरेलू गैस के दाम में 62 रू की बढ़ोतरी कर दिया। सरकार ने खूब वाहवाही लिया कि पेट्रोल, डीजल पर एक्साइज कम कर दिया भाजपा नेता इसको सरकार की बड़ी राहत प्रचारित कर रहे थे लेकिन आज ही पेट्रोल के दाम में 1 रू. से अधिक की बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में हुई है। नायरा के पेट्रोल पंप में तो यह बढ़ोतरी 4 रू. की है।

एवीएशन के पेट्रोल मे भी बढ़ोतरी कर दीं गयी जिससे हवाई यात्रा भी महगी हो गई।खाद्य तेल, मावा, राशन सामग्री सभी के दाम बेतहाशा बढ़ गये है। दूध के दाम भी बढ़ गये।

आम आदमी के किचन का बजट मोदी सरकार ने बढ़ा दिया है। खाद्य तेल को 70 रुपए प्रति लीटर तक पहुंचने में 70 साल लग गए थे, लेकिन मोदी राज के चंद दिनों में ही 200 पार हो गया।घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपाइयों को 400 रुपए में महंगा लगाता था, उसे 900-1000 तक पहुंचा दिए,कर्मिशयल गैस सिलेण्डर के दाम आज से 1580 से बढ़कर 1691 हो गया है। भाजपा सरकारों को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है ।

आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

कोंडागांव जिले को मिली 9 एम्बुलेंस

कोंडागांव/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में आज 06 बेसिक लाइफसपोर्ट एवं 01 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सहित कुल 07 एम्बुलेंस की शुरुआत हुई। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ पी. एल. मंडावी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि नई एंबुलेंस सुविधा से दूरस्थ अंचलों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदृढ़ होगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल ने नए एंबुलेंस सेवा की शुरुआत

राजस्व सचिव ने पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल का किया निरीक्षण

कांकेर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं खाद्य विभाग के सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज अंतागढ़ स्थित पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल और मावा मोदोल लाईब्रेरी एवं नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईसीटी लैब, कंप्यूटर लैब, मीडिया लैब, रिटेल लैब, केमिस्ट्री लैब, फिजिक्स लैब, बायोलॉजी लैब, पुस्तकालय एवं शौचालय सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सचिव श्रीमती कंगाले ने परिसर में हरियाली बढ़ाने, स्कूल परिसर के मध्य शेड निर्माण कराने तथा बरामदे में पेवर ब्लॉक लगवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्कूल परिसर में इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं बिजली की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली, जिस पर कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने 100 एमबीपीएस की इंटरनेट स्पीड उपलब्ध होने की जानकारी दी।

सुकमा में अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का बुलडोजर मोड ऑन

सुकमा / नवप्रदेश। सुकमा शहर में जमीन का 'साइलेंट कारोबार' अब प्रशासन की नजरों में खुलकर आ गया है। अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति निर्माण के खिलाफ नगर पालिका परिषद ने एक बार फिर सख्त तेवर दिखाते हुए नोटिसों की बौछार कर दी है।

चेतावनी साफ है या तो नियम मानो, या कार्रवाई झेलो! जानकारों के मुताबिक, वार्ड क्रमांक 14 (कलेक्टर कार्यालय के पीछे पवारास क्षेत्र) में बड़े भू-खंडों को चुपचाप छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बेचा जा रहा था। बिना अनुमति चल रहे इस 'प्लॉटिंग गेम' को अब प्रशासन ने कानून का चाबुक दिखा दिया है। नगर पालिका अधिनियम 1961 और कॉलोनाइजर नियम 2013 के उल्लंघन पर सीधे नोटिस थमा दिए गए हैं। खास बात यह है कि खसरा नंबर 1283/22, 1283/7 और 1283/6 की जमीन को नियमों को ठेंगा दिखाते हुए टुकड़ों में बेचने का मामला सामने आया है। नगर पालिका ने दो टूक आदेश दिया है तुरंत प्लाटिंग बंद करने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

कार्रवाई के लिए बुलडोजर तैयार!

नगर पालिका ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि आदेशों की अनदेखी हुई, तो अवैध निर्माण पर सीधे बुलडोजर चलाया जाएगा। साथ ही संबंधित भू-स्वामियों पर दंडात्मक कार्रवाई भी तय मानी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को भी रिपोर्ट भेजी गई है। तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित खसरों के क्रय-विक्रय पर तत्काल रोक लगाई जाए। अब जमीन का कोई भी सौदा प्रशासन की नजर से बच पाना आसान नहीं होगा।

अवैध कॉलोनियों पर फुल स्टॉप की तैयारी

नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि शहर में बेतरतीब विकास और सुविधाओं पर बढ़ते दबाव को रोकने के लिए अब अवैध प्लाटिंग पर पूरी तरह लगाम कसी जाएगी। साफ संकेत है अब सुकमा में जमीन का मामला नियमों से ही चलेगा!

ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

भानुप्रतापपुर / नवप्रदेश। । जिले के दुर्गुकोंदल ब्लॉक में फल-फूल रहे अवैध रेत उत्खनन और पुलिस प्रशासन की कथित मिलीभगत ने अब एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले लिया है। गुरुवार को भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक पर ग्रामीणों, जन प्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर स्थानीय एसडीओपी और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ का गंभीर आरोप लगाया है। प्रदर्शन का मुख्य केंद्र एसडीओपी शेर बहादुर सिंह को पद से हटाने की मांग रही। ग्रामीणों का आरोप है कि एसडीओपी न केवल माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं, बल्कि विरोध करने वाले जनप्रतिनिधियों को डरा-धमका भी रहे हैं। ज्ञापन के अनुसार, पूर्व जनपद सदस्य व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोपसिंह आंचला को एसडीओपी द्वारा टांग तोड़ने की धमकी दी गई है, जिसका ऑडियो साक्ष्य भी उच्चाधिकारियों को सौंपा गया है। ग्रामीणों ने साफ कहा, एसडीओपी का काम कानून की रक्षा करना है, रेत चोरों की दलाली करना नहीं। अगर किसी प्रदर्शनकारी को कुछ हुआ, तो उग्र प्रदर्शन कर दिया जाएगा। वहीं ग्राम पंचायत लोहत्तर की महिला सरपंच बसंती भलेश्वर को रेत खदान संचालित करने वाले लोगों के आदमी घर में घुसकर खुलेआम धमकी दिया जा रहा है उस पर भी जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने निम्नलिखित मांगें रखी हैं। एसडीओपी शेर बहादुर सिंह को तत्काल प्रभाव से क्षेत्र से हटाया जाए। रेत माफिया सचिन दुबे और एसडीओपी के संबंधों की निष्पक्ष जांच हो।

दिखावे की कार्रवाई: दिन में सील, रात में खेल

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ग्राम डंडईखेड़ा और मेरेगांव में रेत का अवैध कारोबार चरम पर है। प्रशासन दिन में मशीनें सील करने का नाटक करता है, लेकिन वही मशीनें रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक धड़ल्ले से नदियों का सीना चीर रही हैं। यह सब पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर सचिन दुबे नामक व्यक्ति का नाम लेते हुए उसे रेत माफिया का सरगना बताया, जो खुद को सत्ताधारी दल का नेता और पुलिस का मित्र बताकर आदिवासियों को डरा रहा है।

कोन्टा छात्रावास में लापरवाही पर गिरी गाज

सुकमा /नवप्रदेश । जिले के कोन्टा विकासखंड स्थित प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास में छात्रों की निगरानी में गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले में प्रभारी अधीक्षक आस मुकेश को तत्काल प्रभाव से उनके दायित्वों से मुक्त कर मूल पदस्थापना स्थल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, अधीक्षक को पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर जवाब मांगा गया था। 25 मार्च को प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर प्रथम दृष्टया जांच में शासकीय निर्देशों की अनदेखी और छात्रों की निगरानी में गंभीर चूक उजागर हुई। इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत कदाचार मानते हुए एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्रवाई भी की गई है।

प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेहता बालक आश्रम के प्रभारी अधीक्षक सरियम मुकेश को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वे आगामी आदेश तक दोनों संस्थानों का संचालन संभालेंगे।वही दूसरी तरफ चिंतलनार (चिंतागुफा) स्थित पोर्टाकेबिन आवासीय विद्यालय में भारी अव्यवस्था उजागर होने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर अमित कुमार के आकस्मिक निरीक्षण में विद्यालय की स्थिति बेहद खराब मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी, छात्रावास में अव्यवस्था, बच्चों के बिस्तरों की खराब स्थिति और छात्रों की अस्वच्छ दशा सामने आई। प्रारंभिक जांच में प्रबंधन की लापरवाही स्पष्ट होने पर अधीक्षक किरण कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक दिन में जवाब मांगा गया है।

वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए माध्यमिक स्तर के अधीक्षक भूपतराज ठाकुर और सहायक अधीक्षक (प्रारंभिक) को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

कृषि मंत्री नेताम ने वर्चुअल रूप से 9 नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई। जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले को मिले 9 एम्बुलेंस को प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें 08 बेसिक लाइफ सपोर्ट और 01 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं। इस सौगात के साथ ही जिले में 108 एम्बुलेंस की समस्त सेवाएं अब जिले के सभी विकासखंडों और दूरस्थ ग्रामीण वनांचलों तक त्वरित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी।

इस अवसर पर मंत्री रामविचार नेताम ने वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में राज्य शासन प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये एम्बुलेंस केवल वाहन नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में जीवन बचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि शासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली माताओं, बहनों और बच्चों को आपातकालीन स्थिति में समय पर उपचार मिल सके। मरीजों को ''गोल्डन ऑवर'' में चिकित्सा सहायता मिलना जीवन रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और यह पहल इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने कहा कि आपातकालीन सेवाओं को दुरुस्त रखने के लिए एम्बुलेंस संचालन एजेंसी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा।

इससे सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया समय में निरंतर सुधार होगा जिससे जरूरतमंदों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सेवा में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए वे स्वयं इन सेवाओं की नियमित निगरानी करेंगे,ताकि किसी भी जरूरतमंद को समय पर एम्बुलेंस मिलने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में सतत प्रयास किए जाएंगे। जिले को मिली 9 नई एम्बुलेंस को विभिन्न विकासखंडों और स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यकतानुसार तैनात किया गया है, ताकि पूरे जिले को कवर किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत जिला चिकित्सालय बलरामपुर को 2 और वाड्रफनगर को 2 एम्बुलेंस आवंटित की गई हैं। इस कार्यक्रम अवसर पर पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर, रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष बबली देवी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. शशांक गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना: रेलवे कॉलोनी में जोखिम भरी जगह खड़ी रही मेडिकल बस, हादसे का अंदेशा

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 03 रेलवे कॉलोनी में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (बस) के स्थान चयन को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल खड़े किए हैं। जिस स्थान पर बस खड़ी कर मरीजों का इलाज किया जा रहा था, वह आवागमन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील और जोखिम भरा है। रेलवे ओवरब्रिज बनने के बाद से इस मार्ग पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है। शहर के बाहर से आने वाले लोग और प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर जाने वाले श्रद्धालु इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। सड़क सिंगल होने के कारण यहाँ जगह का अभाव है। मेडिकल यूनिट की बस जिस जगह खड़ी थी, उसकी सीढ़ियां सीधे सड़क पर खुल रही थीं। ऐसे में बस से उतरते समय मरीज सीधे चलती सड़क पर आ रहे हैं, जिससे किसी भी वक्त तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जब मौके पर तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों से इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने भी स्वीकार किया कि सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थान सही नहीं है। कर्मचारियों का कहना था कि सामान्य तौर पर बस को खाटू श्याम मंदिर के पास सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया जाता है, लेकिन भीषण धूप और गर्मी से बचने के लिए छाया को देखते हुए बस को इस जगह लगाया गया था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण कुमार एक्का से संपर्क किया गया उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

धनवार में कार्रवाई 20.64 बल्क लीटर अवैध विदेशी मदिरा जब्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले के वाड्रफनगर वृत्त अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए आबकारी जांच चौकी धनवार में कार्रवाई की गई। इस दौरान 20.64 बल्क लीटर विदेशी मदिरा (उत्तर प्रदेश राज्य की) जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृत कुमार एवं आदित्य कुमार द्वारा दो पहिया वाहन से विदेशी मदिरा (उत्तर प्रदेश राज्य की) का अवैध परिवहन किया जा रहा था। धनवार जांच चौकी में जांच के दौरान आरोपियों के पास से 20.64 बल्क लीटर विदेशी मदिरा एवं दो पहिया वाहन को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59-क के तहत प्रकरण दर्ज आवश्यक कार्यवाही की गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने दी सत्रांत पुनर्नियुक्ति और स्वत्वों की स्वीकृति

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के प्राचार्य राम लोलारक मिश्रा 31 मार्च 2026 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इनके सेवानिवृत्ति तिथि को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा द्वारा सत्रांत तक पुर्ननियुक्ति आदेश, अर्जित अवकाश नगदीकरण आदेश तथा समूह बीमा योजना राशि का स्वीकृति आदेश प्रदान करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

सेना भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीकरण तिथि बढ़ी, अब 10 तक करें आवेदन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा बताया गया है कि भारतीय सेना में भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। पूर्व में यह तिथि 01 अप्रैल 2026 निर्धारित थी। ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ हुई थी, जिसमें अब अभ्यर्थी बढ़ी हुई तिथि तक आवेदन कर सकेंगे। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी में अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), तकनीकी, लिपिक/स्टोर कीपर, ट्रेडमैन (10वीं एवं 8वीं), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) सहित स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार (सेना शिक्षा) एवं धर्म शिक्षक पदों पर पंजीकरण किया जा रहा है।

होटल-ढाबों में धड़ल्ले से परोसी जा रही शराब

*आबकारी विभाग की चेतावनी

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। शहर और आसपास के मुख्य मार्गों पर स्थित ढाबों और रेस्टोरेंट में इन दिनों अवैध रूप से शराब पिलाने का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। नेशनल हाईवे चैनपुर से मौहार पारा, स्टेशन रोड, आमा खेरवा मार्ग, बस स्टैंड, कॉलेज रोड और जेकेडी रोड स्थित अधिकांश होटलों व ढाबों में संचालक अपने ग्राहकों को खुलेआम शराब परोस रहे हैं। गौरतलब है कि एमसीबी जिले की पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के पदभार ग्रहण करने के बाद से अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसा गया है। सट्टा, कबाड़ और नशीले इंजेक्शनों पर लगातार हुई कार्यवाही से इन गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। पुलिस की इस सख्ती के कारण अब शराब के शौकीन और कोचियों ने होटल-ढाबों को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों के साप्ताहिक बाजारों में चावल से निर्मित नशीली 'कोसना' शराब का अवैध विक्रय चरम पर है। मात्र 10 रुपये प्रति गिलास और 30 से 50 रुपये प्रति लीटर की दर पर यह नशा आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्व में इस पर कार्यवाही को लेकर संशय की स्थिति थी, लेकिन जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि कोसना की बिक्री और परिवहन भी आबकारी एक्ट के तहत उसी तरह दंडनीय है जैसे देशी-विदेशी शराब। जिला आबकारी अधिकारी शशिकला पैकरा ने बताया कि पिछले सप्ताह कई होटलों और रेस्टोरेंट की जांच की गई थी, हालांकि उस दौरान मौके पर शराब नहीं मिली। साप्ताहिक बाजारों में भी विक्रेताओं को कड़ी समझाइश दी गई है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दोबारा इन स्थानों पर शराब या कोसना की बिक्री पाई गई, तो सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। समझाइश के बादबिक्री के समर्थन में कई लोगों के फोन आए उनका नाम नहीं बताया,,साप्ताहिक बाजार में अगर शराब बिक्री बंद नहीं की है तो उन पर बिल्कुल कार्रवाई की जाएगी विभाग द्वारा आने वाले दिनों में होटल-ढाबों पर फिर से छापामार कार्यवाही की योजना तैयार की गई है।

कृषि नवाचार के लिए रत्नावली हुई सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं छत्तीसगढ़ शासन अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की पूर्व सदस्य रत्नावली कौशल को कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के उपयोग और प्रदेश भर के किसानों को आधुनिक एवं उन्नत खेती की ओर प्रेरित करने के लिए राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विशेष रूप से सम्मानित किया। यह सम्मान रायपुर के प्रतिष्ठित होटल बेबीलॉन में आयोजित फार्म टू फार्म कार्यक्रम में दिया गया। जहां रत्नावली कौशल को मोमेंटो भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम ने इस अवसर पर रत्नावली कौशल के अथक प्रयासों की सराहना की।

कृषि मंत्री श्री नेताम ने रत्नावली कौशल को सम्मानित करते हुए उनके द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से रत्नावली कौशल के किसानों के बीच उन्नत कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाने के निरंतर प्रयासों को रेखांकित किया। रत्नावली कौशल ने उपस्थित किसान समुदाय को संबोधित करते हुए परंपरागत खेती की सीमाओं पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने फसल चक्रण, दलहन और तिलहन फसलों की खेती, और गन्ने की खेती को फायदेमंद बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में शक्कर कारखाने खोले हैं, जहां गन्ने की अच्छी डिमांड हो रही है।

स्वच्छता दीदी को बैल ने पटककर किया घायल

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या और पशुपालकों की लापरवाही अब आम नागरिकों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। ताजा घटना गुरुनानक वार्ड (वार्ड क्रमांक 09) की है, जहाँ गुरुवार सुबह करीब 10 बजे कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही स्वच्छता दीदी वर्षा बड़ा (निवासी उरांव पारा) पर एक आवारा बैल ने हमला कर दिया। बैल ने वर्षा को सींग से उठाकर सड़क पर पटक दिया, जिससे उन्हें शरीर में गंभीर चोटें आई हैं।

घटना के तुरंत बाद एस.एल.आर.एम. सेंटर प्रभारी अजीज मौके पर पहुँचे और घायल स्वच्छता दीदी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार और आवश्यक दवाइयां देने के बाद वर्षा बड़ा को घर भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में आए दिन बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग इन आवारा पशुओं का शिकार होकर घायल हो रहे हैं। शहर में यह चलन बढ़ गया है कि पशुपालक अपने मवेशियों से काम लेने के बाद या सुबह दूध निकालने के बाद उन्हें सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं। ये पशु दिनभर सड़कों पर विचरण करते हैं और राहगीरों के लिए खतरा बनते हैं। शाम होते ही ये पशु वापस अपने मालिक के घर पहुँच जाते हैं, लेकिन दिनभर इनके कारण होने वाली दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। इस गंभीर मामले में जब प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी तरुण कुमार एक्का से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंगराज सिदार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि वेटरनरी अधिकारी, पशुपालकों और नगरपालिका के अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर जल्द ही आवश्यक और सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में सीएससी ऑपरेटर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ईकेवायसी सुनिश्चित करने पहल करते हुए सीएससी ऑपरेटर एवं आंगनवाड़ी पर्यवेक्षकों का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के सभी 6 विकासखण्डों में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम इस उद्देश्य 01 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक जिले के सभी पात्र हितग्राहियों का ईकेवायसी कार्य सुचारू एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी है कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का ईकेवायसी कराना अनिवार्य किया गया है, जिससे योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सही पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित किया जा सके। जिसके लिए प्रशिक्षण के माध्यम से सभी संबंधित कार्मिकों को ईकेवायसी प्रक्रिया, पोर्टल संचालन, हितग्राही सत्यापन एवं फील्ड स्तर पर समन्वय की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में प्रत्येक हितग्राही का ईकेवायसी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों को सीएससी तक लाने में सहयोग, ऑपरेटर द्वारा निःशुल्क एवं पारदर्शी ईकेवायसी प्रक्रिया सुनिश्चित करना, हितग्राहियों की व्यक्तिगत जानकारी एवं ओटीपी की गोपनीयता बनाए रखना।

संगठन सृजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

पेंड्रा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के प्रभारी शैलेश पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए शैलेश पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाला समय कांग्रेस का है। बैठक में मंडल कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सेक्टर प्रभारियों की जल्द नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर प्रशांत श्रीवास ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लगातार तीन पंचवर्षीय कार्यकालों के अनुभव का लाभ पेंड्रा ब्लॉक को मिलेगा। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी से मिलकर काम करने की अपील की।

मनेन्द्रगढ़ नपा में एसीबी की कार्रवाई के बाद जनहित के कार्य ठप, जनता परेशान

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में भ्रष्टाचार के विरुद्ध हुई एसीबी की कार्रवाई के बाद से प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई है। तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी इस्तियाक खान और लेखापाल सुशील कुमार पर हुई कार्रवाई के बाद शहर के नागरिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के लिए भटकने को मजबूर हैं। विद्यालयों में प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है जिसके

लिए लोगो में चिंता देखी जा रही है। वर्तमान में प्रभारी सीएमओ के रूप में तरुण कुमार इक्का को जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन उनकी कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जब संयुक्त संचालक बी.आर. चौहान से चर्चा की गई, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभारी सीएमओ को डिजिटल सिग्नेचर उपलब्ध कराने और कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। विडंबना यह है कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों के बावजूद धरातल पर स्थिति जस की तस है। प्रभारी सीएमओ तरुण कुमार इक्का से उनके मोबाइल नंबर 7909303203 पर बार-बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव करना तक उचित नहीं समझा। अधिकारियों के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये और डिजिटल सिग्नेचर के अभाव में शहर का कामकाज पूरी तरह ठप पड़ा है, जिससे आम जनता के बीच भारी आक्रोश व्याप्त है।

अभियान कलेक्टर ने अतिरिक्त पोषण आहार के गुणवत्ता परीक्षण, पात्र हितग्राहियों को मिलेट बार वितरण के दिए निर्देश

कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का खैरवार में हुआ शुभारंभ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य में व्याप्त कुपोषण एवं एनीमिया के दरों में कमी लाने के लिए महत्वकांक्षी अभियान 'कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान' की शुरुआत की गई। जिले में अभियान की शुरुआत बुधवार को अम्बिकापुर के ग्राम खैरवार परियोजना में किया गया। कलेक्टर अजीत वंसत ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम द्वारा प्रदाय मिलेट बार का उपयोग नियमित रूप से करने व विभाग द्वारा प्रदाय पूरक पोषण का भी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रदाय की जा रही अतिरिक्त पोषण आहार का समय-समय पर निरंतर गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। उपस्थित परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में मिलेट बार वितरण करने एवं किसी भी स्थिति में वैधता अवधि उपरांत खाद्य सामग्री को वितरित नहीं करने एवं नियमित रूप से आंगनबाड़ी खोलने के लिये निर्देशित किया गया।

उन्होंने कार्यकम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को एनीमिया एवं कुपोषण से मुक्त होने के लिये स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषण सामग्री का नियमिति उपयोग करने के साथ-साथ अतिरिक्त पोषण आहार का स्वयं उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान सभी को मिलेट बार वितरण से किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने अभियान अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को एनीमिया एवं कुपोषण से बाहर आने के लिये नियमित रूप से अतिरिक्त पोषण आहार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रधान ने बताया कि अभियान के अंतर्गत पायलट प्राजेक्ट के रूप में राज्य के सरगुजा एवं बस्तर संभाग के कुल 08 जिलों को शामिल किया गया है। प्रथम चरण में एनीमिया एवं कुपोषण की दरों में कमी लाने के लिए सरगुजा जिले के 5498 गर्भवती महिलाओं एवं 5281 कुपोषित बच्चों को चिंहांकित किया गया है। इन हितग्राहियों को विभागीय पूरक पोषण आहार के साथ-साथ अतिरिक्त पोषण आहार वितरण 06 माह तक प्रदाय किया जाएगा। इस दौरान जनपद सदस्य अनामिका पैकरा, सरपंच देवनाथ तिग्गा उपस्थित रहे।

हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तिमय हुआ मुंगेली, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र एवं नगर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के अलग-अलग स्थानों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका विभिन्न चौक-चौराहों में स्वागत किया गया। विशेष पूजा अर्चना के साथ हवन-कीर्तन होते रहे। जगह-जगह भण्डारे व प्रसाद वितरण किया गया।

क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। रामायण पाठ, भजन-कीर्तन व श्रद्धा भक्ति से विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके लिए एक दिन पूर्व ही श्रीराम-हनुमान मंदिरों को सजाया गया था। भक्तजनों ने सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर बजरंगबली को चोला, सिंदूर और प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की। सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती, भंडारे हुए। मंदिर खुलने के बाद से देर रात तक श्रद्धालु मंदिर पहुंचते रहे। हनुमान जन्मोत्सव होने की वजह से मंदिरों में अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ रही। कई जगह धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोल बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पं. क्रांति कुमार मिश्र एवं श्रद्धालुजनों द्वारा सुबह मंदिर मे विशेष साज-सज्जा की गई। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड एवं हनुमान चालीसा के पाठ के पश्चात हवन किया गया। तत्पश्चात लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान मंदिर के पास ही विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बिजली आफिस के पास हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भण्डारे का आयोजन किया गया। सिटी कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर में हवन-पूजन कर विशेष पूजा-अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के पश्चात सस्वर हनुमान चालीसा एवं हनुमान अष्टक का पाठ किया गया। शहर में पुराना बस स्टैण्ड में ठाकुरदईयां मंदिर के पास निरंजन केशरवानी उद्यान के पास बने हनुमान मंदिर में हनुमान समिति, बालानी चौक, मल्हापारा चौक, पड़ाव पारा चौक, नया बस स्टैण्ड, पुलपारा, दाऊपारा चौक, सदर बाजार, बड़ा बाजार, जनता मार्केट, एसएनजी कॉलेज के पास हनुमान मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया। जहां फ्ल, लड्डू, पुड़ी, ठण्डा पेय पदार्थ का वितरण किया गया।

न्यूज गैलरी

महतारी वंदन योजना के लिए ई-केवाईसी अभियान शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 03 अप्रैल से महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि तकनीकी कारणों से तिथि में बदलाव किया गया है। तकनीकी टीम एवं विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व 2 अप्रैल को रियल-टाइम वातावरण में परीक्षण किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र से 05 हितग्राहियों को शामिल किया जाएगा।उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य योजना से जुड़े सभी हितग्राहियों के विवरण का सत्यापन कर पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि पात्र महिलाओं को योजना का लाभ बिना किसी बाधा के निरंतर मिलता रहे। ई-केवाईसी की प्रक्रिया बायोमेट्रिक माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए संपन्न की जाएगी। इस कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। हितग्राहियों को अपने निकटतम च्वाइस इस सेंटर पर पहुंचकर ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा।

स्माइल योजना : स्वैच्छिक संस्थाओं स्थानीय निकायों से प्रस्ताव आमंत्रित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि SCHEME OF SUPPORT FOR MARGINALIZED INDIVDUALS FOR LIVELIHOOD AND ENTERPRISES (SMILE) योजनांतर्गत भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का व्यापक पुनर्वास कार्यक्रम का जिले में संचालन हेतु मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था/स्थानीय निकायों जिनका कम से कम 2 वर्ष का कार्य का अनुभव हो, से प्रस्ताव आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक विभागीय मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्था/स्थानीय निकाय अपना प्रस्ताव बंद लिफाफे में जिला कार्यालय समाज कल्याण, कलेक्ट्रेट परिसर अंबिकापुर को 16 अप्रैल 2026 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी/विस्तृत निर्देश, शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप जिले के वेबसाइट httpsÑ//surguja.gov.in पर देखा जा सकता है।

स्कूलों के समय में परिवर्तन, 11 अप्रैल से सुबह 7:30 बजे लगेंगे स्कूल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा तथा कक्षा पहली से पांचवीं एवं छठवीं से आठवीं बोर्ड एवं स्थानीय वार्षिक परीक्षाएं प्रातः प्रथम पाली में संचालित हो रही हैं, जिसके कारण कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं की परीक्षाएं दोपहर द्वितीय पाली में संचालित की जा रही हैं, जो कि 10 अप्रैल 2026 को समाप्त हो जायेंगी। इसके उपरांत 11 अप्रैल 2026 से जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त विद्यालय पूर्ववत् प्रातः 07:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होंगी। विद्यालीन छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को गर्मी तथा लू से बचाव एवं सावधानी की सलाह दी जाती है। गर्मी तथा लू से बचाव के सभी आवश्यक उपाय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करें।

अग्निवीर भर्ती 10 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। उपसंचालक रोजगार ने बताया कि भारतीय थल सेना (अग्निवीर) भर्ती के लिये ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 तक थी, अब उसकी अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल 2026 तक अधिकारिक वेबसाइट www. joinindianarmy. nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष), जनरल तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन ड्युटी अग्निवीर, टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। इस भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता पदवार 8वी, 10वीं उत्तीर्ण तथा अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) सहित स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट (वेट) एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर सरगुजा से सम्पर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा से गांव-शहर की दूरी हुई कम

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना ने ग्रामीण अंचलों में परिवहन व्यवस्था को एक नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित बस सेवा योजना अंतर्गत दूरस्थ और दुर्गम गांवों को जिला एवं विकासखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली 4 नई बस सेवाओं की शुरुआत की गई है। पहले की स्थिति में कई गांव ऐसे थे जहाँ नियमित परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं थी। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए लंबी दूरी, पैदल या महंगे निजी साधनों से तय करनी पड़ती थी। किसानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में कठिनाई होती थी। लेकिन बस सेवाओं के संचालन से ग्रामीणों को सुरक्षित, सुलभ परिवहन सुविधा मिल रही है। विद्यार्थी अब समय पर स्कूल और कॉलेज पहुंच पा रहे हैं।

बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी के अनुसार हीटवेव के दौरान शरीर में हीट रैश, मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक प्यास लगना तथा उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। गंभीर स्थिति में शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाने पर हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है, जिसे चिकित्सकीय आपातकाल माना जाता है। ऐसे में लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सलाह लेने की सलाह दी गई है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आमजनों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में सावधानी बरतें और लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाएं। गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी पिएं तथा हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस का घोल पीने की सलाह दी गई है। चक्कर या मितली महसूस होने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा ठंडा पेयजल, फ्लों का रस, लस्सी या मठा का सेवन करें। साथ ही दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। अत्यावश्यक होने पर बाहर निकलते समय सिर और कान को कपड़े से ढककर रखें। इसके साथ ही नींबू पानी, छाछ और मौसमी फ्लों का अधिक सेवन करें, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। प्रशासन ने जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, आवश्यक दवाइयों और शीतलन संबंधी सुविधाओं की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सभी शासकीय अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर स्थापित करने तथा आशा कार्यकर्ताओं और मितानिनों के दवा किट को भी रिफ्लि करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा खुले में काम करने वाले श्रमिकों को गर्मी और हीटवेव से सबसे अधिक जोखिम रहता है। ऐसे लोगों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि किसी व्यक्ति में तेज बुखार, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी, भ्रम या पसीना बंद होने जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत ठंडी जगह पर ले जाकर 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए समय पर सावधानी और जागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है, इसलिए आम नागरिकों को भी सतर्क रहकर लू से बचाव के उपाय अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लेने कहा जा रहा है।

श्रम कार्ड बनाकर श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ा

मुंगेली/नवप्रदेश। नपा परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 स्थित काली माई गेट के समीप श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों, मजदूरों एवं कामगारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविर में दस्तावेजों का सत्यापन कर त्वरित रूप से श्रमिकों के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। शिविर के दौरान 15 निर्माण श्रमिक, 07 संगठित एवं 15 असंगठित कर्मकारों के श्रम कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इस दौरान मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) होरी सिंह ठाकुर ने शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए हितग्राहियों से सीधे संवाद किया और योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि असंगठित कर्मकार मंडल में पंजीयन कराने से श्रमिकों को आर्थिक सहायता, मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलता है। उन्होंने सभी पात्र श्रमिकों से पंजीयन कराने की अपील की, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर में शामिल पिंकी दीक्षित ने बताया कि उन्हें पहली बार शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिली है, जिससे वे अब नियमित रूप से इन योजनाओं से जुड़ सकेंगी। उपस्थित अन्य हितग्राहियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से उन्हें अपने ही वार्ड में सुविधाएं मिल जाती हैं, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है।

राजस्थान भवन मनेन्द्रगढ़ द्वारा शीतल जल सेवा का शुभारम्भ

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। 'सेवा की ओर बढ़ते कदम' के संकल्प के साथ, राजस्थान भवन मनेन्द्रगढ़ द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए जनहित में एक सराहनीय पहल की गई है।

भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आम नागरिकों को गर्मी से राहत पहुँचाने हेतु शीतल जल सेवा का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस सेवा का उद्घाटन प्रतिष्ठित समाजसेवी दीनदयाल पंसारी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के श्याम सुंदर पोद्दार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शीतल जल सेवा वर्तमान गर्मी ऋतु को देखते हुए आगामी 4 माह तक निरंतर संचालित की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारा पूरा प्रयास है कि राजस्थान भवन भविष्य में भी हर प्रकार के सेवा कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहे। उद्घाटन के दौरान मुख्य रूप से पवन गोयल, विजय गाडोदिया, राजेन्द्र पंसारी, व्यंकतेश अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, आनंद सराफ, दिवाकर तिवारी एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। भीषण गर्मी में प्यासे कंठों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस निःस्वार्थ पहल की नगरवासियों द्वारा काफी सराहना की जा रही है।

महंगाई और आर्थिक कुप्रबंधन के खिलाफ कांग्रेस मुखर

■ केंद्र सरकार पर साधा निशाना

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण देश में महंगाई चरम पर है, जिससे आम जनता का जीना दूभर हो गया है।

?पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये और पिछले तीन महीनों में कुल 525 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। साथ ही घरेलू गैस के बढ़ते दामों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर सरकार को घेरा।

?जिला महामंत्री रफीक मेमन और पूनम सिंह ने आरोप लगाया कि खाद्य तेल, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बेतहाशा बढ़ रही हैं, जबकि सरकार केवल पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुँचाने में व्यस्त है। जिला प्रवक्ता भावेश जैन और एनएसयूआई अध्यक्ष कासिम अंसारी ने कहा कि बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई अब 'भाजपा निर्मित आपदा' बन चुकी है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में तत्काल कटौती कर जनता को राहत प्रदान की जाए।

राजस्व पखवाड़ा से आमजनों के समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 1 अप्रैल 2026 से राजस्व पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया है जिले में कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले के तहसीलों के ग्रामों में निर्धारित तिथियों के अनुसार राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जहां अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन जैसे मामलों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।कलेक्टर के मार्गदर्शन में राजस्व पखवाड़ा के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामों में मुनादी कर आमजनों को राजस्व पखवाड़ा की जानकारी दी गई, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर स्थलों पर पहुंच कर राजस्व समस्याएं संबंधित आवेदन दे रहे है। राजस्व पखवाड़ा के प्रथम दिवस तहसील बलरामपुर, डौरा-कोचली, राजपुर, शंकरगढ़, कुसमी, सामरी, चांदो, रामानजुगंज, रामचंद्रपुर, वाड्रफनगर, रघुनाथनगर एवं चलगली के अंतर्गत ग्रामों में शिविर आयोजित किया गया।

नियम उल्लंघन पर कार्रवाई, अतिरिक्त बिस्तर सीलबंद

मुंगेली/नवप्रदेश। निजी अस्पताल के संचालक द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करते हुए नियम विरूद्ध 06 बिस्तर अस्पताल संचालित किया जा रहा था। संबंधित संस्था को नियमानुसार क्लीनिक सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निर्देश दिया गया तथा अतिरिक्त संचालित बिस्तर को सीलबंद किया गया।

छग राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 अंतर्गत 1 अप्रैल को जिला स्तरीय निरीक्षण टीम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा, जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट डॉ. कमलेश खैरवार, प्रभारी अधिकारी जिला आयुर्वेद डॉ. प्रशांत सिंग ठाकुर के द्वारा निजी संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। कंचन क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान संस्था द्वारा क्लीनिक के लाइसेंस पर 06 बिस्तर अस्पताल संचालित किया जाना पाया गया। संबंधित संस्था को पिछले छः माह से उपरोक्त संबंध में सुधार हेतु निर्देश दिये गये थे, परंतु संचालक द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करते हुए नियम विरूद्ध 06 बिस्तर अस्पताल संचालित किया जा रहा था। संबंधित संस्था को नियमानुसार क्लीनिक सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निर्देश दिया गया तथा अतिरिक्त संचालित बिस्तर को सीलबंद किया गया। जे.के. हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, अस्पताल के ओ.पी.डी. एरिया में जनरल वाशरूम महिला एवं पुरुष नहीं पाया गया तथा ड्यूटी डॉक्टर की उपस्थिति कम पाई गई। बिलासा केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बोड़तराकला का निरीक्षण किया गया, जहां बिलासा पब्लिक स्कूल भवन को अस्पताल बनाया जा रहा है, जिसका आधारभूत संरचना पूर्ण नहीं होने के कारण आवेदन निरस्त करते हुए आधारभूत संरचना पूर्ण होने पर नवीन आवेदन किये जाने का निर्देश दिया गया।

पेज 1 का शेष...

अमित जोगी दोषी करार...

निर्देश दिया है। न्यायालय ने रायपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के माध्यम से नोटिस की तामीली कराने का निर्देश दिया है। नोटिस तामील करने के साथ ही एसपी रायपुर को न्यायालय में शपथ पत्र भी पेश करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाई कोर्ट में वापसी

निचली अदालत ने 31 मई 2007 को सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए अमित जोगी को बरी कर दिया था। राज्य शासन ने इस फैसले के खिलाफ अपील की अनुमति मांगी थी, जिसे बिलासपुर हाई कोर्ट की समन्वय पीठ ने 18 अगस्त 2011 को खारिज कर दिया था। बाद में सीबीआई और मृतक के बेटे सतीश जग्गी द्वारा दायर याचिकाओं को भी 12 और 19 सितंबर 2011 को देरी के आधार पर खारिज कर दिया गया था। इन आदेशों के खिलाफ सतीश जग्गी और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर करने में हुई देरी को क्षमा करते हुए मामले को गुण-दोष के आधार पर पुनर्विचार के लिए वापस छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट भेज दिया। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश थे कि सीबीआई इस कार्यवाही में वास्तविक शिकायतकर्ता और राज्य को आवश्यक पक्षकार बनाए।

2003 में हुई थी रामअवतार जग्गी की हत्या

कारोबारी पृष्ठभूमि वाले रामअवतार जग्गी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी थे। जब विद्याचरण शुक्ल कांग्रेस छोड़कर एनसीपी में शामिल हुए, तो जग्गी भी उनके साथ आ गए और उन्हें छत्तीसगढ़ एनसीपी का कोषाध्यक्ष बनाया गया था। 4 जून 2003 को रामअवतार जग्गी की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड ने पूरे प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया था।

28 आरोपी ठहराए गए थे दोषी

इस हत्याकांड की जांच के बाद पुलिस ने 31 लोगों को आरोपी बनाया था। मामले में बलटू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। सुनवाई के बाद अमित जोगी को छोड़कर 28 अन्य आरोपियों को दोषी करार दिया गया था। दोषियों में अभय गोयल, याहया ढेबर, वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, सूर्यकांत तिवारी, चिमन सिंह सहित कई अन्य नाम शामिल हैं। अब अमित जोगी के खिलाफ सीबीआई की अपील स्वीकार होने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही तेज हो गई है।

ट्रम्प बोले- ईरान पर जीत...

लीडरशिप पहले से कम कट्टर है।

ब्रिटेन ने होर्मुज पर 35 देशों की बैठक बुलाई, भारत-पाकिस्तान शामिल नहीं

ब्रिटेन ने आज होर्मुज स्ट्रेट के मुद्दे पर 35 देशों की बैठक बुलाई है। यह समिट वर्चुअली आयोजित हो रही है, जिसमें अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए कूटनीतिक विकल्पों पर चर्चा करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि इस बैठक में पहली बार इतने देशों को एक साथ लाकर समाधान तलाशने की कोशिश की जा रही है। बैठक में अमेरिका, यूरोप और खाड़ी देशों के साझेदार शामिल हैं। हालांकि, इस सूची में भारत, पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर और ओमान जैसे देशों को शामिल नहीं किया गया।

पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर...

अल्कोहल, मोनोएथिलीन ग्लाइकोल (एमईजी) और फिनोल शामिल हैं। इसके अलावा एसिटिक एसिड, विनाइल एसीटेट मोनोमर, प्योरिफाइड टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए), अमोनियम नाइट्रेट, एथिलीन के पॉलिमर, एपॉक्सी रेजिन, फॉर्मेल्डिहाइड, यूरिया फॉर्मेल्डिहाइड, मेलामाइन फॉर्मेल्डिहाइड और फिनोल फॉर्मेल्डिहाइड जैसे उत्पाद भी इस सूची में शामिल किए गए हैं।

पश्चिम बंगाल में 7 इलेक्शन...

को नारायणपुर स्थित बीएसएफ कैंप के सामने भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने नेशनल हाईवे-12 को जाम कर दिया। सड़क पर टायरों में आग लगा दी गई।

2 करोड़ 14 लाख का...

अंतर्राज्यीय तस्करी में शामिल होने का संदेह पहले से था। पूछताछ में कई अहम जानकारी मिलने की संभावना है। शुरुआती जांच में सामने आया कि यह खेप झारखंड के गुमला से लाई जा रही थी और रायपुर में खपाने की तैयारी थी।

रेहटीखोल चेकपोस्ट पर हुई कार्रवाई

तस्कर ओडिशा-छत्तीसगढ़ बॉर्डर स्थित रेहटीखोल चेकपोस्ट तक पहुंचे, जहां नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस की नजर संदिग्ध वाहन पर पड़ी। वाहन की सुरक्षा ढांचे और उसमें बने छुपाव के तरीके ने तुरंत संदेह पैदा कर दिया। गहन तलाशी के बाद भारी मात्रा में नशा बरामद किया गया। यह कार्रवाई सिंघोड़ा पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने की, जिसने पहले भी ऐसे कई तस्करी नेटवर्क ध्वस्त किए हैं।

एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(ख) के तहत मामला दर्ज

गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(ख) के तहत केस दर्ज किया गया है।

तोड़फोड़ के विरोध में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, चौड़ीकरण करने तोड़े जाएंगे 50 से ज्यादा मकान

भिलाई/नवप्रदेश। वार्ड नंबर-1 खम्हरिया में बुधवार को सुबह अतिक्रमण कार्रवाई के विरोध में भारी हंगामा शुरू हो गया। सड़क चौड़ीकरण के लिए मकानों के अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू करते ही नागरिकों ने विरोध में चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि उन्हें सूचना दिये बिना अतिक्रमण तोडऩे की कार्रवाई की जा रही है। मकान तोड़े जाने पर रहने की वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना ही बेघर किया जा रहा है।

खम्हरिया वार्ड में जुनवानी चौक से आईआईटी तक सड़क उन्नयन और चौड़ीकरण का काम प्रस्तावित है। सड़क के दोनों किनारों पर आरसीसी नाली का निर्माण भी किया जाएगा। नाली निर्माण के लिए विभाग द्वारा मार्किंग कर दी गई है। इस क्षेत्र के लगभग 50 से ज्यादा घरों के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने की तैयारी के साथ पीडब्ल्यूडी की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। घरों पर बुलडोजर चलना शुरू होते ही क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में जमा हो गए। लोगों ने अधिकारियों से मकान न तोडऩे की गुहार लगाई। कार्रवाई न रुकने पर नाराज लोगों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि उनके मकान तोडऩे से पहले उनके आवास का इंतजाम किया जाए।

कांग्रेस ने दिया समर्थन, जिला अध्यक्ष मौके पर पहुंचे

विरोध प्रदर्शन की खबर मिलते ही शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के बीच बैठकर उनकी मांगों का समर्थन किया। मुकेश चंद्राकर ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि अभी बच्चों की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे समय में परिवारों को बेघर करना बिल्कुल गलत है। सड़क चौड़ी करने मकान तोडऩे से पहले लोगों को दूसरी जगह मकान दिया जाए। बिना विस्थापन के इस तरह की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्ड के निवासी अमनजीत साहू ने बताया कि जिला प्रशासन और विभाग की ओर से 15 दिन तक कार्रवाई न करने पर सहमति बनी है। इस दौरान सभी अपने दस्तावेज पेश करेंगे। लोगों ने स्थानीय विधायक से 1 रुपए में आवास दिलाने की मांग भी की है। सड़क पर चक्काजाम होने की वजह से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की। काफी देर तक चले हंगामे और कांग्रेस नेताओं के हस्तक्षेप के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने फिलहाल तोडफ़ोड़ की कार्रवाई रोक दी है। प्रभावित लोगों के रहने की व्यवस्था के संबंध में जिला कलेक्टर और निगम आयुक्त से मुलाकात की जाएगी।

न्यूज गैलरी

थनौद में अंडरपास की ऊंचाई 6 मीटर तक बढ़ेगी

दुर्ग। जिले के दुर्ग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम थनौद के पास निर्माणाधीन भारत माला सड़क में अंडरपास ब्रिज की ऊँचाई 6 मीटर करने की स्वीकृति मिल गई है। अंडरपास ब्रिज की उंचाई 6 मीटर करने का कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के सकारात्मक पहल और आश्वासन के बाद विगत दिवस किसानों और ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त किया था। कलेक्टर सिंह ने अंडरपास ब्रिज की ऊँचाई की स्वीकृति न होने तक विवादित स्थल पर कार्य न होने और शेष कार्य चालू करने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त किया गया था। आज कृषकों की दो प्रमुख माँगों में से एक अंडरपास की ऊँचाई बढ़ाने की माँग पर मुहर लग गई है। स्वीकृति मिलने के बाद वहाँ कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। कार्य प्रारंभ होने संबंधी जानकारी से ग्रामीणजनों और कृषकों को दी गई है। पहले अंडरपास की ऊँचाई 4 मीटर थी जिसे लेकर किसान, ग्रामीण, मूर्तिकार आंदोलित थे। उनकी माँग थी कि ऊँचाई बढ़ाई जाए। ताकि, हार्वेस्टर धान परिवहन, मूर्ति परिवहन में आसानी हो। इन कारणों से उनके द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल कर निर्माण कार्य प्रभावित किया गया। अंडरपास की ऊँचाई अब 4 मीटर से बढ़ा कर 6 मीटर की जा रही है। प्रशासन की इस पहल से किसान व ग्रामीणजनों ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किये हैं।

असम में भाजपा के पक्ष में माहौल: बघेल

भिलाई। दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल असम के विधानसभा चुनाव में सक्रिय हैं। विधानसभा क्षेत्र डिब्रूगढ़ में आयोजित विशाल जनसभा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडऩवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 को साकार करने देशवासियों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने असम के समग्र और चहुंमुखी विकास के लिए भाजपा की नीतियों और योजनाओं को जनहितकारी बताते हुए डिब्रूगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रशांत फुकान को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। दुर्ग के सांसद विजय बघेल इस क्षेत्र के प्रभारी हैं। बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश और प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। डिब्रूगढ़ की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान कर एक नया इतिहास रचेगी। जनसभा के दौरान कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। सभी नेताओं ने एक स्वर में जनता से भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान करते हुए क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दुर्ग में 11 किलो गांजा जब्त

दुर्ग। पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों से अवैध गांजा बेचने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें तीन नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। पुलिस ने कुल 11 किलो 916 ग्राम गांजा, नगदी और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। भिलाई नगर थाना में पुलिस को सूचना मिली थी कि भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के बाहर तीन नाबालिग लड़कियां गांजा बेच रही हैं। सूचना के आधार पर एसीसीयू और भिलाई नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर घेराबंदी की। महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में तीनों नाबालिगों को पकड़ा गया। उनकी तलाशी लेने पर बैग से 7 पैकेट में कुल 8 किलो 44 ग्राम गांजा, 36,200 रुपए नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपए है। इसी तरह बैकुंठ धाम, दशहरा मैदान के पास अवैध गांजा बिक्री की सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारा। मौके से एस बोस और एस शीतल, निवासी कैम्प-01 भिलाई को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। उनकी तलाशी लेने पर 3 किलो 472 ग्राम गांजा और 1,660 रुपए नकद बरामद हुए। जब्त गांजे की कीमत लगभग 1.73 लाख रुपए आंकी गई है।

संपत्तिकर भुगतान की अंतिम तिथि बढ़ी

भिलाईनगर। वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर भुगतान और विवरणी प्रस्तुत करने के लिए नागरिकों को विशेष राहत दी गई है। पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च को बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि नगरीय निकायों में संपत्तिकर एवं विवरणी जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित थी, लेकिन विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के चलते आय संग्रहण प्रभावित हुआ है। इसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियां और उच्च न्यायालय के आदेश के तहत एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल के क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अधिकारी-कर्मचारी व्यस्त रहे।

केमिकल फैक्ट्री की पाइपलाइन फटी, धुएं का गुबार उठा

4 घंटे तक लोग परेशान रहे, खांसी और सांस लेने में लोगों को हुई तकलीफ

भिलाई/नवप्रदेश। हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित इंजीनियरिंग पार्क में केएसएस हाइड्रोकार्बन फैक्ट्री में पिच ऑयल की लोडिंग के दौरान अचानक पाइपलाइन फटने से गर्म केमिकल जमीन पर फैल गया। हवा के संपर्क में आते ही धुएं में बदलकर आसपास फैल गया।

हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन ने सायरन नहीं बजाया। फायर ब्रिगेड को सूचना भी नहीं दी। धुएं के कारण आसपास की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों को सांस लेने में तकलीफ हुई। कई बच्चों को उल्टियां होने की शिकायत सामने आई। दमकल अधिकारी ने कहा कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार को शाम करीब 4.30 से 5 बजे के बीच यह घटना हुई। कंपनी के कर्मचारियों ने तुरंत केमिकल को फैलने से रोकने के लिए चारों तरफ रेत की मेड़ बना दी, लेकिन धुएं पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद रात करीब 8.30 बजे फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तब तक धुआं पूरे हथखोज इंडस्ट्रियल इलाके में फैल चुका था।

हादसे के ठीक पीछे स्थित एक अन्य फैक्ट्री के मालिक संतोष कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी उनके सुरक्षा गार्ड ने दी, जब उन्होंने देखा तो उनकी पूरी फैक्ट्री धुएं से भर चुकी थी। उनकी रात की शिफ्ट के लिए मजदूर मौजूद थे और काम की योजना बनाई गई थी, लेकिन धुएं के कारण मजदूरों को सांस लेने में इतनी दिक्कत हुई कि वे खांसते हुए काम छोड़कर घर चले गए। संतोष कुमार जब शिकायत लेकर केएसएस हाइड्रोकार्बन के दफ्तर पहुंचे, तो वहां उन्हें कोई जिम्मेदार व्यक्ति जवाब देने के लिए नहीं मिला। उन्होंने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों का रवैया बहुत नकारात्मक था। उनका कहना था कि हमने दुर्ग पुलिस को जानकारी दे दी है। आसपास की फैक्ट्रियों के कर्मियों का कहना है कि समय पर सायरन बजा दिया जाता या सूचना मिल जाती, तो वे मजदूरों को सुरक्षित निकाल सकते थे और उनके काम का नुकसान नहीं होता।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री मालिक का कहना है कि यह पिच ऑयल था, जिसे ओडिशा और गुजरात भेजा जाता है और इसका उपयोग स्याही बनाने में होता है। लोडिंग के दौरान पाइप फटने से गर्म केमिकल से भाप और धुआं निकल गया। कंपनी संचालक का तर्क था कि आग नहीं लगी थी, इसलिए उन्होंने फायर ब्रिगेड को नहीं बुलाया। उनके पास खुद के सुरक्षा इंतजाम होने का दावा भी किया गया। लेकिन उस केमिकल पर वे पानी नहीं डाल सकते थे।

नियमों की अनदेखी की गई

इंडस्ट्रियल एरिया में किसी भी रिसाव या हादसे के दौरान कुछ जरूरी प्रोटोकॉल होते हैं। कारखाना अधिनियम के अनुसार इमरजेंसी होने पर सबसे पहले सायरन बजाना जरूरी है, ताकि आसपास के लोग अलर्ट हो जाएं। इसके बाद बिजली और गैस की सप्लाई बंद करके मजदूरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना चाहिए।

भिलाई में पेड़ से लटकी लाश मिली

भिलाई/नवप्रदेश। कैंप-2 इलाके में बुधवार को सुबह बैकुंठधाम मंदिर के पास एक पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका मिला। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सबसे पहले लाश देखी और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान शांति नगर निवासी आकाश अग्रवाल के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। पहली नजर में मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, जब शव देखा गया तो मृतक के पैर जमीन से सटे हुए थे। आमतौर पर फांसी के मामलों में शरीर हवा में लटका रहता है, लेकिन यहां पैर जमीन को छू रहे थे। इसी वजह से पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है कि यह आत्महत्या है या किसी और कारण से मौत हुई है।

बकाया टैक्स वसूलने डोर टू डोर अभियान

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा टैक्स वसूलने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। निगम प्रशासन ने बकायेदारों से डोर-टू-डोर संपर्क कर उन्हें बकाया टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। निगम ने अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने अच्छा प्रयास करते हुए बकाया करों की सफलतापूर्णक वसूली कर ली है। निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा कर, जुर्माना, शास्ति शुल्क, विवरण शुल्क, अंतर राशि, यूजर चार्ज, जलकर, भू-भाटक, दुकान का किराया वसूल करते हुए कुल 104 करोड़ 77 लाख 92 हजार रुपए की वसूली की है।

निगम के इस प्रयास में अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिकृत वसूली एजेंसी की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने क्षेत्र में लगातार संपर्क अभियान चलाकर लोगों को कर भुगतान के प्रति जागरूक किया। उपलब्धि के पीछे आयुक्त राजीव पाण्डेय के मार्गदर्शन और अनुभव का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके नेतृत्व में यह अभियान प्रभावी ढंग से संचालित हुआ। निगम प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने बकाया सभी करों का भुगतान कर शहर के विकास में सहयोग करें, ताकि भविष्य में भी इस प्रकार के सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते रहे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले विधायक रिकेश

■ **रायपुर-नागपुर हाईवे पर दो नए फ्लाईओवर और कुम्हारी टोल प्लाजा हटाने की मांग**

भिलाई नगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास और यातायात सुगमीकरण के संबंध में आज महत्वपूर्ण चर्चा की है। विधायक सेन ने गडकरी को वैशाली नगर विधानसभा में संचालित विकास कार्यों की जानकारी दी और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के निराकरण हेतु प्रस्ताव सौंपा। विधायक रिकेश सेन ने रायपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात के भारी दबाव को देखते हुए जनता की सुविधा के लिए दो महत्वपूर्ण फ्लाईओवर के निर्माण का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुपेला थाना से नेहरू नगर तक और नेहरू नगर से बायपास तक यातायात दबाव कम करने फ्लाईओवर निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इन फ्लाईओवर्स के बनने से भिलाई की जनता को रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी और रायपुर-नागपुर मार्ग पर आवागमन तेज व सुरक्षित हो सकेगा।

108 संजीवनी एक्सप्रेस की 10 एम्बुलेंसों का शुभारंभ

■ **स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना**

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। जिला अस्पताल परिसर में आज स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस के अंतर्गत 10 अत्याधुनिक एम्बुलेंसों की विधिवत पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें एक एडवांस लाइफ सपोर्ट और 9 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करेंगी। इन आधुनिक एम्बुलेंसों के संचालन से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गति, गुणवत्ता एवं पहुंच में क्रांतिकारी सुधार होगा। 108 संजीवनी एक्सप्रेस सेवा के तहत शुरू की गई नई एम्बुलेंसों के शुभारंभ अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्वयं एम्बुलेंस चलाकर इस अभियान की शुरुआत को खास बना दिया। उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल तक एंबुलेंस पहुंचाई। इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. आशीषन कुमार मिंज, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड, जिला वाहन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बंजारे, जिपं सदस्य श्रद्धा साहू व प्रिया साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ भूमिका वर्मा, जीवनदीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद बाघ मौजूद थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र..........ब-121/2025-26

// ग्राम पंचायत रहंगी //

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम रहंगी को सूचित किया जाता है कि आवेदक **उमेश कुमार पिता तिरीथराम जाति तेली** निवासी ग्राम **रहंगी** तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग) के द्वारा अपने **पुत्र/पुत्री उमेश कुमार जन्म** दिनांक **15.11.2007** को ग्राम **रहंगी** में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 16/04/26 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपात्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनाँक 01/04/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दंडाधिकारी
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड,
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

ई-मेल आई.डी-:- eewrmwh@cgwrd.in/wrdnmarwahi@gmail.com

-: निविदा निरस्तीकरण आदेश :-

आदेश क्र. 922 / व.ले.लि./2025-26

मरवाही, मु. पेण्ड्रारोड दिनांक-01.04.26

इस कार्यालय के सूचना क्र. 03/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 26.12.2025 (प्रथम आमंत्रण) सिस्टम क्र. 182244, चौरसिया जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में काम्या इंटरप्राईजेस, द-वर्ग ठेकेदार, वैशाली नगर, फेस-1, श्रीकान्त वर्मा मार्ग, मैगनेटो मॉल के पास, बिलासपुर (छ.ग.) न्यूनतम निविदाकार द्वारा असमर्थता व्यक्त करते हुए अनुबंध नहीं किया गया।

अतः अनुबंध न करने के कारण अनुबंध की कंडिका 2.10 के अंतर्गत निविदाकार काम्या इंटरप्राईजेस की अमानत राशि (EMD) के रूप में प्रस्तुत टी.डी.आर. क्र. 44830505374 दिनांक 14.01.2026 राशि 61100.00 (रू. इकसठ हजार एक सौ) मात्र वैधता तिथि 14.01.2027 को राजसात किया जाता है, साथ ही साथ उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मरवाही
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

जी- 262700008/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 1885 / NIT-01/2026-27/व.ले.लि./ **अम्बिकापुर दिनांक 01/04/2026**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-22/04/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 28/04/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 29/04/2026 पूर्वाहन 11.00 बजे तक
निविदाकरों की श्रेणी - एकल पंजीयन में पंजीकृत "द" वर्ग ठेकेदार
भवन एस.ओ.आर - 01.01.2015 लागू दिनांक 06.04.2016 तक संशोधित

एन.आई.टी. क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक सेल्वेन्सी (रू. में) निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) कार्य की अवधि
1 T0001	नवीन शासकीय महाविद्यालय धौरपुर में शौचालय निर्माण कार्य	4.66 3495.00 69900.00 750.00 04 माह वर्षा ऋतु सहित
1 T0002	शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर के वर्कशॉप, सीढ़ीयों, विद्युत विभाग का मरम्मत और पेंटिंग कार्यं	9.91 7433.00 148650.00 750.00 03 माह वर्षा ऋतु सहित
1 T0003	सैनिक स्कूल मेण्ड्रकला में चार पहिया वाहन पार्किंग का निर्माण कार्य	9.03 6773.00 135450.00 750.00 04 माह वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट **www.cg.nic.in/pwdraipur** में **Live Tender** के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। एवं निविदा संबंधित शर्तो का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/ स)
संभाग अम्बिकापुर

जी- 262700029/3

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु.लाख में)
1	187747 प्रथम आमंत्रण 24.03.2026	जिला खैरागढ़ - छुईखदान-गंडई के अंतर्गत खैरागढ़ के नवागांव (कंवर) से मण्डलाटोला मार्ग लंबाई 4.457 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	**391.17**
2	187750 प्रथम आमंत्रण 24.03.2026	जिला दुर्ग के ग्राम कुरूद से चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल शासकीय महाविद्यालय एवं चिकित्सा भवन तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.35 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	**249.72**
3	187755 प्रथम आमंत्रण 24.03.2026	जिला दुर्ग के गुधेली मुरमुंदा खेदामारा ननकट्ठी दनिया मार्ग के कि.मी. 11/2 से 22/10 = 12.00 कि.मी. एवं मेडेसरा से नंदनी खुंदनी मार्ग लंबाई 3.90 कि. मी. कुल लंबाई 15.90 कि.मी. (मु.जि.मा.) में डामर नवीनीकरण का कार्य।	**427.16**
4	187770 प्रथम आमंत्रण 24.03.2026	जिला बेमेतरा के बहिंगा तिवरैया सिमगा पहुंच मार्ग लंबाई 9.20 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	**1077.97**
5	187860 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला जशपुर के पालेपखना से जुडवाईन पहुंच मार्ग लंबाई 2.80 कि.मी. निर्माण कार्य।	**458.43**
6	187862 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला बालोद के भेण्ड्रा से साजा मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	**378.43**
7	187873 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला रायपुर के कचना में 209 जी.ए.डी. आवास कैम्पस में जी टाईप आवासगृह, बाउण्ड्रीवॉल इत्यादि निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित ।	**784.72**
8	187875 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला खैरागढ- छुईखदान-गंडई के खैरागढ़ में शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, सेप्टिक टैंक, सम्पवैल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, लैण्ड स्कैपिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य।	**456.55**
9	187984 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला महासमुंद के अंतर्गत राज्यमार्गो पर जंक्शन सुधार कर कार्य एवं आई.आर.सी. के प्रावधानानुसार क्रैश बेरियर लगाने का कार्य।(पिथौरा-बागबहारा- कोमाखान-छुरा - गरियाबंद मार्ग एस.एच.-19, पिथौरा कसडोल मार्ग एस.एच.-14 एवं सरसिंवा-सराईपाली-पदमपुर बार्डर मार्ग एस.एच.-16) ।	**279.76**
10	187989 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला बालोद के राजनांदगांव अर्जुन्दा गुण्डरदेही राज्य मार्ग 23 के कि.मी. 17,18, 23,24,28,29, 30 से 35 = 12.00 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य।	**1002.17**
11	187992 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला रायपुर के बीरगांव नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न मार्गो का डामरीकरण एवं उन्नयन लंबाई 4.00 कि.मी. निर्माण कार्य। विधानसभा संभाग रायपुर।	**292.55**
12	188005 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के भाटापारा- सुहेला मार्ग के जमुनैया (डिग्गी) नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	**613.51**
13	188028 द्वितीय आमंत्रण 25.03.2026	डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के भवन (जी+2 से जी+7)(वास्तविक जी +2 से जी+6) का निर्माण कार्य, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतीकरण कार्य सहित।	**3840.18**
14	188041 प्रथम आमंत्रण 25.03.2026	जिला दुर्ग के कुम्हारी-अहिवारा-पथरिया (राज्य मार्ग क्र.-21) के कि.मी. 1/2 से 27/6 =26.60 कि.मी. का पुल पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य।	**2342.33**

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 13 दिनांक 13.04.2026, सं.क्र. 01 से सं.क्र. 04 दिनांक 15.04.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 17.04.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-262700017/7

अंबिकापुर-कोलकाता के बीच आज से हवाई सेवा शुरू, सप्ताह में दो दिन उड़ान

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से कोलकाता के लिए हवाई सेवा गुरुवार यानि आज से शुरू हो जाएगी। एलायंस एयर सप्ताह में दो दिन अंबिकापुर और कोलकाता के बीच उड़ान संचालित करेगी। इसी सप्ताह एलायंस एयर ने अंबिकापुर-दिल्ली के लिए भी हवाई सेवा शुरू की है। अंबिकापुर से कोलकाता के लिए नई फ्लाइट गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी।

गुरुवार को फ्लाइट बिलासपुर होते हुए अंबिकापुर पहुंचेगी और फिर कोलकाता के लिए रवाना होगी, जबकि शनिवार को अंबिकापुर से बिलासपुर होते हुए कोलकाता के लिए उड़ान भरेगी। अंबिकापुर-कोलकाता रूट पर पहली फ्लाइट गुरुवार सुबह 10:25 बजे उड़ान भरेगी। एलायंस एयर ने अपने विंटर शेड्यूल में अंबिकापुर से दिल्ली और कोलकाता की हवाई सेवाएं जोड़ी है। अंबिकापुर से दिल्ली फ्लाइट का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री ने 30 मार्च को किया था। दोपहर 12 बजे मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा (अंबिकापुर) से पहली फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना हुई थी, जिसमें सांसद चिंतामणी भी सवार हुए थे। अंबिकापुर से दिल्ली के लिए फ्लाइट सप्ताह में दो दिन सोमवार और बुधवार संचालित होगी। अंबिकापुर-दिल्ली का किराया 6,500 रुपए तय किया गया है। वहीं अंबिकापुर-कोलकाता फ्लाइट का बेस फेयर करीब 6,000 रुपए रखा गया है।

अंबिकापुर-कोलकाता फ्लाइट शेड्यूल

गुरुवार-कोलकाता से उड़ान 7.05 बजे- बिलासपुर पहुंच 8.55 बजे, बिलासपुर से छूट 9.20 बजे, अंबिकापुर पहुंच 10 बजे, अंबिकापुर से छूट 10.25 बजे, कोलकाता पहुंच 12.15 बजे। शनिवार - कोलकाता से छूट 11.20 बजे, अंबिकापुर पहुंच 13.10 बजे अंबिकापुर से छूट-13.35 बजे, बिलासपुर पहुंच 14.15 बजे बिलासपुर से छूट-14.40 बजे, कोलकाता पहुंच- 16.30 बजे।

2 महानगरों से जुड़ा अंबिकापुर

एलायंस एयर ने अपने विंटर शेड्यूल में अंबिकापुर से दिल्ली और कोलकाता की हवाई सेवाएं जोड़ी है। अंबिकापुर से दिल्ली फ्लाइट का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री ने 30 मार्च को किया था। दोपहर 12 बजे मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा (अंबिकापुर) से पहली फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना हुई, जिसमें सांसद चिंतामणी भी सवार हुए। अंबिकापुर से दिल्ली के लिए फ्लाइट सप्ताह में दो दिन सोमवार और बुधवार संचालित है। अंबिकापुर-दिल्ली का किराया 6,500 रुपए तय किया गया है। वहीं अंबिकापुर-कोलकाता फ्लाइट का बेस फेयर करीब 6,000 रुपए रखा गया है।

रायपुर अंबिकापुर वाराणसी सेवा के लिए भी पहल

अंबिकापुर से दिल्ली फ्लाइट सेवा शुरू करने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सांसद चिंतामणि महाराज और मंत्री राजेश अग्रवाल ने रायपुर से अंबिकापुर होते हुए वाराणसी हवाई सेवा शुरू करने की मांग रखी है। सांसद चिंतामणि महाराज ने इसके लिए इंडिगो से भी चर्चा की है। इस सेवा के भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि किसी कंपनी ने विंटर शेड्यूल में इस हवाई मार्ग का फ्लाइट शेड्यूल नहीं बनाया है।

न्यूज गैलरी

नेत्रदान के लिए लोगों को किया गया जागरूक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सक्षम बिलासपुर द्वारा प्रांत स्तरीय नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम एवं परिचर्चा किया गया। मुख्य वक्ता जबलपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक रहे। उन्होंने बताया कि यदि नेत्रदान की दर में वृद्धि होती है, तो ऐसे अनेक लोगों को नई दृष्टि मिल सकती है। छग में केवल रायपुर व बिलासपुर के मेडिकल कॉलेजों में ही नेत्र बैंक स्थापित हैं, जबकि राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या अधिक है। ऐसे में इस दिशा में और विस्तार की आवश्यकता है। परिचर्चा में डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, डॉ. राजेश अवस्थी, अंजलि चावड़ा, रामजी राजवाड़े, पदमा शर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

पेंडरवा में हत्या मामले पर गौरहा ने प्रशासन की कार्यशैली पर उठाए सवाल

सीपत/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पेंडरवा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के 7 सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,आरोपियों ने परिवार पर अचानक हमला कर दिया और बेरहमी की सारी हदें पार कर दीं। इस हमले में छोटे-छोटे मासूम बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। बच्चों के कान,सिर और हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। घटना के बाद कांग्रेस नेता अंकित गौरहा सिम्स अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा यह घटना प्रशासन की घोर लापरवाही का परिणाम है। यदि समय रहते शिकायत पर कार्रवाई की जाती, तो शायद एक महिला की जान नहीं जाती और इतने लोग घायल नहीं होते। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पहलू यह सामने आया है कि पीड़ित परिवार एक दिन पूर्व ही अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचा था। बताया जा रहा है कि उस समय थाना प्रभारी वीआईपी ड्यूटी में व्यस्त थे और वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था, जो शिकायत पर तत्काल कार्रवाई कर सके। यदि समय रहते उचित कदम उठाए जाते, तो संभवत: इस घटना को टाला जा सकता था। घटना के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब तक किसी भी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई है।

लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस का केंद्र पर तीखा हमला

कुशासन, गलत आर्थिक नीतियों और कूटनीतिक विफलताओं से बढ़ी महंगाई

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों और कूटनीतिक फैसलों को निशाने पर लेते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी का कहना है कि मौजूदा हालात सरकार की नीतिगत विफलताओं का परिणाम हैं, जिसका सीधा असर आम जनता की जिंदगी पर पड़ रहा है।*

बिलासपुर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई अब केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि आम आदमी के अस्तित्व का सवाल बन चुकी है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा और ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री के नेतृत्व में आयोजित इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह असफल रही है। कांग्रेस का आरोप है कि एक्साइज ड्यूटी घटाने के दावे के बावजूद कई राज्यों में ईंधन के दाम बढ़े हैं, जिससे परिवहन लागत में इजाफा हुआ और इसका असर हर वस्तु की कीमत पर पड़ा है। एविएशन फ्यूल महंगा होने से हवाई यात्रा भी आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में तेजी से हुई बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खाद्य तेल, आटा, दाल और अन्य आवश्यक वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं।

गैस सिलेंडर की कीमतों पर उठाए सवाल

कांग्रेस ने हाल ही में गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को मुद्दा बनाते हुए कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की वृद्धि हुई है, जबकि पिछले तीन महीनों में यह बढ़ोतरी 525 रुपये तक पहुंच चुकी है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम भी 62 रुपये बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। नेताओं का कहना है कि जो सिलेंडर कभी 400 रुपये के आसपास मिलता था, वह अब 900 से 1000 रुपये तक पहुंच गया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए गए।

केंद्र की नीतियां पूंजीपतियों को पहुंचा रही लाभ

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि उसकी नीतियां आम जनता के बजाय बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रही हैं। सार्वजनिक उपक्रमों और संसाधनों का लाभ सीमित वर्ग तक सिमट गया है, जबकि आम नागरिक महंगाई और घटती आय से जूझ रहा है। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा कि उस समय मनरेगा जैसी योजनाओं के जरिए रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई थी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली थी। लेकिन वर्तमान सरकार ने इन योजनाओं को कमजोर कर दिया है, जिससे लोगों की आय पर नकारात्मक असर पड़ा है और आर्थिक असमानता बढ़ी है। शिक्षा और बैंकिंग सेवाओं पर बढ़ते खर्च को लेकर भी सरकार को घेरा गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रेलवे टिकट से लेकर स्कूल-कॉलेज की फीस और बैंकिंग सेवाओं के शुल्क तक, हर क्षेत्र में लागत बढ़ रही है, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब तबका सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। अंत में कांग्रेस ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि महंगाई पर जल्द प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। पार्टी ने सरकार से ठोस कदम उठाने और आम जनता को राहत देने की मांग की है। महंगाई के मुद्दे पर जारी यह सियासी घमासान आने वाले समय में और तेज होने के संकेत दे रहा है, जहां एक ओर विपक्ष सरकार को घेरने में जुटा है, वहीं आम जनता राहत की उम्मीद में सरकार की ओर देख रही है।

कांग्रेस का जमीनी कार्यकर्ताओं के दम पर खड़ा होगा मजबूत संगठनः महेंद्र

सीपत/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत सोंठी मंडल में संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में ठोस पहल तेज हो गई है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कुकदा स्थित सूर्यवंशी अंबेडकर भवन में मंडल कांग्रेस कमेटी सोंठी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार और जमीनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बिलासपुर के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया उपस्थित रहे। संगठन सृजन अभियान के प्रभारी मो. शाहनवाज हुसैन विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के प्रवक्ता घनश्याम नेताम ने किया। बैठक में 9 पंचायतों और 23 बूथों के संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि पंचायत एवं वार्ड स्तर पर अध्यक्ष सहित 12 सदस्यीय कार्यकारिणी तथा बूथ स्तर पर अध्यक्ष सहित 11 सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर रायशुमारी कर सक्रिय, समर्पित और जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस अब केवल कागजी संगठन नहीं रहेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार नियुक्त पदाधिकारियों की नियमित मॉनिटरिंग होगी और एआईसीसी से लेकर पीसीसी, डीसीसी एवं ब्लॉक स्तर तक सीधा संवाद कायम रखा जाएगा। फोन कॉल के माध्यम से कार्यकर्ताओं की सक्रियता का मूल्यांकन भी किया जाएगा, जिससे संगठन में जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

लोगों को शीघ्र व सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए

खरसिया में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय का शुभारंभ

***बिलासपुर/रायगढ़/नवप्रदेश।** रायगढ़ जिले की तहसील खरसिया में आज जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर तहसील खरसिया में न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ (सिविल जिला रायगढ़) में डिजिटल कंप्यूटर रूम के निर्माण हेतु भूमिपूजन भी वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ।*

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने नवीन न्यायालय के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र की जनता को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के आवास तथा डिजिटल कंप्यूटर रूम के निर्माण को न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अहम उपलब्धि बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम दिवस पर इस प्रकार के विकास कार्यों का शुभारंभ होना पूरे वर्ष में अधोसंरचना विकास के प्रति सकारात्मक संकेत है।

न्यायालयीन कार्य की हुई शुरुआत

01 अप्रैल 2026 से तहसील खरसिया में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश के रूप में श्वेता श्रीवास्तव द्वारा न्यायालयीन कार्य की शुरुआत कर दी गई है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब स्थानीय स्तर पर ही न्यायिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, तहसील खरसिया, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, भटगांव के प्रतिनिधि, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य, शासकीय अभिभाषक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा न्यायिक कर्मचारीगण वर्चुअल एवं भौतिक रूप से उपस्थित रहे।

विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण: धर्मजीत

- **संभागीय कार्यालय बिलासपुर-2 सकरी का विधायक धर्मजीत सिंह ने किया शुभारंभ**

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से तखतपुर, कोटा और बेलतरा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये बिलासपुर क्षेत्र के अंतर्गत नवीन संभागीय कार्यालय बिलासपुर - 2 (सकरी) का शुभारंभ किया गया है।*

इस नए संभागीय कार्यालय के लोकार्पण समारोह के दौरान तखतपुर विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पूजा विधानी महापौर, नगर निगम बिलासपुर तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इस नए संभागीय कार्यालय के शुरू हो जाने से तखतपुर कोटा तथा बेलतरा क्षेत्र के लगभग 75 प्रतिशत से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा फायदा होगा, अब इन क्षेत्रों के नागरिकों को बिजली से संबंधित बडे कार्यो जैसे बिल सुधार, नए कनेक्शन, और तकनीकी समस्याओ के निराकरण के लिए दूर नहीं जाना पडेगा। स्थानीय स्तर पर ही उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा। इसके पूर्व इन्हे अपने छोटे-छोटे कार्यों हेतु बिलासपुर जिले से अन्य जिले जैसे मुंगेली एवं जीपीएम जाना पडता था। कई ग्रामों से संभागीय कार्यालय मुंगेली तथा जीपीएम की दूरी अधिक होने के कारण नवसृजित संभागीय कार्यालय के संचालन से इन गांवों की दूरी कम हो जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण में लगने वाले समय अवधि भी कम हो जाएगी।

नए संभाग के गठन से क्षेत्र के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और तकनीकी समस्याओ का त्वरित समाधान मिल सकेगा। नवीन संभाग कार्यालय में तखतपुर विधानसभा के 178 ग्राम, कोटा विधानसभा के 164 ग्राम एवं बिल्हा, बेलतरा विधानसभा के लगभग 10 ग्राम सहित कुल 344 गांवों को शामिल किया गया है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से इसे 4 उपसंभागों (सकरी, कोटा, रतनपुर और तखतपुर) तथा 11 वितरण केन्द्रों में विभाजित किया गया है। इन केन्द्रों में सकरी, गनियारी, कोटा शहरी, कोटा ग्रामीण, रतनपुर, बेलगहना, चपोरा, तखतपुर शहर/ग्रामीण, दैजा और जूनापारा शामिल है। इसके अंतर्गत कुल निम्न दाब उपभोक्ताओं की संख्या 106926 होंगें। जिनमें से लगभग 62 हजार घरेलू तथा 14 हजार कृषि पंप उपभोक्ता शामिल हैं एवं उच्च दाब उपभोक्ताओं की संख्या 47 है।

आयोजनः फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया जाएगा संदेश

अरपा सायक्लोथॉन बिलासपुर 2026 का आयोजन 5 को

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए ईंधन बचत के लिए साइक्लिंग संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'अरपा सायक्लोथॉन बिलासपुर 2026' का आयोजन आगामी 5 अप्रैल को किया जाएगा। सुबह 5.30 मिनट पर शुरू होने वाली 25 किलोमीटर लंबी इस सायक्लोथॉन रेस का शुभारंभ मुंगेली नाका ग्राउंड, बिलासपुर से होगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने नागरिकों से आयोजन में भागीदारी की अपील की है।*

प्रतियोगिता में पुरुष (गियर एवं बिना गियर सायकल) तथा महिला वर्ग की अलग-अलग रेस आयोजित की जाएंगी। विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 10,000, 7,000 एवं 5,000 की राशि प्रदान की जाएगी, वहीं महिला वर्ग में 5,000, 3,000 एवं 2,000 के पुरस्कार निर्धारित हैं। इसके अतिरिक्त शीर्ष 10 पुरुष एवं शीर्ष 6 महिला प्रतिभागियों को विशेष नकद सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने आयोजन को वर्तमान समय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया, सायकल से न केवल ईंधन की बचत होती है बल्कि यह स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए भी एक महत्वपूर्ण साधन है दोनों अधिकारियों ने आयोजकों को शुभकामनाएं दी और नागरिकों से आयोजन में भागीदारी की अपील की। आयोजन में सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट एवं फिनिशर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। साथ ही बिलासपुर के बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के लिए रात्रि विश्राम एवं भोजन की विशेष व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इस आयोजन में शहर के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन ऑनलाइन क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकता है। पंजीयन शुल्क पुरुष वर्ग के लिए 299 तथा महिला वर्ग के लिए 149 निर्धारित किया गया है। इस आयोजन के प्रमुख आयोजक संतोष गुप्ता, प्रदीप साहू और छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया सोसाइटी हैं। उल्लेखनीय है कि संतोष गुप्ता एक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक हैं, जिन्होंने गोल्डन क्वाड्रिलेटरल को मात्र 24 दिनों में पूरा कर देशभर में विशेष पहचान बनाई है वे सायकल के माध्यम से लोगों को फिटनेस और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दे रहे है। प्रदीप साहू छत्तीसगढ़ गाइड नामक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का संचालन करते हैं और वे आई आईटी कानपुर के पूर्व छात्र भी हैं। उनके पेज पर छत्तीसगढ़ गाइड के माध्यम से प्रदेश की कला संस्कृति को प्रचारित किया जाता है। प्रदीप साहू ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस, खेल एवं सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। आयोजकों द्वारा नागरिकों से प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है।

इतिहास का सबसे क्रूर युद्ध: जब वियतनाम ने अमेरिका को धूल चटाई

नई दिल्ली/ए.। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध को लेकर 20 मिनट के भाषण में ऐतिहासिक वियतनाम युद्ध का भी जिक्र किया. आज करीब 5 दशक बाद अमेरिका यह स्वीकार करता है कि वियतनाम में अमेरिका ने 20 साल तक जंग छेड़ रखी थी. वियतनाम युद्ध अमेरिका की सबसे क्रूर, जघन्य और हिंसक कार्रवाईयों में से एक माना जाता है. दो दशक तक चले इस युद्ध में लगभग 58,220 अमेरिकी अपनी जान गंवा बैठे. 11 लाख उत्तरी वियतनामी और लगभग 2 लाख दक्षिणी वियतनामी सैनिक मारे गए थे। वहीं दोनों पक्षों में 20 लाख से अधिक नागरिक की जान गई थी। ट्रंप ने जिस वियतनाम युद्ध का जिक्र किया, उसमें अमेरिका की इंट्री क्यों और कैसे हुई, ये समझना बहुत जरूरी है. क्योंकि, अमेरिका के प्रवेश से पहले इस क्षेत्र में कई दशकों से संघर्ष जारी था. वियतनाम पहले फ्रांस का उपनिवेश था. तब इसे फ्रांसीसी इंडोचीन कहा जाता था. वियतनाम के एक राष्ट्रवादी हो ची मिन्ह ने देश की स्वतंत्रता के लिए आंदोलन शुरू किया. उस दौरान 1940 में नाजी जर्मनी ने फ्रांस पर नियंत्रण कर लिया. तभी दूसरे विश्वयुद्ध में जर्मनी के दोस्त जापान ने इधर इंडोचीन पर हमला किया और इस तरह जापान का वियतनाम पर कब्जा हो गया। 1941 हो ची मिन्ह और उनके कम्युनिस्ट सहयोगियों ने वियतनाम की स्वतंत्रता के लिए वियत मिन्ह नाम से लीग बनाया और जापान और फ्रांसीसी कब्जे से आजादी के लिए लड़ाई शुरू कर दी। दूसरे युद्ध में जब-जब जिन पक्षों का पलड़ा भारी हुआ, वियतनाम में उनका प्रभाव बढ़ता रहा।

न्यूज गैलरी

भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा चुनाव आयोगः अखिलेश

लखनऊ/ए.। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम सहित जिन राज्यों में चुनाव चल रहा है वहां पर चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है। बंगाल में आयोग ने डीजीपी सहित बड़े अधिकारियों को हटा दिया गया है। इतने अधिकारियों को यूपी में 2022 चुनाव में नहीं हटाया गया था। हम लोगों ने यूपी के उपचुनाव में देखा है कि जिन अधिकारियों ने गड़बड़ी की थी उन पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। न चुनाव आयोग ने की और न ही सरकार ने। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बंगाल और असम के चुनाव पूरे होने के बाद भाजपा के लोग यूपी आ जाएंगे लेकिन यूपी में इस बार पीडीए की सरकार बनेगी। भाजपा के लोगों ने अच्छे दिन लाने का वादा किया था। हम कहते हैं कि यूपी से भाजपा की सरकार जाते ही बुरे दिन खत्म हो जाएंगे। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसे अधिकारी पीडीए की सरकार बनाने के लिए काम करने वाले हैं।

ईंधन की उपलब्धता पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और ईंधन की उपलब्धता को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस आमने-सामने आ गईं। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्ष में कैबिनेट सुरक्षा समिति की बैठक हुई थी, जिसमें जरूरी सामानों की आपूर्ति पर इस संकट के असर की समीक्षा की गई थी। पीएम मोदी ने कहा, पश्चिम एशिया में जारी जंग के असर से भारतीय नागरिकों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अफवाहों और गलत जानकारी को रोकना और सही जानकारी लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, यह बैठक इस बात की समीक्षा के लिए हुई कि मंत्रालयों व विभागों ने पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अब तक क्या कदम उठाए हैं और आगे क्या किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर यह सीसीएस की दूसरी बैठक थी। पहली बैठक 22 मार्च को हुई थी।

सीएम स्टालिन ने बीजेपी संग गठबंधन पर एआईएडीएमके को घेरा

चेन्नई। तमिलनाडु के करूर में मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने एआईएडीएमके प्रमुख पलानीस्वामी पर पलटवार करते हुए कहा कि डीएमके ने केवल अटल बिहारी वाजपेयी के समय भाजपा के साथ गठबंधन किया था, लेकिन कभी अपनी पार्टी को कमजोर नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पलानीस्वामी ने एआईएडीएमके को भाजपा के सामने झुका दिया है और राज्य के हितों से समझौता किया है। स्टालिन ने कहा कि डीएमके ने हमेशा आत्मसम्मान के साथ काम किया और राज्य के विकास को प्राथमिकता दी। वहीं उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह तमिलनाडु के साथ भेदभाव कर रही है। इससे पहले स्टालिन ने पलानीस्वामी को 'संघी' कहकर भी हमला बोला था, जिस पर सियासत गरमा गई। पलानीस्वामी ने इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चेतावनी दी कि अगर एआईएडीएमके कार्यकर्ता जवाब देना शुरू करेंगे, तो डीएमके इसे सह नहीं पाएगी। इस बीच स्टालिन ने जनता से अपील की कि 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में एआईएडीएमके और भाजपा को सबक सिखाया जाए और तमिलनाडु के हितों की रक्षा की जाए।

दीदी के गढ़ में शाह ने भरी हुंकार

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बदलाव जरूर आएगा। लेकिन क्या आप भवानीपुर में बदलाव चाहते हैं या नहीं? मैं यहां हमारे उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी के लिए आपके वोट मांगने आया हूं। शाह ने पश्चिम बंगाल चुनावों से पहले भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में एक रोड शो किया है। यहां से भाजपा के सुवेंदु अधिकारी चुनाव लड़ रहे हैं। चुनावी रैली में अमित शाह ने कहा, 'इस बार किसी को डरने की जरूरत नहीं है; बंगाल के वोटरों को कोई गुंडा नहीं रोक सकता। भ्रष्ट को जड़ से उखाड़ फेंकने और उसे बंगाल की खाड़ी में बहा देने के लिए हर किसी को बिना किसी डर के वोट डालना चाहिए।'

सीएम ममता को गढ़ में हराना है

पूरा बंगाल ममता बनर्जी की विदाई करने के लिए तैयार है। सुवेंदु दा नंदीग्राम से लड़ना चाहते हैं। मैंने सुवेंदु दा से कहा था कि केवल नंदीग्राम ही नहीं बल्कि ममता बनर्जी के घर में जाकर उन्हें हराना है। ममता बनर्जी बंगाल में सरकार तो बना पाई थीं लेकिन ममता बनर्जी नंदीग्राम में सुवेंदु दा के सामने चुनाव हार गई थीं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी बाद में भवानीपुर में प्रचार करने की संभावना है। शाह आधी रात के कुछ देर बाद कोलकाता पहुंचे थे।

15 दिन बंगाल में रहूंगा, ममता को बाय-बाय टाटा कर दो

अमित शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव में मैं 15 दिन यहीं रहने वाला हूं, मैं आज यहां अपने चार प्रत्याशियों के नामांकन के लिए आया हूं। ममता बनर्जी को बाय-बाय टाटा कर दो, यही जनता यहां चाह रही है। उन्होंने कहा कि जनता यहां तृणमूल के गुंडई से त्रस्त है, यहां के युवा बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की मार से त्रस्त हैं। बंगाल की जनता परिवर्तन चाहती है और मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बननी चाहिए। ममता पूरे बंगाल और भवानीपुर में भी हारेंगी। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और भ्रष्ट का किसी संस्था के लिए, किसी संवैधानिक संस्था के लिए सम्मान नहीं है। ज्यूडिशियल ऑफिशिल पर आरोप लगा देना निराधार है, ये शर्मानाक है। इस बार भय मुक्त होकर वोट देना है और किसी की औकात नहीं है कि वोटर को रोक दे। इस बार फिर सिर्फ हराना नहीं है, बल्कि तृणमूल को यहां से उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी में फेंकना है। आज बंगाल की पूरी जनता, जो टोलाबाजी से त्रस्त है, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गुंडई से त्रस्त है, महिलाओं की असुरक्षा के त्रस्त है, बिना रोकटोक घुसपैठ करके बंगाल की जनसांख्यिकी बदल रही है, इससे त्रस्त हैं। आए दिन बम धमाके हो रहे हैं, गोलीबारी हो रही है।

शाह की मौजूदगी में शुभेंदु का नामांकन

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम सियासी दलों की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भवानीपुर विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। अमित शाह ने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में शुभेंदु अधिकारी के साथ उनके रोड शो में भी हिस्सा लिया। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी के साथ मिलकर अमित शाह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राजनीतिक गढ़ में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।

राहुल बोले- सत्ता में आए तो रद्द होगा सीएपीएफ कानून

नई दिल्ली/वार्ता। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि अगर आगामी आम चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आती है, तो सीएपीएफ विधेयक 2026 को रद्द कर दिया जाएगा। राहुल गांधी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक से मुलाकात का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि अजय मलिक ने नक्सली मुठभेड़ के दौरान आईईडी धमाके में अपना एक पैर खो दिया था देश की रक्षा में सब कुछ दांव पर लगा दिया। राहुल गांधी ने कहा, ''15 साल से अधिक की निष्ठापूर्ण सेवा के बावजूद - प्रमोशन नहीं, अपनी ही फोर्स को लीड करने का अधिकार नहीं। क्योंकि सभी शीर्ष पद आईपीएस अफसरों के लिए आरक्षित हैं। यह सिर्फ एक अफसर की पीड़ा नहीं - यह लाखों सीएपीएफ जवानों के साथ हो रहा संस्थागत अन्याय है।'' उन्होंने आगे कहा, ''ये जवान सीमाओं पर तैनात रहते हैं। आतंक और नक्सलवाद से लोहा लेते हैं, लोकतंत्र के उत्सव चुनावों को सुरक्षित बनाते हैं। लेकिन जब इनके अधिकार और सम्मान की बात आती है, तो व्यवस्था मुंह फेर लेती है।'' लोकसभा में नेता विपक्ष ने कहा, ''खुद सीएपीएफ के जवान इस भेदभाव के विरुद्ध हैं।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट रही सरकार: राहुल

सीएपीएफ विधेयक पर कांग्रेस सांसद ने कहा, ''आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत में किसी भी अर्धसैनिक बल का नेतृत्व ऐसे अधिकारी ने नहीं किया है जो अपने ही अर्धसैनिक बलों में निचले पदों से ऊपर उठा हो। ऐसा कोई अर्धसैनिक बल नहीं है जिसका नेतृत्व बल के भीतर से उभरा हो। शीर्ष नेतृत्व अर्धसैनिक बलों पर थोपा जाता है। यह पूरी तरह गलत है। हमने इसका विरोध किया है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसका विरोध किया है।''

किसी भी हालात का सामना करने को तैयार भारत : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

तिरुवनंतपुरम/ए.। केरल विधासभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राज्य में प्रचार की कमान संभाली। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में ईंधन या गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तैयार है।

केरल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना हमारे टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के हितों की रक्षा के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का इस्तेमाल कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, "आज हम सभी बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। पश्चिम एशिया में बहुत बड़ा संघर्ष चल रहा है। केरल के बहुत सारे लोग इन देशों में रहते हैं और काम करते हैं, लेकिन हमें किसी भी प्रकार की चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि हम अपने भारतीय नागरिकों की रक्षा और सुरक्षा के लिए कोई भी कदम उठाने में पीछे नहीं रहेंगे। इसके लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं।" उन्होंने आगे कहा, ÷कुछ लोग पश्चिम एशिया के इस संघर्ष के कारण झूठ फैलाकर तनाव फैलाना चाहते हैं। न तो देश में पेट्रोल-डीजल की कमी है, न तो गैस की कमी है और भारत किसी भी संकट से निपटने के लिए तैयार है। हमारी नौसेना स्टेट ऑफ होर्मुज से भारतीय टैंकरों को सुरक्षित तरीके से निकाल रही है, जबकि विपक्ष इस संकट के समय देश के साथ खड़े होने के बजाय निम्न स्तर की राजनीति कर रहा है।" उन्होंने कहा, "जब कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए सरकार का शासन था तो कैसे हालात थे याद कीजिए। आए दिन कोई न कोई घटना होती थी। जब से केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार आई है, आतंकवादी घटनाओं पर न केवल लगाम लगी है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ हमने निर्णायक कदम भी उठाए हैं।

देश में आतंकी घटनाओं पर लगी लगाम

रक्षा मंत्री ने कहा, "मैंने देश के गृह मंत्री के रूप में भी काम किया है और आज मैं रक्षा मंत्री के रूप में देश को अपनी सेवा दे रहा हूं। पिछले 11 वर्षों में चाहें वो आंतरिक सुरक्षा की बात रही हो या चाहें बाहर के दुश्मनों से सुरक्षा की बात रही हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को ताकत दी है। ये बदलाव पूरी दुनिया को हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखने को मिला है।"

भारत के रक्षा और वित्तीय ढांचे पर साइबर हमलों की योजना बना रहा पाकिस्तान

नई दिल्ली/ए.। खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत के महत्वपूर्ण रक्षा और वित्तीय ढांचे को निशाना बनाने के लिए बहुस्तरीय साइबर हमलों की योजना बना रही है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में आईएसआई अधिकारियों ने कई बैठकें कर इन हमलों की रणनीति तैयार की है, जिनका उद्देश्य भारत के अहम संस्थानों को ठप करना और संवेदनशील जानकारी हासिल करना है। अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान साइबर फोर्स को सक्रिय किया गया है। साथ ही विभिन्न हैकर समूहों को भी सक्रिय किया गया है, जिससे हाल के दिनों में गतिविधियों में तेजी देखी गई है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के 2025 के आकलन में भी 2026 में पाकिस्तान से जुड़े साइबर हमलों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया था। सूत्रों के अनुसार, आईएसआई साइबर समूह HOAX1337 और नेशनल साइबर क्रू जैसे समूहों का इस्तेमाल कर भारतीय परिसंपत्तियों को निशाना बनाने की योजना बना रही है। इन समूहों का पहले भी इस्तेमाल किया जा चुका है। खासतौर पर रक्षा क्षेत्र को प्राथमिक लक्ष्य बनाया गया है, जहां सिस्टम को बाधित करने के साथ-साथ गोपनीय सूचनाएं चुराने की कोशिश की जाएगी। खुफिया एजेंसियों ने यह भी बताया कि आईएसआई का जासूसी नेटवर्क भारत में सक्रिय है, जो रक्षा क्षेत्र के अलावा रेलवे स्टेशनों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटा रहा है।

अफवाहों से माहौल बिगाड़ने की कोशिश

अधिकारियों के अनुसार, यह साजिश दोहरे तरीके से संचालित होगी। एक तरफसाइबर हमलों के जरिए रक्षा ढांचे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश होगी। वहीं, दूसरी ओर दुष्प्रचार अभियान चलाकर भ्रम फैलाया जाएगा। चुनावी माहौल को देखते हुए ऐसे अभियानों में तेजी आने की आशंका जताई गई है।

गैलेक्सी A57 5G और A37 5G नए 'ऑसम इंटेलिजेंस' AI फीचर्स के साथ भारत में लॉन्च

गुरुग्राम/ए.। सैमसंग ने अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी A57 5त्र और गैलेक्सी A37 5G को भारत में लॉन्च कर दिया है। ये डिवाइस यूज़र्स को बेहतरीन AI अनुभव, वॉइस और ट्रांसलेशन क्षमताएं और एडवांस फोटोग्राफी फीचर्स प्रदान करते हैं। ये फोन 'ऑन-डिवाइस प्रोसेसिंग को प्राथमिकता देते हैं, जिससे स्पीड, सुरक्षा और एफिशिएंसी में सुधार होता है। गैलेक्सी A57 5G और AA37 5G में AI का सबसे नया और खास फीचर 'डायरेक्ट वॉइसमेल' है। अगर आप कॉल नहीं उठा पाते, तो यह सुविधा कॉलर को मैसेज छोड़ने का विकल्प देती है, और खास बात यह है कि वह मैसेज आपको बिल्कुल कॉलर की असली आवाज़ में सुनाई देता है।

AI इसे तुरंत टेक्स्ट में बदल देता है और फोन में सुरक्षित सेव कर लेता है, यानी इसके लिए आपको नेटवर्क ऑपरेटर पर निर्भर रहने की ज़रूरत नहीं है। इसके साथ ही, नया एन्हांस्ड ट्रांसलेशन और ट्रांसक्रिप्शन फीचर भारत में अंग्रेज़ी, हिंदी और गुजराती भाषाओं को सपोर्ट करता है। यह आपकी आवाज़ को टेक्स्ट में बदल देता है और तुरंत उसका अनुवाद कर देता है, ताकि यूज़र्स उसे अपनी भाषा में पढ़ सकें। शोर-शराबे वाली जगह पर भी साफ़ बात करने के लिए इसमें 'कॉल कैप्शन्स ' फीचर दिया गया है, जो रियल- टाइम में कॉल का टेक्स्ट स्क्रीन पर दिखाता है–यानी आप एक साथ सुन और पढ़ भी सकते हैं। वहीं, वॉइस फोकस फीचर आसपास के शोर को खत्म कर देता है, जिससे ट्रैफिक, एयरपोर्ट, मार्केट या मेट्रो जैसी भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी कॉल एकदम साफ़सुनाई देती है। सैमसंग के AI को सभी के लिए सुलभ बनाने' के वादे के तहत, इन दोनों फोंस में ऑसम इंटेलिजेंस को हर स्तर पर जोड़ा गया है। इसके केंद्र में मल्टी-असिस्टेंट इकोसिस्टम है, जो One I 8.5 के साथ बिक्सबाय, जेमिनी और परप्लैक्सिटी को सपोर्ट करता है।

दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच ने पलटी बाजी, मास्टरस्ट्रोक से दिलाई जीत

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 के चौथे मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला हुआ। यह मैच एक उदाहरण था कि पर्दे के पीछे की रणनीति मैच पर किस तरह से असर डालती हैं और मैच के परिणाम पर उनका कितना गहरा प्रभाव पड़ता है। सिर्फ मैदान पर लिए गए फैसले ही मायने नहीं रखते। लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में जो हुआ, वह यह था कि जीत के लिए 142 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की टीम पलक झपकते ही 26 रन पर 4 विकेट खो बैठी और शर्मनाक हार का संकट मंडराने लगा था। तभी दिल्ली के कोच हेमांग बदानी ने अपनी सूझ बूझ से एक ऐसा फैसला लिया जिसने मैच की पूरी बाजी पलटी दी। जब कप्तान अक्षर पटेल 5वें ओवर में आउट होने के बाद पवेलियन लौट रहे थे। तब बदानी ने ड्रेसिंग रूम से दौड़कर आते हुए, बल्लेबाजी के लिए तैयार बैठे डेविड मिलर को रोक दिया। बदानी ने ट्रिस्टन स्टब्स को बल्लेबाजी में ऊपर भेजने का जोखिम भरा फैसला लिया, जो उस समय पैड-अप भी नहीं थे। उन्होंने क्रीज पर दाएं हाथ के बल्लेबाज को मैदान पर उतारने का फैसला किया। स्टब्स क्रीज पर आए। स्टब्स ने समीर रिजवी के साथ मिलकर 119 रन की नाबाद पार्टनरशिप कर मैच का रुख बदल दिया। साथ ही 17 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिलाई। हेमांग बदानी का यह मास्टरस्ट्रोक टीम के लिए 'जीत की कॉल' साबित हुई।

'बजरंग बाण' के साथ अक्षय ने दी भक्ति को नई आवाज

मुंबई/ए.। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अक्षय कुमार ने दर्शकों को एक बेहद खास तोहफा दिया है – 'बजरंग बाण'। यह सिर्फएक और गाने की रिलीज़ नहीं है, बल्कि एक सच्ची भक्ति भावना का प्रतीक है, जहां आस्था और कहानी मिलकर एक ऐसा अनुभव बनाते हैं, जो दिल को छूने वाला और मन को शांत करने वाला है। रसराज जी महाराज की भावपूर्ण और गहरी आवाज़ में प्रस्तुत 'बजरंग बाण' भगवान हनुमान के शाश्वत स्वरूप – शक्ति, सेवा और अटूट विश्वास – से प्रेरित है। गाने का हर हिस्सा एक शांत शक्ति लिए हुए है, जो श्रोताओं को सोच और आत्मचिंतन की एक अलग दुनिया में ले जाता है, साथ ही यह आज के दर्शकों के लिए भी सहज और जुड़ने वाला है। इस प्रस्तुति को और खास बनाता है इसका संतुलित तरीके से किया गया एआई का उपयोग। तकनीक यहां भक्ति की भावना को कम किए बिना, कहानी को और गहराई देने का काम करती है। यह एक समझदारी भरा संतुलन है, जहां नवाचार भक्ति को और मजबूत बनाता है, न कि उससे ध्यान भटकाता है। अक्षय कुमार ने इस गाने को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, जहां विश्वास है, वहां सेतु बनते हैं। शक्ति, सेवा और समर्पण - यही है बजरंग बाण का भाव। #BajrangBaan Out Now. जय श्री राम 7 श्री हनुमते नमः, यह गाना, जिसे अक्षय कुमार ने प्रोड्यूस किया है, एक साधारण भक्ति गीत से कहीं आगे बढ़कर एक ऐसा अनुभव बन जाता है, जो लोगों को रुककर सोचने, विश्वास करने और अपनी आस्था से दोबारा जुड़ने के लिए प्रेरित करता है।

हनुमान जयंती पर राजधानी के मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, जगह-जगह हुआ भंडारा का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। हनुमान जयंती के अवसर पर देश भर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े धुमधाम से मनाया गया। वहीं प्रदेश में अनेक मंदिरों में हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। फोटो-राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में हुए भंडारे का।

न्यूज गैलरी

सांसद संतोष पांडेय ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सौजन्य मुलाकात कर देश के नक्सल मुक्त होने पर बधाई दी। इस दौरान अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद) से मुक्त करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सशक्त रणनीति, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सुरक्षा बलों और जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि आज देश नक्सल मुक्त हो गया। छत्तीसगढ़ सरकार, पुलिस बल और हमारे वीर जवानों का अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति थी।

तेज रफ्तार वाहन चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर, मामा की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। एक बार फिर तेज रफ्तार वाहन के चालक ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार मामा ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि नाबालिग भांजा को गंभीर चोटें आई। उसे इलाज के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने दुर्घटनाकारित वाहन की पतासाजी शुरू कर दी है। दर्री थानांतर्गत श्यामनगर लाटा में प्रदीप कुमार 45 वर्ष परिवार सहित निवास करता था। वह मंगलवार की तड़के करीब 5.30 बजे नाबालिग भांजा प्रत्यांशु नागेशिया के साथ घूमने के लिए दर्री डेम के लिए निकला था। वे एनटीपीसी गेट नंबर 2 के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान किसी वाहन के चालक ने उनकी स्कूटी को चपेट में ले लिया। वाहन की चपेट में आने से स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार प्रदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भांजा प्रत्यांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। हादसे की जानकारी होने पर लोग भारी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। घटना की सूचना पुलिस को देते हुए घायल नाबालिग को इलाज के लिए एनटीपीसी के विभागीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई उपरांत मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित वाहन और चालक की पतासाजी कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि घटना को किसी हाइवा के चालक ने अंजाम दिया होगा।

बुजुर्ग पति-पत्नी की हत्या,मौके पर मिले पैरों के निशान, जांच में जुटी पुलिस

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अपराध को कम करने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। बावजूद इसके ऐसी घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। लगातार अलग अलग जिलों से चाकूबाजी, हत्या जैसे कई अपराधिक घटनाएं सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला जांजगीर चांपा जिले से सामने आया हैं, जहां एक बुजुर्ग दंपति की हत्या कर दी गई है। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के खपरी गांव का है, जहां बुजुर्ग पति-पत्नी की धारदार हथियार से हत्या की गई है। मौके पर बदमाश के पैर के निशान मिले हैं। चोरी-लूट की नीयत से हत्या करने की बात सामने आई है। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई है और ग्रामीणों की भीड़ भी जुटी हुई है। बदमाश, होली का मुखौटा पहनकर पहुंचा था और मौके पर यह मुखौटा भी मिला है। दरअसल, खपरी गांव में बुजुर्ग छतराम साहू, उसकी पत्नी श्याम बाई घर के अंदर सोए थे। देर रात बदमाश घुसा और दोनों की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। दोहरे हत्याकांड के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मौके पर फ्सस्रु की टीम को बुलाई गई है।

पति सुसाइड मामले में पत्नी गिरफ्तार पुलिस के हाथ लगा डिजिटल सबूत

दुर्ग/नवप्रदेश। पति को आत्महत्या करने के लिए प्रताड़ित करने वाली पत्नी सहित तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी पत्नी, उसका भाई एवं मामा को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है. पुलिस ने घटना से संबंधित डिजिटल साक्ष्य मोबाइल को भी जब्त किया है. पुलिस ने बताया कि मृतक विशाल गुप्ता (30 वर्ष) निवासी गया नगर वार्ड क्रमांक 4 दुर्ग द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले की जांच की गई थी. मर्ग जांच के दौरान परिजनों के कथन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल निरीक्षण एवं मेडिकल रिपोर्ट का परीक्षण बारीकी से किया गया. जांच में सामने आया था कि मृतक द्वारा 11 मार्च 2026 को आत्महत्या करने से पूर्व अपने मोबाइल फोन में एक वीडियो रिकॉर्ड किया गया था जिसमें उसने अपनी पत्नी एवं उसके परिजनों द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ना देने का उल्लेख किया था.

रायपुर-दिल्ली रूट पर 1000 रुपए तक बढ़ोतरी

एटीएफ महंगा होने से हवाई यात्रियों की जेब होगी खाली

नए नियम से ऐसे बढ़ा किराया

इन रूट्स पर बढ़ा	किराया	(अनुमानित)
रायपुर - दिल्ली	7500	8500 रुपए
रायपुर - भोपाल	9500	10500 रुपए
रायपुर - जयपुर	10000	12000 रुपए
रायपुर - बेंगलुरु	7500	8500 रुपए
रायपुर - मुंबई	6500-7000	7500-8000 रुपए

(किराए अनुमानित हैं और एयरलाइंस व बुकिंग समय के अनुसार बदल सकते हैं)

रायपुर/नवप्रदेश। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अब हवाई यात्रियों की जेब पर साफ दिखने लगा है। गुरुवार से रायपुर से दिल्ली सहित अन्य शहरों के लिए हवाई सफर 1000 से 2000 रुपए तक महंगा हो गया है। कुछ एयरलाइंस ने 2 अप्रैल की रात 12 बजे से नई दरें लागू कर दी हैं।

गर्मी के सीजन में जब बड़ी संख्या में लोग घूमने या निजी कार्यों के लिए यात्रा की योजना बनाते हैं, ऐसे समय किराए में यह बढ़ोतरी यात्रियों के बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती है। जानकारों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किराए में भी 10 हजार रुपए तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

वैश्विक हालात का असर

विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल कीमतों में उछाल, खासकर ईरान से जुड़े तनाव और अमेरिका व इजराइल के साथ भू-राजनीतिक परिस्थितियों का असर ईंधन कीमतों पर पड़ा है। हाल ही में प्रीमियम पेट्रोल के साथ-साथ एटीएफके दाम भी बढ़ाए गए हैं, जिससे एयरलाइंस का संचालन खर्च बढ़ गया है। एक ट्रेवल्स संचालक के अनुसार घरेलू उड़ानों में औसतन 1000 रुपए और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में करीब 10 हजार रुपए तक किराया बढ़ा है।

एलटीटी-सांतरागाछी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 16 जुलाई तक

रायपुर/नवप्रदेश। गर्मी में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से सांतरागाछी के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 21 अप्रैल से 16 जुलाई तक कुल 13 फेरों के लिए चलेगी। इससे रायपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों के यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 01001 एलटीटी-सांतरागाछी समर स्पेशल 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक हर मंगलवार रात 8.15 बजे एलटीटी से रवाना होगी। यह ट्रेन नागपुर, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर होते हुए गुरुवार सुबह 5 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 01002 सांतरागाछी-एलटीटी समर स्पेशल 23 अप्रैल से 16 जुलाई तक हर गुरुवार दोपहर 3.50 बजे सांतरागाछी से चलेगी और शुक्रवार रात 11.45 बजे एलटीटी पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, अकोला, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर और खड़गपुर स्टेशनों पर होगा।

प्रदेश में प्रवासित परिवारों के लिए पुर्नवास के लिए बनेगी कार्ययोजना

अपर मुख्य सचिव गृह की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के ऐसे विस्थापित परिवार जो किन्ही कारणों बस्तर संभाग के सीमावर्ती तेलंगाना एवं आन्ध्रप्रदेश में प्रवासित है, ऐसे परिवारों के पुनर्वास की कार्ययोजना बनायी जा रही है। मंत्रालय महानदी भवन में आज अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में पुनर्वास हेतु गठित राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में बताया गया कि जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के लोग तेलंगाना एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य में प्रवासित हो गए है। इसके लिए प्रवासित परिवारों की ओर से राष्ट्रीय जनजातीय आयोग में याचिका दायर किया गया है। इसके तहत माननीय आयोग द्वारा एक माह के भीतर सर्वे कर प्रवासित परिवारों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में बस्तर संभाग के संभागायुक्त द्वारा एक समयबद्ध कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दंतेवाड़ा, सुकमा एवं जिला बीजापुर को प्रवासित परिवारों के सर्वे किया जाकर 15 दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सर्वे अनुसार जिला दंतेवाड़ा से तेलंगाना प्रदेश के 60 ग्राम में 618 परिवार के 2654 व्यक्ति एवं जिला सुकमा से तेलंगाना प्रदेश के 293 ग्राम में 2733 परिवार के 12026 व्यक्ति तथा जिला बीजापुर से तेलंगाना प्रदेश के 114 ग्राम में 994 परिवार के 5029 व्यक्ति प्रवासित है। इस तरह छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त तीनो जिला से तेलंगाना राज्य के 467 ग्राम में 4345 परिवार के 19709 व्यक्ति प्रवासित है।

इसी तरह जिला दंतेवाड़ा से आंध्रप्रदेश के 25 ग्राम में 125 परिवार के 568 व्यक्ति एवं जिला सुकमा से आंध्रप्रदेश के 155 ग्राम में 2462 परिवार के 10787 व्यक्ति तथा जिला बीजापुर से आंध्रप्रदेश के 04 ग्राम में 07 परिवार के 34 व्यक्ति प्रवासित है। इस तरह से छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त तीनो जिला से आंध्रप्रदेश राज्य के 184 ग्राम में 2594 परिवार के 11389 व्यक्ति प्रवासित है।

अनुराग कपिल ने एनएमडीसी में निदेशक के रूप में संभाला पदभार

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1998 बैच के अधिकारी अनुराग कपिल ने भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड में मंगलवार को निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार ग्रहण किया । भारतीय रेलवे और सीपीएसयू में 26 वर्षों से अधिक के करियर के साथ, कपिल वित्तीय प्रबंधन और सार्वजनिक क्षेत्र के अभिशासन में परिचालन विशेषज्ञता तथा रणनीतिक विजन का अनुभव रखते हैं। उन्होंने भारतीय रेलवे में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, एफए एंड सीएओ (ट्राफिक), एफए एंड सीएओ (वित्त एवं जनरल) तथा उप मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित प्रमुख पदों पर कार्य किया है। उन्होंने कोयला मंत्रालय में निदेशक के रूप में भी कार्य किया तथा कार्य के दौरान मंत्रालय में महत्वपूर्ण नीति और क्षेत्रीय कार्यों का भी सुव्यवस्थित रूप से संचालन किया है। एनएमडीसी में कार्यग्रहण से पूर्व, वे रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक, वित्त (व्यय) के रूप में कार्यरत थे, जहां उन्होंने भारतीय रेलवे के लिए वित्तीय नीति मामलों, व्यय प्रबंधन, योजना, परियोजना निगरानी तथा उत्पादकता विश्लेषण का दायित्व भी निभाया था।

आपत्तिजनक पोस्ट एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर संत कबीर साहेब के खिलाफ आपत्तिजनक और अश्लील पोस्ट डाले जाने पर कबीरपंथ समाज ने कड़ी आपत्ति जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कबीरपंथ समाज रायपुर के सचिव छोटू साहू ने गुढ़ियारी थाने में शिकायत की। उन्होंने बताया कि एक इंस्टाग्राम आईडी से संत कबीर साहेब के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा में पोस्ट और रील अपलोड की गई है। इनमें अश्लील शब्दों का इस्तेमाल कर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई गई है। फिलहाल सिविल लाइन पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान की जा रही है।

नशे में गाड़ी चलाने वालों पर सख्ती बढ़ेगी, दूसरी बार पकड़े गए तो जेल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ट्रैफिक पुलिस अब नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। बीते तीन महीनों में 1580 लोगों को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया है, जो पूरे साल 2025 में हुई 1537 कार्रवाइयों से भी अधिक है। लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस अब ऐसे चालकों को जेल भेजने की दिशा में कदम उठा रही है।

मोटर यान अधिनियम धारा 185 के तहत पहली बार नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर 6 महीने तक की कैद और/या 10 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। वहीं, तीन साल के भीतर दूसरी बार पकड़े जाने पर 1 साल तक की कैद और/या 15 हजार रुपए जुर्माना लगाया जा सकता है। पुलिस अब विशेष रूप से दूसरी बार पकड़े गए चालकों के खिलाफ जेल की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय से आग्रह करेगी।

शहर में लागू आईटीएमएस कैमरा सिस्टम और लगातार रात में हो रही चेकिंग का असर सड़कों पर नजर आने लगा है। जनवरी से मार्च के बीच सड़क हादसों और मौतों में कमी दर्ज की गई है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला पहले ही संकेत दे चुके हैं कि नशे में वाहन चलाने से हादसे या मौत होने पर गैर इरादतन हत्या का मामला भी दर्ज किया जा सकता है।

महिला की हत्या आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला के एक सरकारी स्कूल परिसर में मंगलवार शाम हुई महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतका राधा पट्टी (32) मूल रूप से अनूपपुर की रहने वाली थी और पिछले कुछ महीनों से उरला में किराए के मकान में रह रही थी। उसके पति दशरथ पट्टी की पहले ही मौत हो चुकी है। महिला के दो बच्चे हैं। वह अमित सिसोदिया पारधी नामक व्यक्ति के साथ रह रही थी। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। सोमवार रात भी किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद महिला घर से निकल गई। आरोपी उसके पीछे गया और उसे स्कूल परिसर के पीछे ले गया।

ग्रीन ट्री प्रोजेक्ट: 20 लाख खर्च के बाद भी नहीं मिल सकी पेड़ों की पूरी जानकारी

अब शहर के सभी पेड़ों का सर्वे कर बनेगी यूनिक आईडी

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर द्वारा शहर में पेड़ों की गिनती और उनकी प्रजातियों की पहचान के लिए शुरू किया गया 'ग्रीन ट्री प्रोजेक्ट' अब अधर में लटक गया है। करीब 20 से 22 लाख रुपए खर्च कर तैयार की गई योजना और मोबाइल एप्लीकेशन के बावजूद आज तक यह पता नहीं चल पाया कि शहर में कुल कितने पेड़ हैं और उनकी किस्में क्या हैं।

इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के सभी पेड़ों का विस्तृत सर्वे कर उन्हें यूनिक आईडी देने की योजना बनाई गई थी। प्रत्येक पेड़ की उम्र, ऊंचाई, मोटाई और प्रजाति की जानकारी एप में अपडेट की जानी थी, ताकि भविष्य में एक क्लिक पर पूरी जानकारी उपलब्ध हो सके। लेकिन यह योजना कागजों से आगे नहीं बढ़ सकी।

पहले चरण में 10 हजार पेड़ों की गिनती, पर अधूरा डेटा: पड़ताल में सामने आया है कि शुरुआती चरण में करीब 10 हजार पेड़ों की गिनती तो की गई, लेकिन उनके विस्तृत आंकड़े जैसे उम्र, ऊंचाई, मोटाई और प्रजाति अब तक दर्ज नहीं किए गए। इससे पूरा डेटा बेस अधूरा रह गया और प्रोजेक्ट का उद्देश्य ही अधूरा रह गया।

एप्लीकेशन भी हो गया बेकार: पेड़ों की गणना के लिए विशेष मोबाइल एप भी तैयार किया गया था, लेकिन समय के साथ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बदलने के कारण योजना पर काम बंद हो गया। वर्तमान में यह एप्लीकेशन भी काम नहीं कर रहा है। जबकि इसके जरिए शहर के वानिकी अनुपात और हरित घनत्व का आकलन कर आगे की योजना बनाई जानी थी।

नक्शे पर दर्ज होना था हर पेड़: इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य शहर के नक्शे पर हर पेड़ की सटीक लोकेशन और जानकारी दर्ज करना था, जिससे वृक्षों का रूट चार्ट और प्लांटेशन प्लान तैयार किया जा सके। लेकिन तकनीकी खामियों और योजना के ठप पड़ने से यह लक्ष्य भी पूरा नहीं हो सका। इस मामले में नगर निगम के उद्यानिकी प्रभारी भोलाराम साहू ने कहा कि वे प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर ही कुछ स्पष्ट कह पाएंगे। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे इस योजना को दोबारा शुरू करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com